

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 51 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 30 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



जीडीपी ग्रोथ रेट पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती और स्पष्टता के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है।

***अमेरिकी टैरिफ के दबाव के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है***

मुख्यमंत्री योगी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ लगातार सुधारों, स्थिर शासन और विकास-केंद्रित दृष्टिकोण की सफलता को दर्शाती है। नया भारत आत्मविश्वास के साथ, महत्वाकांक्षी और दीर्घकालिक विकास के स्पष्ट रोडमैप को लेकर आगे बढ़ रहा है।" अमेरिकी टैरिफ के दबाव के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। इस पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

जीडीपी ग्रोथ रेट यह संदेश देती है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को प्रगति करने से नहीं रोक सकती

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीडीपी ग्रोथ रेट यह संदेश देती है कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को प्रगति करने से नहीं रोक सकती। भारत सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है और निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि देश सु-रक्षित दिखाई दे रहा है और दुनिया भी इस बात को मान रही है। भारत के खिलाफ साजिश करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।

*भारत ने जीडीपी में बड़ी छलांग लगाई है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संभव हुआ है*

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भारत ने जीडीपी में बड़ी छलांग लगाई है और यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर सेक्टर में तेजी से काम हुआ है। कृषि विज्ञान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक, भारत दुनिया के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ रहा है।

2014 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था. जो अब चौथे स्थान पर है और जल्द ही हम तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे

उन्होंने कहा, "जीडीपी की ग्रोथ यह एहसास कराती है कि भारत आर्थिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। 2014 में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान पर था, जो अब चौथे स्थान पर है और जल्द ही हम तीसरे स्थान पर पहुंचेंगे।"(इनपुटः आईएएनएस)

# दिल्ली ब्लास्ट केस: पुलिस ने निजी अस्पतालों से मांगी विदेश से पढ़कर आए डॉक्टरों की जानकारी

समाज जागरण

दिल्ली ब्लास्ट मामले में जांच तेज हो गई है। दिल्ली पुलिस ने शहर के सभी निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर उन डॉक्टरों की जानकारी मांगी है, जिन्होंने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है और वर्तमान में दिल्ली में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

**पुलिस ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई और चीन से पढ़े डॉक्टरों की जानकारी अस्पतालों से मांगी**



पुलिस ने खासतौर पर पाकिस्तान, बांग्लादेश, यूएई और चीन से एमबीबीएस करने वाले डॉक्टर्स के बारे में जानकारी मांगी है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया है। इसके तहत अस्पताल प्रशासन को अपने यहां काम कर रहे विदेश से प्रशिक्षित डॉक्टरों की डिटेल पुलिस को उपलब्ध करानी होगी।

**दिल्ली ब्लास्ट केस में शोएब को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर एनआईए ने 10 दिन की रिमांड पाटियाला हाउस कोर्ट से मंजूर करवाई**

इससे पहले 26 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट मामले में एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) ने आरोपी शोयब को 10 दिन की रिमांड पर लिया है। शोएब को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। उसे पाटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां एनआईए रिमांड को मंजूरी मिली।

**दिल्ली ब्लास्ट केस में आमिर राशिद अली की एनआईए कस्टडी 7 दिन बढ़ाई, शोएब ने विस्फोट में मदद की**

दिल्ली ब्लास्ट मामले में एक और आरोपी आमिर राशिद अली, जिसकी एनआईए कस्टडी उसी दिन समाप्त हो रही थी, उसे भी कोर्ट में पेश किया गया और उसकी कस्टडी को 7 दिन और बढ़ा दिया गया। एनआईए के मुताबिक, शोएब ने डॉ. उमर मोहम्मद (जिसे उमर उन नबी के नाम से भी जाना जाता है) को बम विस्फोट से ठीक पहले आश्रय दिया था। इसके अलावा उसने विस्फोट की साजिश को अंजाम देने में जरूरी लॉजिस्टिक सपोर्ट भी प्रदान किया।

**एजेंसी ने बताया कि वह सुसाइड बॉम्बिंग से जुड़े सभी संभावित सबूतों और संदिग्धों का पता लगाने के लिए कई राज्यों में छापेमारी कर रही है**

यह कार बम ब्लास्ट 10 नवंबर को लाल किले के पास हुआ था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। शोएब इस मामले में गिरफ्तार किया गया सातवां आरोपी है। इससे पहले, एनआईए ने उमर के छह करीबी सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने बताया कि वह सुसाइड बॉम्बिंग से जुड़े सभी संभावित सबूतों और संदिग्धों का पता लगाने के लिए कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। एनआईए का उद्देश्य है कि इस हमले के पीछे कार्यरत पूरे आतंक नेटवर्क के सभी सदस्य पकड़े जाएं।(इनपुट-आईएएनएस)

## एविएशन चेतावनी: एयरबस A320 बेड़े में संभावित जोखिम, भारत के 250 विमान दायरे में

एयरबस की ओर से ए320 एयरक्राफ्ट को लेकर सॉफ्टवेयर अपडेट की घोषणा पर एविएशन एक्सपर्ट्स ने शनिवार को कहा कि इस एयर क्राइसिस का प्रभाव पर्यटन और व्यापार पर भी पड़ सकता है।

*नए मॉडल में सॉफ्टवेयर अपडेट को लेकर केवल 2 से 3 घंटों तक का ही समय लगेगा*

एविएशन एक्सपर्ट सुभाष गोयल ने बताया कि "पूरी दुनिया में 6000 से अधिक एयरबस ए 320 एयरक्राफ्ट हैं, जो प्रभावित हो रहे हैं। भारत में केवल 250 के करीब एयरबस ए320 एयरक्राफ्ट प्रभावित होंगे। नए मॉडल में सॉफ्टवेयर अपडेट को लेकर केवल 2 से 3 घंटों तक का ही समय लगेगा। लेकिन एयरबस ए 320 एयरक्राफ्ट के पुराने मॉडल में सॉफ्टवेयर अपडेट को लेकर 1 से 2 दिन का समय लगेगा। इस एयर क्रा-इसिस का प्रभाव पर्यटन के अलावा बिजनेस ट्रेड पर भी पड़ेगा।" अतिरिक्त रेडिएशन से कंप्यूटर ओवरहीट होता है; हाई-टेक एयरक्राफ्ट में निर्बाध संचालन हेतु समय पर सॉफ्टवेयर अपडेट करना जरूरी

## 8.2% की जीडीपी ग्रोथ भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार को दशार्ती है: वित्त मंत्री

समाज जागरण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि नवीनतम जीडीपी आंकड़े भारत की मजबूत आर्थिक प्रगति और अर्थव्यवस्था की गति को प्रतिबिंबित करते हैं।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बना हुआ है

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वित्त मंत्री द्वारा की गई पोस्ट में कहा गया, "वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 8.2% की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर के साथ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी बना हुआ है।" इससे वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में विकास दर बढ़कर 8% हो गई है।



वृद्धि निरंतर राजकोषीय समेकन, लक्षित सार्वजनिक निवेश और विभिन्न सुधारों के कारण संभव हुई है

वित्त मंत्री ने आगे लिखा कि यह वृद्धि निरंतर राजकोषीय समेकन, लक्षित सार्वजनिक निवेश और विभिन्न सुधारों के कारण संभव हुई है, जिनसे उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है और व्यापार करने में आसानी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कई हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स भी निरंतर आर्थिक गति और व्यापक उपभोग वृद्धि की ओर संकेत कर रहे हैं।

***आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध***

वित्त मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार इस विकास गति को बनाए रखने और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 8.2% की मजबूत वृद्धि दर हासिल की है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की 5.6% वृद्धि दर से काफी अधिक है।

*तृतीयक क्षेत्र में फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज में 10.2% की वृद्धि*

मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की इस अवधि में नॉमिनल जीडीपी में 8.7% की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि रियल जीडीपी वृद्धि दर के 8% से ऊपर रहने का कारण द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों का मजबूत प्रदर्शन है। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में द्वितीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 8.1% और तृतीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2% रही। इनमें मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 9.1% और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में 7.2% की वृद्धि दर्ज की गई। तृतीयक क्षेत्र में फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज में 10.2% की वृद्धि हुई है।

## क्या आरजेडी से दूरी बढ़ रही ?



नई दिल्ली/पटना. बिहार विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश इकाई को अब सभी 243 सीटों पर संगठन को मजबूत करने और किसी सहयोगी के भरोसे नहीं रहने का एक स्पष्ट, कड़ा और रणनीतिक निर्देश दिया है. सूत्रों के मुताबिक, नेतृत्व ने शनिवार को आरजेडी का नाम लिए बिना साफ कहा है कि कांग्रेस को हर विधानसभा और 40 लोकसभा सीटों पर अपने पैरों पर खड़े होने की तैयारी करनी होगी. गौरतलब है कि अब तक कांग्रेस अक्सर 'आरजेडी के प्रभाव वाले इलाकों' में संगठनात्मक गतिविधियों को सीमित रखती थी, लेकिन पार्टी नेतृत्व ने संकेत दिया है कि यह रणनीति अब समाप्त मानी जाए. पार्टी की ताजा लाइन यह है - ह्यपहले खुद को मजबूत करें, तभी कोई सहयोगी आपको महत्व देगा.'

## आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान पर भड़का ब्राह्मण समाज, बिजुरी में दिया गया ज्ञापन

गौरव द्विवेदी/समाज जागरण

बिजुरी। संतोष वर्मा आईएएस द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले अमर्यादित एवं निंदनीय बयान को किसी भी सभ्यसमाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता है यह केवल एक व्यक्ति का बयान नहीं बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और सामाजिक असीमता पर किया गया सीधा आघात है। संतोष वर्मा के विवादित बयान की विरोध में शनिवार को ब्राह्मण समाज द्वारा ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन देने के पूर्व इस संतोष वर्मा के विरोध में नारे भी लगाए गए और पुतला दहन किया गया ।उसके खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की गई।



# तारीख पे तारीख पर लगेगा ब्रेक! पद संभालते ही CJI सूर्यकांत के 3 बड़े फैसले, 1 दिसंबर से बदल जाएंगे नियम

"नए CJI सूर्यकांत ने कार्यभार संभालते ही सुप्रीम कोर्ट की लिस्टिंग और स्थगन प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है. 1 दिसंबर से सीनियर वकील मेंशनिंग नहीं कर सकेंगे और बेल, अग्रिम जमानत, हैबियस कॉर्पस जैसे लिबर्टी मामलों की स्वतः लिस्टिंग दो दिनों में होगी. अब तारीख पर तारीख आसान नहीं होगा. स्थगन केवल शोक, स्वास्थ्य या बेहद जरूरी वजहों पर ही मिलेगा".

समाज जागरण

नई दिल्ली. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के तौर पर सुप्रीम कोर्ट में कार्यभार संभालते ही उखकसूर्यकांत ने बड़े ऐलान कर दिए हैं. अब कोर्ट में तारीख पर तारीख आसान नहीं होगी. बड़े प्रशासनिक बदलाव लागू करने का ऐलान करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केस लिस्टिंग, जल्द सुनवाई और स्थगन से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को नए सिरे से व्यवस्थित करने की बात कही. 1 दिसंबर से नए नियम लागू हो जाएंगे. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार इन चार सर्कुलरों का सबसे बड़ा असर यह होगा कि सीनियर एडवोकेट अब किसी भी मामले की मौखिक मेंशनिंग नहीं कर सकेंगे और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े सभी जरूरी मामलों की स्वतः लिस्टिंग दो वर्किंग-डे के अंदर होगी और वो भी बिना किसी मेंशनिंग की जरूरत के. अदालत ने यह भी साफ कर दिया है कि तुरंत अंतरिम राहत वाले मुद्दे जैसे बेल, अग्रिम जमानत, हैबियस कॉर्पस, डेथ पेनल्टी, बेदखली या ध्वस्तीकरण रोक बिना देरी सीधे सूचीबद्ध किए जाएंगे.

**अब तारीख पर तारीख नहीं आसान**

सीजेआई सूर्यकांत के कार्यभार संभालने के तुरंत बाद जारी यह सुधार सुप्रीम कोर्ट में अनियंत्रित मौखिक मेंशनिंग को रोकने, सुनवाई की टाइमलाइन को पारदर्शी बनाने और लिबर्टी-संबंधी मामलों को तेजी से निपटाने के लक्ष्य के तहत लागू किए गए हैं. अब एडवोकेट्स को स्लॉट के लिए प्रतिस्पर्धा या कई बार मेंशनिंग का सहारा नहीं लेना पड़ेगा. साथ ही कोर्ट ने स्थगन की प्रक्रिया को एक सख्त और एकसमान ढांचे में ढाल दिया है. अब केवल विरोधी पक्ष की पूर्व-सहमति होने पर ही स्थगन का अनुरोध स्वीकार होगा, वह भी तय समयसीमा के भीतर.



# कैट जबलपुर कार्यकारिणी का गठन

समाज जागरण

कनफेडरेशन का ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जबलपुर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा आज कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, प्रदेश संरक्षक संदेश जैन, एवं जबलपुर संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी एवं प्रदेश मंत्री रोहित खटवानी की अनुशंसा में जबलपुर अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया की अध्यक्षता में कैट जबलपुर कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया,

**कैट का मुख्य उद्देश्य**

कैट जबलपुर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक पर कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर जैसा की स्वदेशी अपनाए, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की गई, इस संस्था का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना है,

कार्यकारिणी बैठक में सभी ने एकजुट होकर जबलपुर के व्यापार को उन्नति की तरफ ले जाने का पर कार्य करने की सहमति दी गई, एवं आने वाले समय पर व्यापार में आ रही चुनौतियों का सामना एकजुट होकर किया जाएगा,

**स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा**

कनफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आत्म निर्भर भारत अभियान के अंतरगत स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का आयोजन दिनांक 6 दिसंबर शनिवार को किया गया है, यह रथ यात्रा जबलपुर के प्रमुख बाजार के सभी व्यापारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से की जा रहे है,

## दितवाह ने श्रीलंका में 153 की ली जान

समाज जागरण

नई दिल्लीः श्रीलंका में भारी तबाही मचाने के बाद चक्रवाती तूफान दितवाह अब भारत के दक्षिण तटीय राज्य तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी की दहलीज पर आ धमका है. श्रीलंका में करीब 153 लोगों की मौत हो चुकी है और 100 से ज्यादा लोग लापता हैं. पड़ोसी मुल्क में इमरजेंसी लगाई जा चुकी है. दिनभर तूफान की बढ़ती रफ्तार और इसके असर को देखते हुए मौसम विभाग (IMD) ने तीन राज्यों के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है, जबकि केरल में भी भारी बारिश की आशंका है. IMD के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने पुष्टि की कि चक्रवात वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में श्रीलंका के पास केंद्रित है और उत्तर-उत्तर-पश्चिम दिशा में तेजी से बढ़ रहा है. शनिवार दोपहर यह जाफना से लगभग 80 किमी, वेदरनियम से 140 किमी और चेन्नई से 380 किमी दूर दर्ज किया गया.

## उज्जैन में सीएम मोहन यादव के बेटे की शादी, बैलगाड़ी से पहुंचे दूल्हा-दुल्हन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव के विवाह की रस्में सादगी और पारंपरिक तरीके से निभाई जा रही हैं. डॉ. अभिमन्यु खरगोन की डॉ. इशिता के साथ आज (रविवार, 30 नवंबर 2025) उज्जैन में सामूहिक विवाह समारोह में विवाह बंधन में बंधेंगे. विवाह से पहले की रस्में जैसे हल्दी, मेहंदी, माता पूजन और मण्डप के आयोजन हो चुके हैं. शनिवार शाम को होटल अथर्व में महिला संगीत का आयोजन किया गया. सीएम परिवार ने इस विवाह को सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया है. इसी क्रम में, शनिवार को दूल्हा बने डॉ. अभिमन्यु और दुल्हन डॉ. इशिता बैलगाड़ी पर सवार होकर सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजन स्थल पर पहुँचे, जो उनके सरल और जमीनी अंदाज को दशार्ता है.

# वैश्विक मंदी के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार

– महेन्द्र तिवारी

भारत की अर्थव्यवस्था आज उस मोड़ पर खड़ी है, जहाँ वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भी लगातार नई




ऊँचाइयाँ हासिल की जा रही हैं। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ सुस्ती और धीमेपन से जूझ रही हैं, पर भारत ने न केवल इन चुनौतियों का सामना किया है, बल्कि उनसे ऊपर उठकर अपनी मजबूती और संभावनाओं का ऐसा परिचय दिया है, जिसने अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और बाजारों को भी प्रभावित किया है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के ताजा आँकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही, पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज। यह उपलब्धि सिर्फ.एक आर्थिक आँकड़ा नहीं, बल्कि उस व्यापक परिवर्तन की कहानी है जो भारत की अर्थव्यवस्था में कई स्तरों पर घटित हो रहा है।

यह वृद्धि ऐसे समय में आई है जब विश्व अर्थव्यवस्था पर मंदी का साया है। अमेरिकी टैरिफ, यूरोप की कमजोर मांग और एशिया में घटती आर्थिक गति ने अधिकांश देशों की वृद्धि को प्रभावित किया है। बावजूद इसके, भारत ने जिस मजबूती से अपनी विकास गति को बनाए रखा है, उसका मूल कारण है देश के भीतर की मांग, जिसका विस्तार पिछले कुछ वर्षों में लगातार हुआ है। निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि घरेलू खपत की उस ऊर्जा को दशार्ती है जो ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में समान रूप से नजर आती है। यह वही खपत है जो विदेशी झटकों का प्रभाव सोख लेती है और अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करती है।

उत्पादन और सेवाओं के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। विनिर्माण का 9.1 प्रतिशत का विस्तार बताता है कि उद्योग जगत में निवेश का माहौल सुधरा है और उत्पादन क्षमता पर भरोसा बढ़ रहा है। निर्माण क्षेत्र की 7.2 प्रतिशत की वृद्धि बुनियादी ढाँचे में निवेश और रियल एस्टेट बाजार की सक्रियता को दशार्ती है। वहीं वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में 10.2 प्रतिशत की तेज रफ्तार इस बात का संकेत है कि भारत की सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था अपने चरम पर नहीं, बल्कि अभी भी विस्तारित हो रही है। सरकारी खर्च में भले थोड़ी गिरावट आई हो, लेकिन कॉर्पोरेट निवेश और निर्यात ने इस कमी की भरपाई कर दी है। यह संतुलन ही भारत की आर्थिक संरचना को अन्य देशों की तुलना में अधिक लचीला बनाता है।

2025 में लागू हुए जीएसटी सुधारों का भी इस वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है। दरों के सरलीकरण और 90 प्रतिशत वस्तुओं पर कर कटौती से बाजार में नई ऊर्जा आई है। चार-स्लैब प्रणाली–0, 5, 18 और 40 प्रतिशत–ने कर व्यवस्था को न केवल सरल बनाया, बल्कि उपभोक्ताओं और उद्योगों दोनों के लिए सहज भी। उपभोक्ता वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, स्वास्थ्य उपकरण और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों के सस्ते होने से मांग में विस्तार हुआ और विशेषज्ञों के अनुसार इसने वित्तीय वर्ष 2026 की वृद्धि में 0.2 से 0.3 प्रतिशत तक का अतिरिक्त योगदान दिया। आलोचकों का मानना था कि जीएसटी कटौती से राजस्व में अस्थायी गिरावट आएगी, पर बढ़ी हुई खपत ने इस प्रभाव को पर्याप्त रूप से संतुलित किया है।

इसी बीच अमेरिका द्वारा अगस्त 2025 में लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ ने भारत के कपड़ा, रत्न-आभूषण, चमड़ा और रसायन जैसे क्षेत्रों को प्रभावित किया, जो भारत के कुल निर्यात का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा हैं। ऐसे सख्त टैरिफ किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था को झटका दे सकते थे, लेकिन भारत ने फिर साबित किया कि उसकी विकास गति अब बाहरी संकटों पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। घरेलू मांग, विविध आपूर्ति श्रृंखला और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार ने इस प्रभाव को सीमित कर दिया। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्तीय वर्ष 2026 के लिए 6.6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था, पर भारत ने इससे कहीं अधिक तेजी दिखाते हुए दूसरी तिमाही में ही 8.2 प्रतिशत हासिल कर लिया। यह प्रदर्शन एक ऐसे देश की पहचान है जो वैश्विक उतार-चढ़ाव से डरता नहीं, बल्कि उनसे सीखकर अपनी नीतियों को मजबूत बनाता है।

जब वैश्विक तुलना की जाती है, तो भारत की स्थिति और भी प्रभावशाली दिखाई देती है। चीन 4.8 प्रतिशत, अमेरिका 2-3 प्रतिशत, जर्मनी 0.3 प्रतिशत, फ्रांस 0.9 प्रतिशत और ब्रिटेन 1.3 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। मूडीज, ओईसीडी, और एस एंड पी जैसी संस्थाओं ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान बढ़ाए हैं, और यह शायद पहली बार है जब भारत को उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नहीं, बल्कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की अग्रिम पंक्ति में देखा जा रहा है।

इसके बावजूद चुनौतियाँ खत्म नहीं हुई हैं। आर्थिक विकास की निरंतरता के लिए रोजगार सृजन, कृषि सुधार, कौशल विकास और निर्यात में विविधीकरण जैसे क्षेत्रों में गहरे सुधारों की आवश्यकता है। विशेषकर ग्रामीण आय की स्थिरता और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाना आने वाले वर्षों की प्राथमिकताएँ होनी चाहिए। दुनिया के धीमे पड़ने के बावजूद भारत की तेज रफ्तार को बनाए रखना तभी संभव होगा जब नीतिगत स्थिरता, निवेश आकर्षण और सामाजिक विकास के प्रयास साथ-साथ चलें। पर आज की तस्वीर यह कहने की अनुमति देती है कि भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में न सिर्फ.मजबूती से खड़ा है, बल्कि दौड़ भी रहा है और तेजी से दौड़ रहा है। 8.2 प्रतिशत की वृद्धि सिर्फ.एक तिमाही का परिणाम नहीं, बल्कि उस नीतिगत सोच, सामाजिक ऊर्जा और आर्थिक आत्मविश्वास का प्रतीक है जो भारत को आने वाले वर्षों में 6.5 प्रतिशत से अधिक की स्थिर और सतत वृद्धि की दिशा में ले जा सकता है। दुनिया संभवतः धीमी पड़ जाए, पर भारत की गति और उसकी आशाएँ अभी थमी नहीं हैं।

# संयमित मुलायम के विवादित अखिलेश

**स्वदेश कुमार ,लखनऊ**
**वरिष्ठ पत्रकार**



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव आजकल अपने हर बयान और प्रतिक्रिया की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। राजनीतिक हलकों में यह बात आम हो गई है कि वे अब हर मुद्दे पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए बेचैन नजर आते हैं। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि वे किसी भी घटना या विषय को लेकर अपनी मनगढ़त कहानियां बनाने लगते हैं, जिनका असलियत से ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होता है। उनकी बयानबाजी में दिलचस्पी तो बहुत है, लेकिन यह भी देखा जाता है कि उनके हर शब्द के पीछे उनकी राजनीति की प्रतिबद्धता साफ झलकती है।अखिलेश यादव का राजनीतिक संवाद अब अधिकतर समाज के कमजोर तबकों दलित, पिछड़ा वर्ग और मुसलमान समुदाय को सक्रिय और प्रबल करने के इरादे से भड़का देने पर केन्द्रित हो गया है। उनकी पार्टी की परंपरा और चुनावी रणनीति के अनुसार ये समूह ही उनका मुख्य वोट बैंक रहे हैं। परंतु, कुछ राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अखिलेश की इस झुकाव ने कभी-कभी सांप्रदायिक और वर्गीय तनाव को हवा दी है, जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित होने की आशंका रहने लगी है। हाल के दिनों में समाज में यह चर्चा भी शुरू हो गई है कि अखिलेश यादव को अपने पिता, मुलायम सिंह यादव से अपने राजनीतिक आचरण में कुछ बदलाव सीखना चाहिए। मुलायम सिंह यादव का व्यक्तित्व और नेतृत्व शैली देश में काफी अलग तरह की मानी जाती है। वे अधिकतर शांत, संयमित और सोच-समझकर बोलने के पक्षधर रहे हैं। उनकी राजनैतिक सफलता का एक बड़ा कारण यही माना जाता है कि वे बिना ज्यादा शोर-शराबे के, स्थिति को भांपकर अपने कदम उठाते थे।

मूलतः, मुलायम सिंह यादव की रणनीति थी कि वह विवादों में कम उतरते, विवादित सवालों को धोरे-धोरे हल करते और अपने दृष्टिकोण को बिना बहुत ज्यादा उग्रता या विरोधाभास के प्रस्तुत करते। उनके संवादों में संतुलन और सहिष्णुता की झलक साफ दिखाई देती थी। वे जनता और पार्टी के बीच संतुलित आदान-प्रदान पर भरोसा रखते थे, जिससे उनकी छवि एक अनुभवी और दूरदर्शी नेता के रूप में स्थापित हुई। इसके विपरीत, अखिलेश यादव के राजनीतिक व्यक्तित्व में आजकल तीव्रता और तेजी ज्यादा नजर आती है। वे सार्वजनिक मंचों पर और मीडिया के सामने अक्सर तीखे भाषण देते हैं, जो विवादित व्यवहार का रूप ले लेते हैं। उनका संवाद शैली अब ज्यादा आक्रामक हो गई है, जिसका उद्देश्य शायद अपनी पार्टी की धारणा को तेज और सक्रिय बनाए रखना है। लेकिन कई बार इसकी वजह से वे अपनी राजनीतिक प्रसार रणनीति में उलझन में दिखते हैं और आलोचना का सामना करते हैं।मुलायम सिंह यादव के राजनीति में संयम और समझदारी की प्रथा को देखकर यह कहना गलत न होगा कि अखिलेश यादव को अपने राजनीतिक सफर पर अधिक धैर्य और संतुलन अपनाने की जरूरत है। राजनीति केवल त्वरित प्रतिक्रिया देने का नाम नहीं है, बल्कि गहन सोच-समझकर सही रणनीति बनाकर आगे बढ़ने का भी काम है। मुलायम सिंह की तरह, जो बिना ज्यादा आवाज उठाए राजनीति में अपनी पकड़ बनाए हुए थे, अखिलेश को भी अपनी बातों में वो गहराई और स्थिरता लानी होगी जो समृद्ध राजनीतिक नेतृत्व के लिए आवश्यक है। अखिलेश यादव की राजनीतिक यात्रा में बहुत अच्छे और उत्साहजनक क्षण आए हैं, पर यह भी सच है कि वे आज की तेजी से बदलती राजनीति में अपनी छवि को लेकर बहुत संवेदनशील स्थिति में हैं। जब वे दलित, पिछड़े और मुस्लिम समुदाय को अपने भाषणों के जरिए सक्रिय करते हैं, तो इससे अपेक्षित वोट बैंक को भी मजबूत किया जाता है, परंतु इसके साथ ही सामाजिक सामंजस्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसके विपरीत, मुलायम सिंह यादव ने हमेशा बड़े पैमाने पर सामाजिक एकता पर जोर दिया और राजनीति को समरसता के माध्यम के रूप में देखा।

इन दोनों राजनीतिक हस्तियों की तुलना में यह बात भी उभरकर सामने आती है कि मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में ज्यादा दबदबा और सहूलियत से काम लिया। वे अक्सर विवादों से बचते हुए अपना काम करते रहे। उनकी भाषा में गरिमा और वजन था, जिसका उनके समर्थक और विपक्षी दोनों सम्मान करते थे। दूसरी तरफ अखिलेश यादव की भाषा ज्यादा तीव्र और भावुक है, जो कई बार राजनीतिक विरोधियों तक को लाभ पहुंचाती है। अखिलेश के कुछ समर्थक कहते हैं कि उन्हें अपनी बात और फैसले प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए जोरदार और समसामयिक बयानबाजी करनी पड़ती है। वे कहते हैं कि बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में ऐसे तेज वक्तव्य जरूरी होते हैं जो पार्टी को चुनावी मोर्चे पर सक्रिय बनाए रखेंगे। पर आलोचक इस तर्क से सहमत नहीं हैं और मानते हैं कि ये बयान तनाव और अस्थिरता को बढ़ावा देते हैं, जिससे पार्टी की छवि कमजोर हो सकती है। मुलायम सिंह यादव ने सपा की बुनियाद को मजबूत कर इसे उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक स्थाई शक्ति बनाया। उन्होंने इसे संगठन के स्तर पर मजबूत किया और अपने आंतरिक मतभेदों को धीरे-धीरे सही तरीके से सुलझाया। वे चालाक और दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने अपना राजनीतिक माहौल समझकर निर्णय लिए। वहीं, अखिलेश यादव की भूमिका अधिकतर सार्वजनिक मंचों पर सक्रियता से जुड़ी है, जो संगठनात्मक मजबूती के लिए हमेशा मुफीद नहीं रहती।

इससे यह लगता है कि अखिलेश यादव को अपने पिता से राजनीति के आदर और संयम की सीख लेनी चाहिए। यह सीख उन्हें न केवल बयानबाजी में सुधार लाने में मदद करेगी बल्कि उनकी पार्टी को भी एक मजबूत और स्थिर स्थिति में लाएगी। राजनीति में भावुकता और तेजबाजी कभी कभी खतरे की घंटी साबित होती है, जबकि संयमित और सोच-समझकर किया गया नेतृत्व पार्टी को लंबी अवधि का लाभ देता है। अखिलेश यादव को अपनी भाषा और कार्यशैली में संतुलन स्थापित करना होगा, जो न तो उनकी पार्टी के वोट बैंक को निराश करे और न ही समाज में विभाजन पैदा करे। अगर वे अपने राजनीतिक जन्मदाता मुलायम सिंह की तरह सोच-समझकर चलते हैं और अपने शब्दों को सौम्यता से चुनते हैं, तो निश्चित रूप से उनकी राजनीति में नई जान आ सकती है।अंततः यह कहा जा सकता है कि दोनों पीढ़ियों के नेताओं के बीच का ये फर्क उनके व्यक्तित्व, परिस्थिति और समय के अनुसार आया है। पर किसी भी परिस्थिति में संयम, सहिष्णुता और दूरदर्शिता वह मूल्य हैं जो राजनीति में स्थिरता और सफलता का मूल आधार होते हैं। अखिलेश यादव को चाहिए कि वे अपने पिता से इन गुणों को ग्रहण करें और पार्टी तथा समाज के लिए एक समंजस पूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाएं।

## यूक्रेन-रूस संघर्ष का वृहद स्वरूप।

# विश्व युद्ध रोकने के प्रयासों को गति देने की जरूरत।



यूक्रेन-रूस संघर्ष अब किसी दो राष्ट्रीय टकराव तक सीमित नहीं रहा; यह एक वैश्विक सांकेतिक युद्ध बन चुका है जिसका प्रभाव ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, भू-राजनीति और मानवीय मूल्यों पर दूरगामी होगा–24 फरवरी 2022 के बाद से हुई घटनाओं ने यह साफ कर दिया है कि एक क्षेत्रीय आक्रमण कैसे सम्पूर्ण वैश्विक व्यवस्था को हिला सकता है; जिस प्रकार ब्लैक सी के बंदरगाहों, ऊर्जा रूटों और कृषि नियातों में व्यवधान ने अनाज और तेल की वैश्विक आपूर्ति पर चोट की है, उसी तरह युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखलाओं की नाजुकता को उजागर किया है और विकासशील देशों में महँगाई व खाद्य-असुरक्षा को तेज कर दिया है। इस युद्ध ने यह भी दिखा दिया कि आधुनिक युद्ध केवल मोर्चों पर गोली-बारूद का खेल नहीं, बल्कि आर्थिक प्रतिबंधों, वित्तीय काट-छाँट, तकनीकी प्रतिबंधों और वैकल्पिक सामरिक गठबंधनों से जुड़ा बहुआयामी संकट है; पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों और रूस के आर्थिक अलगाव ने ऊर्जा व व्यापार के नए समीकरण जन्म दिए हैं और कई देशों ने अपनी रणनीतियाँ पुनः निर्धारित करनी शुरू कर दी हैं। दूसरी ओर, रूस-चीन के करीब आने की प्र-वृत्ति, कुछ वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ वैकल्पिक साझेदारी और नए बहुपक्षीय आर्थिक चक्रों का उद्भव, एक नए ध्रुवीय विश्व-आदेश की संभावना का संकेत देता है जो पारंपरिक पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती दे रहा है। यही नहीं, युद्ध ने रक्षा-औद्योगिक आधार को फिर से चुस्त किया है–रास्ते खुलते ही हथियारों, स्वचालित प्रणालियों और सूचनात्मक युद्धकला की होड़ बढ़ी; देशों ने रक्षा बजट बढ़ाए और सामरिक सहयोग को प्राथमिकता दी, जिससे वैश्विक संसाधन आवंटन और विकास-प्राथमिकताएँ बदल रही हैं। मानव संकट की गाथा और भी जघन्य है–लाखों जानें गयीं, करोड़ों लोग विस्थापित हुए; लगभग एक करोड़ यूक्रेनी नागरिकों ने शरणार्थी का जीवन अपनाया, शहरों के मलबे, बुनियादी ढाँचे का विनाश और सामाजिक टूट ने मानवता को कराहते हुए छोड़ दिया; यह मानवीय जख्म सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं रहेंगे क्योंकि ऊर्जा व खाद्य-शॉर्टेज का असर दूर देशों के लोगों की रोटी और रोजगार पर सीधे दिखाई देता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके परिणाम स्पष्ट हैं–महँगाई, निवेश-अनिश्चितता, सप्लाई-चेन रीऑर्गनाइजेशन और जोखिम-प्रिमियम का उदय, जिससे विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ और अधिक संवेदनशील बन गई हैं। इसने यह भी दिखाया कि किस तरह भू-राजनीतिक झटके वैश्विक प्रवाह–कच्चा माल, खाद्य, ऊर्जा और तकनीकी वस्तुओं–को पलट कर रख देते हैं और नये साझेदारी मॉडल, स्थानीयकरण व मित्रराष्ट्रों पर निर्भरता के महत्व को उजागर करते हैं। राजनीतिक दृष्टि से, यह युद्ध एक परीक्षण हैः क्या अंतरराष्ट्रीय समुदाय कूटनीति, बहुपक्षीय संस्थाओं और नियम-आधारित व्यवस्था के जरिए शांति स्थापित कर सकता है, या शक्तियों का घर्षण अनियंत्रित होकर व्यापक संघर्ष में बदल जाएगा? कुछ शक्तियों ने टकराव की सरहद पर अपनी नीति कड़ी की, कुछ ने नए सैन्य-रणनीतिक समूहों और आर्थिक ब्लॉकों की रचना की–क्वाड जैसे ढांचे, एशिया-प्रशांत सहयोग, और नाटो-सदस्यों की मजबूती ने साफ किया कि क्षेत्रीय सुरक्षा अब स्थानीय ही नहीं बल्कि वैश्विक रणनीतियों से प्रभावित होती है। इसके बावजूद, केवल सैन्य बल या आर्थिक दबाव पर्याप्त नहीं हैं; शांति के मार्ग में सबसे बड़ा अवरोध भरोसे की कमी है–विश्व समुदाय का रूस पर विश्वास टूट चुका है तो कुछ देशों का भरोसा भी पश्चिम पर प्रश्नचिन्ह से घिरा दिखता है–और यही भरोसे की कमी कूटनीतिक समाधान को जटिल बनाती है। इस संकट का एक और आयाम पर्यावरणीय और दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव है–युद्ध ने न केवल बुनियादी संरचनाएँ नष्ट कीं बल्कि पुनर्निर्माण की भारी लागतें और ऊर्जा-परिवर्तन की नई हड़बड़ी भी बढ़ाई, जिससे जलवायु लक्ष्यों, निवेश प्राथमिकताओं और सामाजिक पुनर्निर्माण की नींव पर दीर्घकालिक दबाव पड़ेगा। इसलिए अब प्रश्न केवल यह नहीं कि कौन किसे हराएगा, बल्कि यह है कि क्या मानवता अपने कोष, कूटनीति और विवेक द्वारा उस रास्ते को चुनेगी जो पुनर्निर्माण, न्याय और स्थिरता की ओर ले जाए। विश्व-समुदाय के लिए विकल्प स्पष्ट हैंः युद्ध को तात्कालिक रूप से सीमित करने और फिर न्यायसंगत शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक चैनलों को खोलना; मानवीय सहायता, शरणार्थियों का समुचित पुनर्वास और बुनियादी सुविधाओं के पुनर्निर्माण को प्राथमिकता देना; वैश्विक खाद्य व ऊर्जा-सुरक्षा के लिए वैकल्पिक आपूर्ति-मार्गों व रणनीतिक भंडारों का निर्माण; और बहुपक्षीय संस्थाओं के माध्यम से सशक्त तटस्थ मध्यस्थता व निगरानी तंत्र स्थापित करना ताकि भविष्य में किसी भी क्षेत्रीय विवाद का ग्लोबल रूप लेने से पहले उसे नियंत्रित किया जा सके। भारत जैसे महादेशीय देशों के लिए चुनौती और अवसर दोनों हैं–इकतरित होकर मानवीय सहायता और कूटनीति के माध्यम से मध्यस्थता की भूमिका निभानी चाहिए, साथ ही अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए ऊर्जा-सुरक्षा और खाद्य-आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने चाहिए; दीर्घकाल में वैश्विक दक्षिण के देशों का समन्वय ही इस प्रकार के संकटों को वैश्विक स्तर पर शान्तिपूर्ण हल की दिशा में मजबूती दे सकता है। अगर हम अभी भी समय रहते सामूहिक विवेक, करुणा और न्यायसंगत कूटनीति को अपनाएँ तो यह संभव है कि हम युद्ध के विनाश से बाहर निकलकर एक अधिक समतामूलक, आत्मनिर्भर और स्थिर विश्वगठबंधन बना लें; पर यदि हम अहंकार, संकुचित स्वार्थ और शक्ति-द्वेष की राजनीति को जिंदा रखेंगे, तो यह संघर्ष न केवल राजनैतिक मानचित्र को बदल देगा बल्कि सभ्यता की उस नींव को भी हिला सकता है जिस पर हमारी आने वाली पीढ़ियाँ आश्रित हैं–अतः यह समय निर्णायक हैः क्या हम युद्ध की आग को बुझाने के लिए मिलकर काम करेंगे या इतिहास की अगली पीढ़ी को इस तबाही की कीमत चुकाने के लिए छोड़ देंगे।

संजीव ठाकुर चिंतक,लेखक,स्तंभकार,वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर,छत्तीसगढ़,9009415415,

## रिश्तों में दूर करते व्यवधान...!

ये एक परिवार या एक कोठी
की नहीं कहानी,
रिश्तों, दौलत व मानसिक तनाव
हुआ बयानी।
देश के नामी नाम राजश्री-
कमला आती पसंद,
इंडस्ट्री व आम लोगों को
हिलाया रह गए दंग।

घर के एक कमरे में फांसी पे
लटकी हुई मिलीं,
वो आत्महत्या का कदम ही क्यों
उठाके चलीं।
रिश्तों में प्यार एवं विश्वास;
कमी का गहरा दर्द,
किसी रिश्ते में प्यार या भरोसे
का न रहा अर्थ।

जिंदगी खत्म कर लेना नहीं यह
कोई समाधान,
रिश्ते में रहते जीने के लिए दूर
करते व्यवधान।
यूं लंबे समय तक भावनात्मक
तनाव में ना रहें,
आओं करें दुआ सकारात्मक
सभी रहें प्रेम बहें।
(संदर्भ-दीप्ति का सुसाइड
केस)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

# गीता केवल ज्ञान नहीं जीवन शैली है

**डॉ (श्रीमती) मंजु लता गुप्ता**

"श्रीमद्भगवद्गीता का कालजयी संदेश केवल एक ऐतिहासिक युद्ध से ही संबंधित नहीं है, अपितु, अच्छाई और बुराई के बीच के ब्रह्माण्डीय संघर्ष का उल्लेख भी करता है : जीवन को–परमात्मा और जड़-पदार्थ...वि-वेक-शक्ति और अंधे इंद्रिय मन––के बीच युद्धों की एक शृंखला के रूप में...।

उपरोक्त पंक्तियाँ एक विख्यात पुस्तक ईश्वर-अर्जुन संवाद : श्रीमद्भगवद्गीता (गॉड टाल्क्स विद अजुर्ना - द भगवद्गीता का हिन्दी अनुवाद) में श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम श्लोक की व्याख्या, जो लगभग 40 पृष्ठों में प्रस्तुत की गई है, से उद्धृत हैं। इस अद्वितीय पुस्तक की व्याख्या पूर्व और पश्चिम के एक महान योगी और जगद्गुरु श्री श्री परमहंस योगानन्दजी, जो एक अमर गौरव ग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक हैं, ने दो खण्डों में प्रस्तुत की है। इस गहन आध्यात्मिक व्याख्या के 'परिचय' में योगानन्दजी कहते हैं : "ईश्वर की ओर वापसी के पथ पर व्यक्ति जहाँ कहीं भी हो, गीता यात्रा के उस खण्ड पर अपना प्रकाश डालेगी।"

अर्जुन की आत्मा बनकर अपनी आँखें इस जगत से मूँद कर परंतु स्वर्ग में सदा खुली रखते हुए परमहंसजी जब पूर्णतया एकांतवास में रहकर इसकी रचना कर रहे थे तो उनके एक शिष्य ने कहा था –"उस कमरे का स्पंदन अविश्वसनीय था; यह ईश्वर में प्रवेश करने जैसा था।"

भारत के इस अति परमप्रिय धर्मग्रंथ, भगवद्गीता का अर्थ है "परमात्मा का गीत", मनुष्य (अर्जुन) और उसके सृष्टिकर्ता (श्रीकृष्ण) के बीच सत्य बोध का दिव्य वातालार्प; ये आत्मा द्वारा प्राप्त परमात्मा की वे शिक्षाएँ, जिनका सतत गान किया जाना चाहिए। इसके साथ इसका त्रिविध अर्थ–भौतिक, सूक्ष्म एवं आध्यात्मिक, जो मनुष्य



श्री श्री परमहंस योगानंद

के अस्तित्त्व के सभी स्तरों, शरीर, मन और आत्मा पर लागू होता है, अद्भुत है। ईश्वर-अर्जुन संवाद के प्रथम श्लोक की व्याख्या में ह्यविस्तृत व्याख्या : जीवन का युद्धह्ल को पढ़कर यह स्पष्ट हो जाता है कि गीता के संदेश को एक जीवन शैली बनाया जा सकता है।

भगवान कृष्ण कहते हैं "मेरे कष्टों एवं दुख के सागर से दूर हो जाओ! स्वयं को अन्नय निष्ठा से मुझे सौंप दो और मैं तुम्हें माया सिंधु से बाहर निकाल दूँगा" (श्रीभगवद्गीता१२:७) अर्थात ईश्वर को पाना सभी कष्टों का हवन करना है; इसी उद्देश्य हेतु गीता के चतुर्थ अध्याय के 29वें श्लोक में भगवान कृष्ण योग की सर्वश्रेष्ठ, प्राणशक्ति पर नियंत्रण की प्रविधि (क्रियायोग) का उल्लेख करते हैं जिसमें साधक प्राण के भीतर जाते श्वास को अपान के बाहर जाते प्रश्वास में तथा अपान के बाहर जाते प्रश्वास को प्राण के भीतर आते श्वास में हवन करते हैं और इस प्रकार प्राणायाम (क्रियायोग) के निष्ठापूर्वक अभ्यास के द्वारा सांस लेने की प्रक्रिया को अनावश्यक बना देते हैं। और इस प्रकार योगी प्राणशक्ति पर सचेत नियंत्रण प्राप्त कर लेता है और ईश्वर-साक्षात्कार के परम आनंद और शांति को पाता है।

इच्छुक साधक प्राणायाम की इस सूक्ष्म एवं प्रभावकारी क्रियायोग की वैज्ञानिक प्रविधि को सीखने के लिए योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया से संपर्क कर एक गृह अध्ययन पाठ्यक्रम में प्रवेश पा सकते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए आप yssofindia.org देख सकते हैं।

इस वर्ष गीता-दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माण्ड के संपूर्ण ज्ञान को समेटने वाली गीता को अपनी चेतना में समाहित कर आइए प्रीतिदिन इसका अध्ययन-मनन करने के संकल्प के साथ श्रीकृष्ण के आश्वासन ह्यजो भक्त अनन्य भाव से केवल मेरी शरण में रहते हैं और मेरा ध्यान करते हैं, उनके योग (आध्यात्मिक संरक्षण) और क्षेम (भौतिक संरक्षण) को मैं वहन करता हूँ (भगवद्गीता-9:22), को अंगीकार करें।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# “विशेष महाअभियान के अंतर्गत व्यापक जनजागरुकता कार्यक्रम”

जनपद के सभी बूथों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा व्यापक जागरूकता अभियान

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 29 नवंबर 2025: विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के सभी बूथों पर चल रहे विशेष महाअभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान में हाई-राइज सोसायटियों, ग्रामीण क्षेत्रों, विभिन्न सेक्टरों, वार्डों और प्रमुख मार्केट क्षेत्रों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग कर लगातार घोषणाएँ प्रसारित की जा रही हैं। साथ ही, पारंपरिक माध्यम डुगडुगी के जरिए भी लोगों को शिविर की तिथि, समय और लाभों के बारे में सूचित किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनपद के प्रत्येक पात्र नागरिक को इस शिविर की जानकारी मिले और वह बूथ पर उपस्थित होकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा सके।

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्राधिकरण पूर्ण सक्रियता और समर्पण के साथ सहयोग कर रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में उच्च गति इंटरनेट उपलब्ध कराए गए केंद्रों पर प्राधिकरण के कोऑर्डिनेटर और प्रशिक्षित वॉलंटियर्स द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और मैपिंग में बीएलओ को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही, वर्ष 2003 की मैपिंग से संबंधित कोई भी जानकारी मतदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई जाने पर उसे स्वीकार कर फिजिकल रूप से मैप किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण कार्य में सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, एनसीसी, एनएसएस, आरडब्ल्यूए और एओए के पदाधिकारी भी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।

# जिला प्रशासन का विशेष महाअभियान: प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदाता सूची में शामिल कराने का प्रयास

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 29 नवंबर 2025: जनपद गौतम बुद्ध नगर में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 29 एवं 30 नवंबर को सभी मतदान बूथों पर व्यापक “विशेष महाअभियान” संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना और सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है।




शिविरों के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने बूथों पर राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए) के साथ बैठक कर ऐसे मतदाताओं की पहचान कर रहे हैं, जिनके नाम तो मतदाता सूची में दर्ज हैं, लेकिन उनका पता भौतिक रूप से नहीं मिल पा रहा है। इन मतदाताओं को खोजने एवं उन्हें गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने में बीएलए सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलेसरा और गजेंद्र विहार कम्युनिटी सेंटर, ग्रेटर नोएडा पहुंचकर शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ व बीएलए से संवाद कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने आमजन से भी चर्चा कर फीडबैक प्राप्त किया और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग बनाए रखने की अपील की।

शिविरों में नए मतदाताओं के नामांकन के लिए फॉर्म-6, और शिफ्टेड या पता परिवर्तन वाले मतदाताओं के लिए फॉर्म-8 का उपयोग किया गया। बूथों पर उपस्थित मतदान कर्मियों ने गणना प्रपत्र, प्रपत्र-6 और प्रपत्र-8 प्राप्त कर सभी विवरण सुनिश्चित किए।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी और टीम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित बीएलओ ने साझा किया कि टीमवर्क, योजना, सतत अनुश्रवण और राजनीतिक दलों के सहयोग से डिजिटाइजेशन, नामांकन, मैपिंग और प्रमाणीकरण कार्य समय से पूर्व पूर्ण किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ से कहा कि उन्होंने जो डिजिटाइजेशन कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया है, उसी प्रकार मैपिंग कार्य भी समय पर पूर्ण करें और अनुभव अपने साथियों के साथ साझा करें। जिला प्रशासन आमजन से अपील कर रहा है कि वे 30 नवंबर को आयोजित द्वितीय विशेष महाअभियान में भाग लेकर अपने नाम, पते और अन्य विवरण का सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि मतदाता सूची को और अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके।

# एडीएम ने खनन माफियाओं पर दिया सख्त कार्रवाई का आश्वासन

(भारतीय किसान यूनियन अनाज लंबे समय से लोनी क्षेत्र में अवैध खनन व प्रदूषण इकाइयों पर कार्रवाई के लिए की करती आ रही मांग)

समाज जागरण

लोनी, 29 नवंबर: शनिवार को लोनी तहसील पहुंचे भारतीय किसान यूनियन (अनाज) के प्रतिनिधिमंडल को एडीएम(एल) ने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। दरसल उक्त मामले में संगठन लंबे समय से शासन, प्रशासन और सरकार को ज्ञापन भेजता रहा है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया था।

गौरतलब है कि इस मुद्दे को लेकर 27 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन (अनाज) का एक प्रतिनिधिमंडल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गाजियाबाद आगमन के दौरान मिलने वाला था। इसकी भनक लगते ही स्थानीय प्रशासन ने 26 नवंबर की रात ही सचिन शर्मा को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया था. नतीजन संगठन अपनी मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका।



इसी के अंतर्गत शनिवार को किसान संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उप जिलाधिकारी लोनी से मिलने तहसील पहुंचे, जहां सहयोग से उनकी मुलाकात एडीएम (एल) से हुई। संगठन ने उन्हें एक लिखित ज्ञापन सौंपते हुए मांग करी कि क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर अविलंब सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एडीएम ने संगठन को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन जल्द ही ऐसी इकाइयों और माफियाओं के विरुद्ध सख्त कदम उठाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में युवा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र गुर्जर, वरिष्ठ किसान नेता नरोत्तम शर्मा, प्रदेश सचिव रामगोपाल, फुरकान, सोनू सिंह, बल्लू चौधरी, प्रेम सिंह, बंटी शर्मा, संदीप गुर्जर, बलराम चौधरी, आकाश खन्ना, ललित कुमार, रोहित राणा, योगेश सिंह, ओमप्रकाश कश्यप, मोहित वर्मा, देवेंद्र चौधरी व अवनीत बंसल सहित संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) में भारी भ्रष्टाचार का हुआ खुलासा, फि र वीसी और उपाध्यक्ष हुए मौन!

केडीए विभाग में अरबों खरबों के घोटाले और भू माफियाओं संग भ्रष्टाचारियों का बना हुआ है बड़ा ठिकाना।

कानपुर विशेष संवाददाता। भ्रष्ट केडीए अधिकारी कश्यपकांत दुबे पर करोड़ों की अनियमितताओं, जांच दबाने और फर्जी मुकदमों के जरिए शिकायतकर्ताओं को डराने के लगे गंभीर आरोप। शिकायत पत्र के बड़े खुलासे कश्यपकांत दुबे को जोन-2 में प्रभावशाली पद पर बनाए रखने का आरोप। भ्रष्टाचार उठाने वाले निचले स्तर के कर्मचारियों की नौकरी तक खत्म।




शिकायतकर्ता के अनुसार केडीए विभाग में फर्जी रजिस्ट्री गिरोह पर की जाए बड़ी कार्यवाही बिल्डरइंटेंडर माफिया से मिलीभगत, करोड़ों के घोटाले,ईमानदार केडीए कर्मचारियों का गैर-जनपद स्थानांतरण, लेकिन भ्रष्ट अधिकारी आज भी है सुरक्षित शिकायतकर्ता ने शासन से की मांग: कश्यपकांत दुबे सहित संदिग्ध अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए, विजिलेंस जांच लखनऊ को सौंपी जाए। यूपी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर उठे सवाल छोटे कर्मचारियों पर तुरंत कार्रवाई, लेकिन बड़े अधिकारियों की फाइलें आज भी वर्षों से दबाकर रखी गईं। केडीए में वर्षों से दबा बड़ा सिस्टमेटिक करप्शन हुआ उजागर। मामला अब शासन के उच्च स्तर तक पहुंचा।

# महिला और उनका तिरस्कार

सुशील शर्मा/समाज जागरण

लोनी, 29 नवंबर: महिलाओं को पुरुषों की बराबर व एक सम्मानित दर्जा दिए जाने पर जोर देते हुए मौजूदा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों एवं अनेक नीतियों पर काम किया गया जो आज भी अनवरत जारी हैं। मगर इसके बावजूद बात प्राचीन काल से लेकर मौजूदा सदी की करें तो आज भी समाज का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं की उपेक्षा कर रहा है, आखिर क्यों ?



वह कभी एक मां के रूप में कभी बेटी, कभी बहन, कभी पत्नी तो कभी बहू, हर रूप में उसका तिरस्कार किया जाता है। आखिर क्यों.?

हालांकि इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पहले के मुकाबले आज शिक्षा का दर्जा ऊंचा हुआ है और एक बड़े अनुपात में लोगों की सोच भी इस गंभीर विषय के परिपेक्ष में महिलाओं के पक्ष में बदली है।सरकार भी महिलाओं के न्यायिक हितों के प्रति गंभीर दिखती है। यही कारण है कि आज वे एक बड़ी संख्या में पुरूषों की भांति हर क्षेत्र में एक ऊंचे पायदान पर खड़ी नजर आती है।

इस परिपेक्ष में बात करें तो भारत की पहली महिला डॉ. रखमाबाई, पश्चिमी चिकित्सा में पहली महिला डॉ आनंदी गोपाल जोशी, विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि पाने वाली पहली भारतीय महिला आसिमा चटर्जी, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला मुक्केबाज मैरी कॉम, लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला अवनी चतुर्वेदी, रक्षा और सैन्य मिसाइल परियोजना का नेतृत्व करने वाली पहली महिला टेसी थॉमस (मिसाइल वुमन" के नाम से जानी जाती हैं), कॉर्पोरेट और उद्यमिता Nykaa की संस्थापक फाल्गुनी नायर, जिन्होंने ई-कॉमर्स क्षेत्र में सफलता पाई, बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ, डिजिटल भुगतान समाधान में योगदान देने वाली उपासना ताकू, गणितज्ञ और लेखिका शकुंतला देवी, जिन्हें "मानव कंप्यूटर" के रूप में जाना जाता हैं, के अलावा पुलिस, नौसेना, और सेना में सक्रिय भूमिका निभा रही महिलाओं जैसी न जाने ऐसी कितनी प्रतिभाये है जिन्होंने लगभग प्रत्येक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए देश का गौरव बढ़ाया हैं।

मगर समाज का एक हिस्सा आज भी महिलाओं को हमेशा इज्जत, मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का गहना पहनने से वंचित रखता है। एक नजर लड़की के बचपन पर डाले तो जब वह छोटी अवस्था में कोई इच्छा जाहिर करने की कोशिश करती है तो घर परिवार व समाज उसे नजर अंदाज कर दबा देता है और बचपन से यौवन की दहलीज तक उसके मां बाप उसकी इच्छा पूछे बिना ही अपने पुराने घिसे-पिटे विचारों को मानने व चलने पर मजबूर करते हैं। समय से पहले ही वह अपने विचारों, इच्छाओं एवं धारणाओं के अनुसार वर चुनकर उसका विवाह कर विदा कर देते हैं। विवाह के पश्चात वह सास-ससुर और पति की इच्छाओ और विचारों को अपना जीवन बना लेती है। जिसे एक ग्रहणी का परम कर्तव्य बताया जाता है. और इस तरह आज भी बहुतसी महिलाएं जन्म से मरण तक बिना अपनी इच्छा जाहिर किए तिरस्कारपूर्ण जीवन जीकर अपनी जीवन यात्रा समाप्त कर देती है। जिसका अधिकांश श्रेय उसके परिवार व समाज के ठेकेदारों को जाता है। जबकि कुछ प्रतिशत महिलाएं इसके लिए खुद भी जिम्मेदार है जो चुप्पी साधकर अपनी तरह अन्य लड़कियों को भी अंधकारमय जीवन यापन करने पर विवश करती है। महिलाओं को तिरस्कारपूर्ण जीवन यापन अपनी ही निम्न सोच के कारण झेलना पड़ रहा है जो खुद को इतना कमजोर व बेबस मानकर तिरस्कारपूर्ण जीवन जीती चली आ रही है।

समाज में महिलाओं के साथ हो रहे इस अन्याय को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ऐसी सोई हुई महिलाओं को अब नींद से जागना ही होगा और अपने बीच की अनेक प्रतिभाशाली महिलाओं की ओर देखते हुए उनसे प्रेरित होकर अपने अंदर छिपी प्राकृतिक प्रतिभा से खुद व समाज को अवगत कराना होगा ताकि इस तिरस्कारपूर्ण जीवन का विरोध कर (त्यागकर) मान-सम्मान भरा जीवन जी सकें और गर्व के साथ समाज के सामने ऊंचाइयों को छू कर यह बता दें कि महिलाएं केवल ममता व त्याग की मूर्ति ही नहीं अपितु शक्ति और सक्षमता की जीवंत प्रतीक भी है।

# “'इंद्रधनुष' अंतर्विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता – सीजन 4 का सफल आयोजन”

नोएडा लोक मंच द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 2885 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

समाज जागरण

नोएडा, 29 नवंबर 2025 – नोएडा लोक मंच द्वारा आयोजित “इंद्रधनुष” अंतर्विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता - सीजन 4 का आयोजन बड़े उत्साह और सक्रिय सहभागिता के साथ सम्पन्न हुआ। इस वर्ष विभिन्न आयु एवं कक्षाओं के आधार पर विभाजित सभी श्रेणियों में कुल लगभग 2885 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें 154 विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, 48 दिव्यांग बच्चे और लगभग 40 शिक्षक शामिल रहे।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों की कलाकृतियों का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उपस्थित अतिथियों में प्रभात कुमार (IAS), ऋषि प्रताप सिंह (हेड - इन्फोसिस), दीपक छाबड़ा, इंद्रा मोहन, जोगेश मख्खड़, सौरभ द्विवेदी, कुशाग्र अवस्थी, अशुतोष चौहान (रोटरी), इन्दु प्रकाश (OSD – नोएडा अथॉरिटी), डॉ. राकेश रंजन (DCP ट्रैफिक), कपिल धामा (सड़क सुविधा अभियान) तथा निर्वा फाउंडेशन से उअ संभव प्रमुख थे।

प्रतियोगिता का मूल्यांकन वरिष्ठ और अनुभवी जजों द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में रूप बथम, लाल रतनागर, पारुल त्यागी और आदर्श चंद्र मुख्य रूप से शामिल रहे, जबकि अन्य जजों ने विभिन्न श्रेणियों के चित्रों का मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम में नोएडा लोक मंच के पदाधिकारी और सदस्य – महेश सक्सेना, लीका सक्सेना, इंद्रा चौधरी, गिरजा सिंह, आशु सक्सेना, रैना शमीरी, कंचन श्रीवास्तव, वेद प्रकाश गुप्ता, पुष्पा सिंह, अनीता सक्सेना, लक्ष्मी नेगी, संस्कार अध्ययन केंद्र के शिक्षक – सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन में राकेश्वरी त्यागराजन, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, राजेश श्रीवास्तव और आर. एन. श्रीवास्तव तथा अन्य टीम सदस्य भी शामिल थे।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की कलात्मक प्रतिभा, रचनात्मकता और संवेदनशील अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की सफलता में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, जजों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

नोएडा लोक मंच परिवार ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# थाना चौबेपुर में – नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरुकता संदेश दिया गया।

समाज जागरण

कानपुर विशेष संवाददाता। यातायात को किया गया जागरूक। यातायात के नियम अपनाएँ—जीवन अपना



माह के उपलक्ष्य में आज दिनांक 29.11.2025 को पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी तथा पुलिस उपायुक्त यातायात महोदय रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में थाना चौबेपुर पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस जागरूकता टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा को जीवन की प्राथमिकता बनाने की अपील की गई। यमदूत की वेशभूषा में कलाकार द्वारा सड़क दुर्घटनाओं के परिणामों को रोचक रूप में प्रस्तुत कर लोगों सुरक्षित बनाएँ, सुरक्षित वाहन चलाएँ, सुरक्षित घर जाएँ। सभी नागरिकों से निम्न नियमों का पालन करने की अपील की गई। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलाएँ एवं निर्धारित गति सीमा का पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। नाबालिग बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन न चलाने दें। राह-वीर योजना सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की गोल्डन आवर में मदद करने वाले ह्वगुड समेरिटनह्व को 25,000 पुरस्कार देने की जानकारी भी लोगों को दी गई।

# लॉ स्टुडेंट्स में हमेशा रहे सीखने की ललक: बार अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता

*तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से लेक्स कर्निवाल-चैप्टर 02 के तहत पांचवें मूट कोर्ट में मुरादाबाद द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष श्री आनन्द मोहन गुप्ता ने बतौर जज की शिरकत*

**खास बातें**

**मूट कोर्ट में लॉ स्टुडेंट्स ने दिया जबर्दस्त प्रजेंटेशन**

**वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष में खुशी गुप्ता अव्वल**

**विपक्ष की बहस में इशू कुमार शुक्ला बने बेस्ट स्पीकर**

**बार अध्यक्ष ने विजेता लॉ स्टुडेंट्स को किया पुरस्कृत**

**लेक्स कर्निवाल साबित होगा मील का पत्थर: प्रो. दीक्षित**




मुरादाबाद द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष श्री आनन्द मोहन गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, लॉ स्टुडेंट्स कभी भी अपने आप को परफेक्ट न समझें। आपमें सीखने की उत्सुकता हमेशा बनी रहनी चाहिए। आप कभी भी और कहीं से भी ज्ञानार्जन कर सकते हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के मूट कोर्ट में लॉ स्टुडेंट्स के प्रजेंटेशन से गदगद श्री गुप्ता बोले, टीएमयू के मेधावी लॉ स्टुडेंट्स और अनुभवी फैकल्टीज का मैं कायल हूं। श्री गुप्ता तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज की ओर से लेक्स कर्निवाल-चैप्टर 02 के समापन मौके पर बोल रहे थे। इससे पूर्व लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने बुके देकर द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष श्री आनन्द मोहन गुप्ता का बुके देकर स्वागत किया। डीन प्रो. दीक्षित ने उम्मीद जताई, लेक्स कर्निवाल- चैप्टर 02 लॉ स्टुडेंट्स के लिए मील का साबित होगा। लॉ कॉलेज के कैंपस में आयोजित लेक्स कर्निवाल- चैप्टर 02 के तहत आयोजित मूट कोर्ट में बतौर जज शामिल हुए। अंत में उन्होंने विजेता स्टुडेंट्स को पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर डॉ. अमित वर्मा की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

दूसरी ओर वन नेशन, वन इलेक्शन पर पार्लियामेंट्री डिबेट भी हुई, जिसमें वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष में तर्क रखने पर खुशी गुप्ता जबकि विपक्ष में बहस करने पर इशू कुमार शुक्ला बेस्ट स्पीकर बने। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार, आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. नीतीश मिश्रा, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह आदि शामिल रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह के स्वागत भाषण के साथ हुआ। बहस के दौरान लॉ स्टुडेंट्स ने वन नेशन, वन इलेक्शन के पक्ष और विपक्ष में अनेक महत्वपूर्ण तर्क प्रस्तुत किए। सत्ता पक्ष ने समय, धन और प्रशासनिक संसाधनों की बचत, बार-बार मोरल कोड ऑफ कंडक्ट के कारण रुकने वाली योजनाओं से मुक्ति, चुनावी थकान के समाधान जैसे मुद्दों पर जोर दिया। दूसरी ओर विपक्ष ने जवाबदेही कमजोर पड़ने, संघीय ढांचे पर संभावित प्रभाव, लॉजिस्टिक चुनौतियों, सुरक्षा बलों पर बढ़ते बोझ और संवैधानिक जटिलताओं से जुड़े तर्क प्रस्तुत किए। मत विभाजन में प्रस्ताव वन नेशन, वन इलेक्शन तो पारित हुआ, लेकिन प्रतियोगिता में विपक्ष को उसके सशक्त और तथ्यपरक तर्कों के आधार पर विजेता घोषित किया गया। लेक्स कार्निवाल में लॉ के डॉ. अतुल कुमार, श्री वैभव कुमार, डॉ. बिशनानंद दुबे, डॉ. सौरभ बटार, डॉ. योगेश चंद गुप्ता के अलावा लॉ के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।



# नगर निगम की घनघोर लापरवाही त्योहार बाद की "सच्चाई " हुई बेपर्दा !

कानपुर विशेष संवाददाता। त्योहारों पर साफ सफाई अभियान पर जोर कसने वाले शहर के जनप्रतिनिधि भी हुए मौन एवं बने अनभिज्ञ। पनकी नहर में आज हृदय को झकझोर देने वाला दृश्य सामने आया।त्योहारों पर लाखों रुपये खर्च कर छठ घाटों का सुंदरीकरण तो किया गया, किंतु त्योहार खत्म होते ही सच्चाई पानी में बहती नजर आई।नहर में मिली गायों की लाशें, किनारे पर पसरी गंदगी और ऊपर लहराते सियासी बैनर हुआ बेपर्दा! नगर निगम की घनघोर लापरवाही और अनियमिताएं देखी जा सकती हैं,नहर की बदहाल सूरत पर बड़ा सवाल बना हुआ है। क्या समाज की भक्ति केवल त्योहार वाले दिन तक सीमित, साफ सफाई अभियान सिर्फ. त्योहारों तक ही सीमित रह गया है। बल्कि बिहारी बाटी चोखा के बगल में अवैध टैंकर कारोबारियों का नहर की जमीन पर कब्जा, जिम्मेदार क्षेत्रीय अधिकारी हुए मूकबधिर अर्थत मौन। मृत पशुओं का बहना, कचरे से पटे हुए घाट और प्रशासनिक लापरवाही, यह दृश्य सिर्फ गंदगी नहीं, समाज और सिस्टम दोनों की संवेदनहीनता का आईना है दशार्ती है। पनकी नहर की दुर्दशा पर अब उठ रहे हैं गंभीर सवाल आखिर कब जागेंगे जिम्मेदार, विभागों की कार्यशैली पर भी निशाना स्थानीय लोगों में नाराजगी,साफ सफाई व कार्यवाही सिर्फ. छठ पूजा पर ही, क्या बाकी पूरे साल नगर निगम करता रहेगा यूँही ही नजरअंदाज व शहर की आम मजबूर जनता की जिंदगी से होता रहेगा खिलवाड़।



# आईएमएस-डीआईए में प्रिंसिपल कॉन्क्लेव का आयोजन

नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस-डीआईए में भारत में डिजाइन शिक्षा के भविष्य पर प्रिंसिपल कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान शिक्षाविदों के साथ नई शिक्षा नीति के तहत उभरते रचनात्मक करियर ट्रेंड्स, उद्योगों की बदलती कौशल अपेक्षाएं तथा स्कूल स्तर पर डिजाइन-उन्मुख सोच विकसित करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर चर्चा की गई। वहीं कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य वक्ता आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने अपने विचार प्रकट किए।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस-डीआईए के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि डिजाइन शिक्षा अब केवल एक करियर विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य के कौशल, उद्योग की जरूरतों और छात्रों में नवाचार की सोच विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि डिजाइन शिक्षा युवाओं को बदलती दुनिया के अनुरूप तैयार करती है और उन्हें नए अवसरों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाती है।

प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजाइन स्कूल, युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए, छात्रों एवं डिजाइन उद्योगों के बीच ज्ञान सेतु का काम करती है। उन्होंने कहा कि युवा पिढी को उभरते हुए करियर, नई शिक्षा नीति से अवगत कराने के लिए शिक्षाविदों में भी जागरूकता जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान प्रो. धवन ने इमोशनल इंटेलिजेंस के माध्यम से उपस्थित सभी प्रतिभागियों को भावनाओं एवं कला के संबंधों को प्रतिबिंबित किया।

वहीं कार्यक्रम के अंत में आईएमएस-डीआईए के डीन प्रोफेसर (डॉ.) एमकेवी नायर ने बताया कि आज के कार्यक्रम में एयरफोर्स गोल्डन जुबली इंस्टीट्यूट, एमबीएस इंटरनेशनल स्कूल, सेंट फ्रॉएबेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साथ दिल्ली एनसीआर के 47 से अधिक स्कूलों के प्रिंसिपल ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं प्रिंसिपल कॉन्क्लेव में प्रश्नों का उत्तर देते हुए चिराग गुप्ता, प्रो. विकास धवन एवं प्रो. नायर ने जागरूकता के अभाव में डिजाइन छात्रों के चुनौतियों पर विचार प्रकट किए।

# परिवहन विभाग की असमोली-जोया मार्ग पर सख्त चेकिंग

**ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्रवाई: दो बजरी से भरे डंपर और जेसीबी सीज, गन्ने से लदे दो ट्रकों का चालान**

**समाज जागरण**

संभल। ओवरलोड और डग्गामार वाहनों पर लगातार बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने शनिवार को असमोलीझ जोया मार्ग पर बड़ी कार्रवाई की। पीटीओ योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर कई भारी वाहनों पर शिकंजा कसा।
कार्यवाही के दौरान दो बजरी से भरे ओवरलोड डंपर और एक जेसीबी को मौके पर ही सीज किया गया। वहीं गन्ने से भरे दो ओवरलोड ट्रकों का चालान कर कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने वाहनों के कागजात, वजन और सुरक्षा मानकों की गहन जांच की।



**ओवरलोड वाहनों से बढ़ते हादसे चिंता का कारण**

परिवहन विभाग के अनुसार, ओवरलोड और अनियमित वाहनों के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई निर्दोष लोग इनकी चपेट में आकर अपनी जान गंवा चुके हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विभाग ने सख्ती दिखाते हुए यह अभियान शुरू किया है।

**पीटीओ योगेंद्र सिंह ने कहा—**

कमाई के चक्कर में कुछ वाहन चालक और मालिक नियमों की अनदेखी करते हैं और लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। विभाग समय-समय पर ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाता रहेगा।
अचानक हुई इस कार्रवाई से ओवरलोड वाहनों में हड़कंप मच गया।

# बिजनौर के लोगो से एक मां ने अपनी 35 साल से बिछड़ी बेटी से मिलाने के लिए मदद की लगाई गुहार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर प्राप्त जानकारी अनुसार कि मां कमला 35 साल पहले बिजनौर में रहती थी तब उन्होंने अपनी बेटी जमना की शादी बिजनौर में ही की थी अब उम्र ज्यादा होने के कारण वो भूल गई है कि जिले में किस जगह उन्होंने शादी की थी। उनके पास सिर्फ याद के तौर पर पास अपने बेटी जमना और उसके जेठ जेठानी के साथ का फोटो है बेटी जमना के पति का नाम डाल सिंह है बेटी की शादी के बाद 1990 में वो भोपाल चली गई उसके बाद बेटी से कोई बात नहीं हो पाई उस वक्त ना मोबाइल फोन थे ना बेटी के आसपास कोई कोई किसी घर में टेलीफोन था उस वक्त 35 साल पहले उनका बेटा पावन ठाकुर बहुत छोटा था उनके बेटे पवन ठाकुर ने बिजनौर में आकर कई बार अपनी बहन को बहुत ढूंढा लेकिन मिल नहीं पाई। उनके बेटे पवन ठाकुर ने अब मीडिया व सोशल मिडिया के माध्यम से बेटी को मां से मिलाने का बीड़ा उठाया है जिसमें उन्हें आप लोगो की मदद चाहिए। आप लोग ये वीडियो इतनी शेयर करे कि उनकी बेटी तक पहुंच जाए। सोशल मीडिया में बहुत ताकत होती है और आप लोग ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर करके इनकी मदद कर सकते है जमना के भाई पवन ठाकुर का मोबाइल नंबर 79742 06534 है किसी भी पुरुष व महिला को जमना देवी के बारे में कोई सूचना मिले तो इस नंबर तुरंत दे दे आप लोगो के ये सदैव ऋणी रहेंगे



# तीर्थ नगरी सोरों में प्रांतीय मेला मार्गशीर्ष का भव्य शुभारंभ

## मंत्रियों ने मां गंगा की पूजा कर किया उद्घाटन, उमड़ा आस्था का सैलाब

**समाज जागरण**

कासगंज/सोरों। पावन तीर्थ नगरी सोरों शूकर क्षेत्र में आस्था, अध्यात्म और परंपरा के अद्भुत संगम—प्रांतीय मेला मार्गशीर्ष—का शनिवार को ऐतिहासिक और भव्य शुभारंभ हुआ। हर की पैड़ी गंगा घाट पर स्थित तैली जाति मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके उपरांत फीता काटकर मेले के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की गई।
उद्घाटन कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक नीरज शर्मा तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। गंगा मैया की आरती के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं ने ह्यहर-हर गंगेह्न के जयघोष से परिसर को गुंजा दिया।
समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।




प्रमुख अतिथियों में –

**आस्था व परंपरा का अद्वितीय केंद्र**

सोरों शूकर क्षेत्र, जहाँ भगवान विष्णु के वराह अवतार का प्राकट्य माना जाता है, सनातन परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। मार्गशीर्ष (अगहन) माह की मोक्षदा एकादशी पर आयोजित यह धार्मिक मेला आदिकाल से विरासत रूप में चलता आ रहा है। इस वर्ष भी देशभर से लाखों श्रद्धालु, संत, विद्वान और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोग सोरों पहुंचे हैं।

**व्यवस्थाएं उत्तम, सुरक्षा पुख्ता**

मेले को लेकर प्रशासन की तैयारियाँ बेहतरीन दिखीं। सुरक्षा प्रबंध, यातायात नियंत्रण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य सुविधाओं को लेकर अधिकारी लगातार निगरानी में रहे। गंगा घाटों से लेकर मुख्य मेला परिसर तक सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित दिखाई दीं।
उद्घाटन के साथ ही मार्गशीर्ष मेले का उल्लास संपूर्ण तीर्थ नगरी में फैल गया और श्रद्धालुओं की आवाजाही ने क्षेत्र को पूर्णतः आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

# काशी तमिल संगमम 4.0 के लिए छात्रों का पहला दल कन्याकुमारी से वाराणसी के लिए रवाना हुआ




काशी तमिल संगमम् (केटीएस) 4.0 के लिए छात्रों का पहला दल आज सुबह 11:45 बजे ट्रेन संख्या 06001 से कन्याकुमारी से वाराणसी के लिए रवाना हुआ। इस ट्रेन में कन्याकुमारी में कुल 43 छात्र चढ़े, जबकि तिरुचिरापल्ली (टीपीजे) पर 86 और चेन्नई एग्मोर (एमएस) पर 87 छात्र शामिल होंगे, जो केटीएस 4.0 यात्रा की अत्यंत सकारात्मक और जोशीली शुरूआत को दशार्ता है। इस दल में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र शामिल हैं, जो वाराणसी में होने वाली सांस्कृतिक, शैक्षिक और अनुभवात्मक गतिविधियों में भाग लेकर दोनों क्षेत्रों के बीच प्राचीन सभ्यतागत एवं सांस्कृतिक संबंधों को पुनः सशक्त करेंगे। यह शुरूआत केटीएस 4.0 कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा का हिस्सा है, जो तमिलनाडु से लगभग 1400 प्रतिनिधियों को उत्तर भारत के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के भ्रमण के लिए आमंत्रित करता है। इस बार शिक्षा मंत्रालय 2 दिसंबर, 2025 से काशी तमिल संगमम् (केटीएस) 4.0 के चौथे संस्करण का आयोजन कर रहा है। वाराणसी प्रवास के दौरान छात्र गंगा घाटों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय समुदायों के प्रतिनिधियों से संवाद के माध्यम से उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक धरोहर, जीवन शैली और आध्यात्मिक विरासत का निकट से अनुभव करेंगे। इस कार्यक्रम के तहत सेमिनार, संवाद सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, साहित्यिक विमर्श, स्थानीय व्यंजन और हस्तशिल्प से परिचय जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। छात्रों को काशी के महत्वपूर्ण तमिल धरोहर स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा, जिसमें महाकवि सुब्रह्मण्य भारती का पैतृक निवास, काशी मदम, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और माता अन्नपूर्णा मंदिर शामिल हैं।
यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप तमिलनाडु और उत्तर भारत के बीच गहरे सभ्यतागत, सांस्कृतिक, भाषाई और जन-जन के संबंधों को सम्मान और नई ऊर्जा प्रदान करती है। केटीएस 4.0 को शिक्षा मंत्रालय के तहत आईआईटी मद्रास और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संस्कृति, सूचना एवं प्रसारण, पर्यटन, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई, कौशल विकास जैसे विभिन्न मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार भी सहयोग कर रहे हैं। यह विद्यार्थी आदान-प्रदान कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और सहभागिता की भावना को मजबूत करता है, जिससे ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्न की भावना को व्यवहारिक रूप मिलती है।

# असमोली में युवक से 30 हजार मांगने और धमकाने का मामला

## पुलिस का सिपाही बनकर वसूली कर रहा था आरोपी, गिरफ्तार

**समाज जागरण**

असमोली (संभल)। थाना असमोली क्षेत्र में एक युवक से 30 हजार रुपए की वसूली और धमकी देने का मामला सामने आया है। शाहबाजपुर कला निवासी भोलू पुत्र पीर बख्श ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे वह घर पर था, तभी सलमान उर्फ मुबारिक पुत्र सुवाराती, निवासी नहरोला (थाना ऐंचोड़ा कम्बौह), उसके घर पहुंचा।

**सिपाही बनकर पैसे मांगे, न देने पर धमकी**

तहरीर के अनुसार, आरोपी सलमान ने खुद को पुलिस का सिपाही बताते हुए कहा कि वह उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत है। इसके बाद उसने भोलू से 30,000 रुपए की मांग की। जब भोलू ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने उसे झूठे मुकदमे में फँसाने और जान से मारने की धमकी दी।

**पीड़ित ने यह पूरा मामला थाने में दर्ज कराया और कार्रवाई की मांग की।**

शिकायत के बाद थाना असमोली पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी सलमान उर्फ मुबारिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी भूमिका की पुष्टि करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया है।
पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या आरोपी अन्य लोगों से भी इसी तरह वसूली करता रहा है। उसके आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, पत्नी-पुत्र गंभीर घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। मुरादाबाद रोड स्थित ग्राम सुल्तानपुर के पास बृहस्पतिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और 10 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।
सहसपुर के मोहल्ला चौधरियान निवासी रईस अहमद (50) पुत्र अमीर अहमद स्योहारा में सीमेंट-सरिया की दुकान चलाते थे और यहां अपना मकान भी निमार्णाधीन था।



बृहस्पतिवार को वे अपनी पत्नी सुआलेह (45) और पुत्र उजेर (10) के साथ नया मकान दिखाने के लिए स्योहारा आए थे। देर रात करीब दस बजे तीनों बाइक से वापस सहसपुर लौट रहे थे। ग्राम सुल्तानपुर के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रईस अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सुआलेह और पुत्र उजेर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कासगंज में SIR का 64% कार्य पूरा: 10.57 लाख मतदाताओं के लिए 1149 BLO तैनात, 4 दिसंबर तक लक्ष्य

**समाज जागरण**

कासगंज। कासगंज जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक जिले में कुल 64 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि इसे निर्धारित समयसीमा 4 दिसंबर तक शत-प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों और बूथ लेवल अधिकारियों (BLOs) को इसे समय पर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं।
चुनाव कार्यालय में तैनात मनोज गुप्ता के अनुसार, कासगंज जिले में कुल 10 लाख 57 हजार 916 पंजीकृत मतदाता हैं। SIR कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए 1149 BLO तैनात किए गए हैं। इनमें से 6 लाख 83 हजार 297 मतदाताओं के रक्फ़ फॉर्म का सत्यापन और प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।
जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने बताया कि शेष 36 प्रतिशत कार्य को भी आगामी 4 दिसंबर तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की देरी न हो।




**BLOs को मिल रहा विशेष प्रोत्साहन**

कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले BLOs को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह भी आयोजित किए जा रहे हैं। सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले BLOs को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र, शॉल और स्मार्टवॉच प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है।

**BLOs को तीन श्रेणियों में बांटा गया है—**

0 से 600 मतदाता वाले बूथ
600 से 1000 मतदाता वाले बूथ
1000 से अधिक मतदाता वाले बूथ

स्थानीय स्तर पर भी BLOs को सम्मानित किया जा रहा है, साथ ही उनके कार्यों का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया, विशेष रूप से ट्विटर के माध्यम से किया जा रहा है।
जिला प्रशासन ने कहा है कि मतदाता सूची में सुधार व अद्यतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कदम है, और इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने नई दिल्ली में कैंसर देखभाल और शहरी स्वास्थ्य को मजबूत बनाने पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 27 और 28 नवंबर को सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में कैंसर देखभाल और शहरी स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने किया और इसमें प्रमुख सचिवों, मिशन निदेशकों (एनएचएम), वरिष्ठ अधिकारियों और कैंसर नियंत्रण, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) और शहरी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के नोडल अधिकारियों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य भाषण देते हुए, देश भर में कैंसर सेवाओं को मजबूत करने की सरकार की प्राथमिकता की पुष्टि की। उन्होंने केंद्रीय बजट 2025-26 में कैंसर उपचार के विकेंद्रीकरण, तृतीयक केंद्रों पर बोझ कम करने और समय पर कीमोथेरेपी और अनुवर्ती देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक ज़िले में डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित करने का उल्लेख किया। उन्होंने सामुदायिक स्तर की जाँच से लेकर ज़िला स्तर के उपचार और उन्नत देखभाल तक कैंसर देखभाल की एक मजबूत कड़ी के निर्माण पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) पहुँच बढ़ाने और परिणामों में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने उद्घाटन सत्र के दौरान, एनपी-एनसीडी प्रशिक्षण मॉड्यूल, एफआरयू दिशानिर्देश 2025, और निःशुल्क निदान पहल के अंतर्गत प्रयोगशाला सेवाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु परिचालन दिशानिर्देश सहित प्रमुख नीतिगत दस्तावेज जारी किए। कार्यशाला में डीसीसीसी मॉडल, सामान्य कैंसर के लिए मानक उपचार कार्यप्रवाह, कार्यान्वयन की निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, वायरल हेपेटाइटिस स्क्रीनिंग के एकीकरण और एनक्यूएएस के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।
एनएचएसआरसी, टाटा मेमोरियल सेंटर, एएचपीजीआईसी ओडिशा, एनसीडीसी और आईसीएमआर के विशेषज्ञों ने नैदानिक और कार्यक्रम संबंधी मार्गों को मजबूत करने पर अपने विचार साझा किए। ओडिशा, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने कैंसर स्क्रीनिंग, सामुदायिक सहभागिता और ज़िला-स्तरीय सेवा वितरण में सर्वोत्तम विधियों का प्रदर्शन किया और अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए मापनीय मॉडल प्रस्तुत किए।कैंसर विशेषज्ञों और कार्यक्रम प्रमुखों के एक राष्ट्रीय पैनल ने एक एकीकृत कैंसर देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने, बहु-विषयक समन्वय को बढ़ाने, शीघ्र पहचान में सुधार लाने और जिला-स्तरीय क्षमता का विस्तार करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने डीसीसीसी शुरू करने, मानक उपचार कार्यप्रवाह अपनाने, सामान्य कैंसर की जांच को मजबूत करने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से उच्चतर केंद्रों तक रेफरल प्रक्रिया में सुधार लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
कार्यशाला का दूसरा दिन राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य एजेंडे पर केंद्रित था। श्रीमती श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए तेजी से बढ़ती शहरी आबादी और विचार-विमर्श से प्राप्त अनुभव को ध्यान में रखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा शहरी स्वास्थ्य चुनौतियों का सक्रियता से सामना करने की आवश्यकता पर बल दिया। अपर सचिव एवं मिशन निदेशक (एनएचएम) सुश्री आराधना पटनायक ने शहरी स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के लिए एकीकृत और शहर-विशिष्ट रणनीतियों को अपनाने के महत्व पर बल दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में संयुक्त सचिव (नीति) श्री सौरभ जैन ने शहरों और कस्बों में शहरी स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाने के उद्देश्य से संशोधित एनयूएचएम ढाँचे का मसौदा प्रस्तुत किया।
कार्यशाला में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की प्रमुख प्राथमिकताओं का उल्लेख किया गया, जिनमें बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना, सेवा वितरण में सुधार, रेफरल कड़ी को मजबूत करना और शहरी स्थानीय निकायों तथा राज्य स्वास्थ्य विभागों के बीच तालमेल को बढ़ावा देना शामिल है। राज्यों ने शहरी स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सर्वोत्तम विधियों और नवोन्मेषी मॉडलों को भी साझा किया। मंत्रालय ने एनयूएचएम ढांचे को बेहतर करने, शासन और निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने, तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा सभी नागरिकों, विशेषकर सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों के लिए अधिक सुलभ, न्यायसंगत और लचीली करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# संभल के युवक की बुलंदशहर में दर्दनाक मौत, तीन साथी घायल

**समाज जागरण**

संभल। ईंट ढोने का काम करने वाले संभल जनपद के गांव टांडा निवासी जाहिद हुसैन पुत्र शराफत हुसैन की बुलंदशहर में शनिवार को हुए सड़क हादसे में मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार, जाहिद अपने साथियों रिजवान पुत्र छिदा खां, उस्मान पुत्र छिदा खां और नजरुल पुत्र सलामतुल्लाह के साथ भूखरासी गांव (जनपद बुलंदशहर) से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर ईंट लेकर ऐचौड़ा कम्बौह (जनपद संभल) आ रहा था।
रास्ते में अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि जाहिद हुसैन की ईंटो में दबकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथी रिजवान, उस्मान और नजरुल गंभीर रूप से घायल हो गए।
सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस घटनास्थल की जांच-पड़ताल में जुटी है।
मृतक जाहिद हुसैन अपने पीछे दो बेटियां और पत्नी जैनब को छोड़ गया है। परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि हमारे घर में कमाने वाला एक ही था, अब हमारे पालन-पोषण का कोई सहारा नहीं बचा।

# सगे भाइयों के साथ मारपीट करने वाले आरोपित के खिलाफ: मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मडावर। दूध बेचने गए दो सगे भाइयों के साथ मारपीट करने वाले आरोपित के खिलाफ मडावर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।
शुक्रवार को प्रभात कुमार पुत्र दिनेश गांव देवीदासवाला निवासी ने मंडावर थाने में तहरीर देते हुए बताया की गुरुवार की सुबह मेरा भाई विवेक कुमार दूध बेचने के लिए दयालवाला गांव में गया हुआ था। तभी वहां टीकम पुत्र हरिराम गांव दयालवाला निवासी से मेरे भाई विवेक की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। और सुचना पर में भी मौके पर पहुंच गया, तो टीकम सिंह व उसके परिवार वालों ने हम दोनों भाइयों के साथ गाली गलोच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। और जान से मारने की धमकी दी और हम दोनों भाइयों के गंभीर चोटे आई,जिसका इलाज निजी चिकित्सा के यहां चल रहा है। वही मंडावर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नगला मोड़ प्राथमिक विद्यालय में बाल मेले की धूम

**बच्चों ने लगाए आकर्षक स्टॉल, हुनर देख अभिभावक हुए खुश**

**समाज जागरण**

कासगंज/सिढ़पुरा। प्राथमिक विद्यालय नगला मोड़ में आयोजित बाल मेले में बच्चों ने अपने कौशल और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। हर्षोल्लास के माहौल में आयोजित इस मेले में विद्यार्थियों ने गोलगप्पे, भेलपुरी,



शरबत, चाट, गुब्बारे फोड़ोझइनाम पाओ जैसे कई आकर्षक स्टॉल लगाए, जिन्हें अभिभावकों और शिक्षकों ने खूब सराहा।
इंचार्ज प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर आयोजित इस मेले में बच्चों ने न केवल अपने हुनर का परिचय दिया, बल्कि सामान बिक्री कर आर्थिक प्रबंधन और व्यवहारिक ज्ञान भी अर्जित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था।
मेले में इंचार्ज प्रधानाध्यापक संदीप कुमार, शिक्षामित्र मुनीश कुमार, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री वेदवती, विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# रक्फ़कार्य का निरीक्षण, तेजी लाने के निर्देश

## खंड विकास अधिकारी पहुंचे विभिन्न बूथों पर

**समाज जागरण**

कासगंज/पटियाली। जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) पर कार्यभार अधिक होने के कारण कई विभागों के कर्मचारियों को भी सहयोग हेतु नियुक्त किया गया है। शनिवार को उप जिलाधिकारी पटियाली प्रदीप कुमार विमल के निर्देशन में अधिकारी लगातार SIR कार्य की प्रगति और प्रतिशत की



समीक्षा करते रहे तथा निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया।
इसी क्रम में पटियाली के खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार ने एडीओ पंचायत मंजुल कुमार के साथ प्राथमिक विद्यालय घोसगंज, राजा रिजोला, रनैठी, बहोरा, बढ़ोला समेत कई बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रक्फ़से जुड़े प्रपत्रों, मतदाता सत्यापन और प्रगति रिपोर्ट की जांच कर जिम्मेदारों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।
अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शेष कार्यों को समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाना है। उन्होंने BLOs और सहयोगी कर्मचारियों को लगातार फील्ड में सक्रिय रहने और voters' list को सटीक व अद्यतन बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।
निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि कहीं भी डेटा एंट्री, दस्तावेज सत्यापन या मतदाता मिलान की प्रक्रिया में देरी न हो, जिससे SIR अभियान सुचारू रूप से अंतिम चरण तक पहुंच सके।

# पीएमएमएल शोधकताओं के लिए दुर्लभ अभिलेखीय संग्रह तक दूरस्थ पहुंच को संभव बनाता है

प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल), जो स्वतंत्रता के बाद से भारत के सभी प्रधानमंत्रियों की विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करने के लिए समर्पित एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान है, इसने अपने विशाल अभिलेखीय संसाधनों तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। पीएमएमएल में दुर्लभ अभिलेखीय सामग्रियों का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह है, जिसमें 1,300 से ज्यादा व्यक्तियों और संगठनों से संबंधित 2.5 करोड़ से ज्यादा दस्तावेज शामिल हैं। आधुनिक और समकालीन भारतीय इतिहास का अध्ययन करने वाले प्रामाणिक शोधकर्ता और विद्वान नियमित रूप से इन अभिलेखों का अवलोकन करते हैं। एक ऐतिहासिक पहल के तहत, पीएमएमएल अपने दुर्लभ अभिलेखीय संग्रह, जिसमें व्यक्तिगत पत्र-पत्रिकाएँ, पत्राचार, भाषण, डायरियां और समाचार पत्र लेख शामिल हैं, का एक व्यापक डिजिटलीकरण परियोजना शुरू कर रहा है। यह परिवर्तनकारी प्रयास, वास्तविक शोधार्थियों के लिए सीमित दूरस्थ पहुंच को सक्षम करते हुए, नाजुक दस्तावेजों के दीर्घकालिक संरक्षण को सुनिश्चित करता है। अक्सर उपयोग की जाने वाली सामग्री का एक बड़ा हिस्सा पहले ही डिजिटलीकृत, अपलोड और नव-विकसित प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध कराया जा चुका है। इन डिजिटल अभिलेखागारों तक दूरस्थ पहुँच की सुविधा के लिए एक समर्पित सूचना प्रौद्योगिकी मंच बनाया गया है। पंजीकृत विद्वान अब विशिष्ट अभिलेखीय दस्तावेजों को देखने के लिए पीएमएमएल परिसर में आए बिना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। स्वीकृत होने के बाद, अनुरोधित सामग्री केवल देखने के लिए विद्वान के कंप्यूटर पर सुरक्षित रूप से उपलब्ध करा दी जाएगी।

# चोरी का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के वाहन व हथियार बरामद

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)



पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन चोरों को गिरफ्तार करते हुए बोलोरो पिकअप गाड़ी हुई चोरी का खुलासा कर तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार बरामद कर कानूनी कार्रवाई करते हुए चोरों को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी ग्रामीण अमित कुमार पुत्र बीरसेन की उसके प्लांट से विगत 19 नवंबर को बोलोरो पिकअप गाड़ी चोरी हो गई थी। पीड़ित ने थाने पर अभियोग दर्ज कराया था। शनिवार को क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र के इस्सोपुरटील इंटर कॉलेज के निकट संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग में पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोकर उसमें सवार तीन लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए तीनों ने अपना नाम सलमान निवासी कैराना रईमुद्दीन निवासी सीलमपुर दिल्ली व धीरज सिंह, खुर्जा बुलंदशहर, से पूछताछ की तो तीनों बोलोरो पिकअप गाड़ी चोरी करना स्वीकार किया पुलिस में पकड़े गए चोरों के निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस और चाकू सहित अन्य सामग्री बरामद की। शनिवार को पुलिस ने पकड़े गए चोरों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## बाजार में ट्रैक्टर ट्राली से सामान चोरी करने का प्रयास, भीड़ ने रंगे हाथ पकड़ा

समाज जागरण कांधला।



कस्बे के मेंन बाजार में ट्रैक्टर ट्राली से व्यापारियों का समान उतार रहे एक व्यक्ति का बाइक सवार चोर ने सामान चोरी कर लिया। और फरार होने लगा आसपास के लोगों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। कस्बा निवासी फूल कुमार अपने ट्रैक्टर ट्राली से व्यापारियों का सामान भरकर, कस्बे में सप्लाई करता है। शनिवार को ट्रैक्टर ट्राली चालक कस्बे के मेंन बाजार में व्यापारियों का सामान उतारने के लिए आया हुआ था। बाइक सवार एक युवक
ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से समान उतार कर भागने लगा ट्रैक्टर चालक ने शोर मचा दिया तो आसपास के व्यापारियों सहित भीड़ ने मौके से बाइक सवार युवक को पकड़ लिया।व्यापारी पकड़े गए युवक को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को सौंप दिया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने बताया कि पूर्व में भी पकड़े गए आरोपी ने कई बार चोरी की घटना को बाजार में अंजाम दिया है। व्यापारीयों ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सिद्धांत और व्यवस्थाओं के अंतर पर किया अमृत वचन

समाज जागरण



शामली। शहर के जैन धर्मशाला में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री नयन सागर मुनिराज ने अपने मंगल प्रवचन में सिद्धांत और व्यवस्थाओं के मूलभूत अंतर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सिद्धांत शाश्वत होते हैं, कभी नहीं बदलते, जबकि व्यवस्थाएं समय, परिस्थिति और युग के अनुसार बदलती रहती हैं।
आचार्य श्री ने अहिंसा को एक अपरिवर्तनीय सिद्धांत बताते हुए कहा कि चाहे समय कितना भी बदल जाए, अहिंसा का महत्व सदा समान रहता है। मौसम के बदलने, समाज की व्यवस्थाओं में परिवर्तन और जीवन की परिस्थितियों के उदाहरण देकर उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यवस्थाओं का बदलना प्राकृतिक है, परंतु सिद्धांत स्थायी रहते हैं। प्रवचन में जिनेंद्र शब्द की व्याख्या करते हुए मुनिराज ने कहा कि यह किसी व्यक्ति का नाम नहीं, बल्कि उन आत्माओं का वर्णन है जिन्होंने इंद्रियों और कषायों पर विजय प्राप्त कर ली है। यह महान आत्माओं की उपासना का रूप है। आचार्य श्री ने ऐतिहासिक उदाहरणों में सुकौशल की मां तथा वर्तमान परिस्थितियों में बुजुर्ग साधुओं के तप और सर्दी सहन करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक क्षमताएं बदलती हैं, पर सिद्धांत की शक्ति अटल रहती है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। चाहे वह तीर्थंकरों की अवगाहना हो, आयु हो या समाज की व्यवस्था। इस संदर्भ में उन्होंने पंच परावर्तन का उल्लेख करते हुए बताया कि जो व्यक्ति परिवर्तन को समझ लेता है, वह किसी एक व्यवस्था में आसक्त नहीं रहता। मुनिराज ने ज्ञानियों और मूर्खों के अंतर पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुमित जैन, शरद जैन, भूषण लाल जैन, मोहित जैन, सचिन जैन, रमेश चंद जैन, सुधीर जैन, निधि जैन आदि मौजूद रहे।

## रॉक गोल्ड एकेडमी में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

समाज जागरण



शामली। शहर के रॉक वर्ल्ड एकेडमी में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। समारोह का आकर्षक थीम रेस एंड रिदम फिटनेस विद ताल रहा, जिसके अनुरूप विद्यार्थियों ने खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष तजेंद्र निर्वाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं खेल मशाल जलाकर किया। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रसन्न चौधरी, डा. अरुण कुमार राय, चंद्र कुमार गुप्ता, आजाद चौहान, प्रतीक गर्ग सहित विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने स्प्रिंट, हर्डल रेस, रिले रेस, पिक्कर रेस, फाइव-लेग रेस और गेस्टिंग रेडी फॉर स्कूल रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पंक्ति-बद्ध नृत्य, एरोबिक्स, डंबल सर्कल, ताइक्वांडो मूव्स, योग तथा रंग-बिरंगे छातों के साथ प्रस्तुत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और समारोह में चार चांद लगा दिए। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए चाणक्य हाउस ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विजेता हाउस बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियंक गोयल और प्रधानाचार्या राजश्री ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि समग्र विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और प्रतिभागी छात्रों की प्रशंसा के साथ हुआ।

## किसान इंटर कॉलेज में बाल विवाह व बाल श्रम पर जागरूकता कार्यक्रम

समाज जागरण




शामली।(फुरकान जंग) मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन के निर्देशन में किसान इंटर कॉलेज थानाभवन में बालिकाओं को बाल विवाह और बाल श्रम के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डा. श्रीमती प्रतिभा ने की। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन के जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा ने बताया कि बाल विवाह या बाल श्रम की शिकायत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर की जा सकती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर पाऊल चौधरी ने हेल्पलाइन के कार्य संचालन की जानकारी दी। प्रति भागियों को दहेज प्रतिषेध अधि नियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजनाकृके साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1098, 1090, 181, 112, 102, 108, 1076 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं को बाल विवाह न करने और न होने देने की शपथ दिलाई गई।

# गढी दौलत के युवक की ससुराल मे संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)



ससुराल में गए थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों का आरोप है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पीट-पीट कर हत्या की गई है। शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सपुर्द ए खाक कर दिया है।परिवार जनो ने पुलिस से कार्यवाई की मांग की है, पुलिस जांच मे जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी 28 वर्षीय मुस्तफा पुत्र इदरीश की शादी 11 वर्ष पूर्व बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव सिक्का इदरीशपुर निवासी युवती के साथ हुई थी। परिवार जनों के अनुसार युवक विगत शुक्रवार की शाम को घर से अपनी ससुराल में कह कर गया था। देर शाम परिवार के लोगों को सूचना मिली कि युवक बड़ौत कोतवाली क्षेत्र की नहर पटरी पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जानकारी मिलने पर युवक के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस की मदद से युवक को बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में मेरठ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेरठ अस्पताल ले जाते समय घायल युवक की मौत हो गई और उसने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया।पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। शनिवार सवेरे शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है।परिजनों ने आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पिटाई की गई है जिस कारण उसकी मौत हुई है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया 11 वर्षीय लड़की इंशा व 7 वर्ष का अफ्फान है, जिनका परिवार सहित रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है मामले में पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल,गंभीर हालत में मेरठ रेफर

समाज जागरण कांधला।



थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित आल्दी बस स्टैंड के समीप कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत में हायर सेंटर के लिए रेफर किया है। जनपद मुजफ्फरनगर निवासी अंकित बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से पानीपत गया हुआ था। और शुक्रवार की देर शाम बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग आल्दी बस अड्डे के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से जा रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार घायल होकर जमीन पर जा गिरा। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है।कार चालक हदसे को अजाम देकर फरार हो गया।

## जगदीश चंद्र बसु जयंती समारोह आयोजित

समाज जागरण



शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली में महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की जयंती पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में बसु के अद्वितीय योगदान को स्मरण करना और नई पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य वक्ता अमित कुमार ने उनके शोध विशेषकर पौधों में संवेदनशीलता, रेडियो विज्ञान, तथा माइ क्रोवेव तकनीककृपर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिसमें सृष्टि पांचाल ने प्रथम, नंदिनी ने द्वितीय और शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जगदीश चंद्र बसु का जीवन वैज्ञानिक दृष्टि, नवाचार, और समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार,
अमित कुमार, मोहित कुमार, रवि कुमार, कविता, गीता रानी, उपासना, दिव्या, साक्षी, अनीता उपस्थित रहे।

## सत्यनारायण शिशु मंदिर में स्पोर्ट्स डे का रंगारंग आयोजन

समाज जागरण



शामली। शहर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर में शनिवार को कक्षा चार और पांच के विद्यार्थियों के लिए स्पोर्ट्स डे का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, खो-खो, स्पून रेस, फ्रॉग रेस, 100 मीटर दौड़, बैलून बस्टिंग, रस्सा कूद सहित कई रोचक खेलों का ायोजन किया गया। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खूब आनंद लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी कौशलता दिखाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार गर्ग, अध्यक्ष राजीव संगल तथा प्रधानाचार्य उमेश शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताया। स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम में समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं तथा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एसआईआर में 99 प्रतिशत तक फार्म जमा करने का आहवान

समाज जागरण



शामली। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत फार्म भरने में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए समाजवादी पार्टी पदा धिकारियों व बीएलए ने जाफरपुर तथा सरस्वती बाल विद्या मंदिर में शिविर लगाकर ग्रामीणों की सहायता की। सपा नेता प्रो. सुधीर पंवार ने बताया कि सबसे अधिक समस्या उन मतदाताओं को आ रही है जो दूसरी जगह से आकर बसे हैं, विशेषकर महिलाओं को, जिन्हें पुराने एपिक नम्बर व भाग संख्या की जानकारी नहीं है। इंटरनेट सुविधा न होने के कारण भी दिक्कतें बढ़ रही हैं।
उन्होंने कहा कि पार्टी के सुझाव पर प्रशासन ने बीएलए को बीएलओ या एसडीएम कार्यालय में सीधे फार्म जमा करने की अनुमति दे दी है। पंवार ने कहा कि 2025 की मतदाता सूची में मृत मतदाताओं को छोड़कर 99 प्रतिशत तक फार्म जमा हो जाने चाहिए, क्योंकि प्रदेश में मृत्यु दर काफी कम है। उन्होंने मुस्लिम समाज में एसआईआर को लेकर चल रही भ्रांतियों को दूर करने की बात भी कही। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने समय सीमा बढ़ाने की मांग की।

## डीएम के आदेश पर हुई पालिका द्वारा बनवाई गई हॉट मिक्स सड़कों की जांच

समाज जागरण



शामली।(फुरकान जंग) डीएम अरविंद कुमार चौहान के दिशा-निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने शामली शहर में नगर पालिका द्वारा बनवाई गई हॉट मिक्स सड़कों की जांच की। सड़कों का मानकों के तहत निर्माण नही होने की शिकायत सभासदों ने डीएम से की थी, जिसकी जांच पीडब्ल्यूडी के एक्सन को सौंपी गई है। शनिवार को नगर पालिका सभासद निशिकांत संगल और अनिल उपाध्याय डीएम अरविंद कुमार चौहान से मिले। सभासदों ने डीएम से शिकायत की कि उनके द्वारा 15 नवंबर को शामली नगर पालिका द्वारा शहर में बनवाई गई हॉट मिक्स सड़कों के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, जिसकी जांच पीडब्ल्यूडी के एक्सन को सौंपी गई थी, लेकिन उनके द्वारा अब तक कोई जांच सुनिश्चित नही की गई है। सभासदों की सुनवाई के बाद डीएम के दिशा-निदेशों के अनुक्रम में पीडब्ल्यूडी के एई दीपेंद्र जायसवाल ने संबंधित सड़कों की जांच कराई। शहर के नगर पालिका गेट पर सभासदों की शिकायत पर टीम ने पहुंचकर जांच की। सभासद ने बताया कि संबंधित सड़क का टेंडर 89 लाख में हुआ था, लेकिन पूरा कार्य अनियमितता से किया गया, जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। उधर, पीडब्ल्यूडी के एई के द्वारा कराई गई जांच के दौरान नगर पालिका के संबंधित अफसर भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट शीघ्र ही जिलाधिकारी को भेजी जाएगी।

## वृद्ध के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण

कैराना। साझे की फसल के बकाया रुपये देने का तकादा करने पर वृद्ध के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। गांव बीबीपुर हटिया निवासी इकराम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसने गांव के ही गुरूरान व उस्मान के साथ साझे में भूमि ठेके पर लेकर धान की फसल बोई थी, जिसमें धान की फसल के पांच हजार रुपये बाकी रह गए थे। 27 नवंबर की शाम करीब चार बजे वह अपने घेर में बैठा हुआ था। तभी दोनों वहां घुस आए और उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों को आता देख आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जेठ पर बुरी नीयत से दबोचने का आरोप,पुलिस जांच में जुटी

समाज जागरण कांधला।

कस्बा निवासी एक महिला ने अपने जेठ पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला ने बताया कि उसका जेठ उस पर बुरी नियत रखता है आए दिन उसके कमरे में घुसने का प्रयास करता है। और हाथापाई करता रहता है। पीड़ित महिला का आरोप है कि विगत शुक्रवार की शाम को वह अपने कमरे में अकेली बैठी हुई थी आरोप है कि तभी उसकी जेठ जबरदस्ती उसके कमरे में घुस गया और छेड़छाड़ करते हुए हाथापाई करनी शुरू कर दी। पीड़िता का शोर सराबा सुनकर मौके पर पीड़िता की सास पहुंच गई आरोप है कि आरोपी जैठ ने उसके साथ भी मारपीट की और कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने आरोपी जैठ के विरुद्ध नामजद तहरीर देखकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में आधा दर्जन से अधिक विरुद्ध मुकदमा दर्ज

समाज जागरण कांधला।

थाना क्षेत्र कै गांव आल्दी में एक सप्ताह पूर्व दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक महिला पुरुषों के विरूद्ध अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में विगत 23 नवंबर को रोहतास, पक्ष व विनोद पक्ष के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी मारपीट में दोनों पक्षों में जमकर लाठी,डंडे व धारदार हथियार चले थे, मारपीट में विनोद पक्ष से विनोद व उसका दामाद बसंत एवं पुत्री मानसी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एवं रोहतास पक्ष से अनुज,सनुज,व दो पुत्री साक्षी व रुचि, घायल हो गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। घायलों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के आधा दर्जन से भी अधिक महिला पुरुषों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मुण्डेटकला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) कैराना विकास खंड के मुंडेटकला में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं



की जानकारी दी गई और ग्रामीण युवाओं व अभ्यर्थियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जुगल किशोर ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा वरुण सिंह सह निदेशक, गोविन्द सिंह मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

समाज जागरण

शामली। शहर के काबडौत पुल पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल युवक को शामली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसको मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। शनिवार को संभल निवासी मोनू पुत्र



सरदार सिंह अपनी बाइक पर सवार होकर चंढीगढ से मुरादाबाद जा रहा था। बताया जाता है कि शनिवार सुबह जब वह शहर कोतवाली क्षेत्र के काबडौत पुल के निकट पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर बाद युवक डिवाईडर से जा टकराया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची शहर कोतवाली पुलिस ने घायल युवक को शामली सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसके दोनों पैरों की हडिडयां टूटने के कारण मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल युवक के परिजनों को सूचना दी गई।

## दहेज उत्पीड़न व छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज

समाज जागरण

कैराना। विवाहिता ने दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ व जान से मारने के प्रयास के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। गांव मवी निवासी एक विवाहिता ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व थानाभवन थाना क्षेत्र के गांव में युवक के साथ हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग दहेज से संतुष्ट नहीं थे और बुलेट बाइक के साथ ही दो लाख रुपये नकदी की मांग कर रहे थे। उसके कोई संतान भी नहीं। इसी के चलते उसका उत्पीड़न किया गया। 27 अगस्त को उसके पति, ससुर, सास, दो देवर व ननद ने उसके साथ मारपीट की। उसके दोनों देवरों उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ दिए। सूचना पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे, जिस पर आरोपियों ने उसके भाई और भाभी के साथ भी गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। इसके बाद उसका भाई उसे लेकर मायके आ गया। आरोप है कि 31 अगस्त को उसके ससुराल वाले उसके मायके आए, जिन्होंने दहेज की मांग दोहराई। मना करने पर मारपीट की गई। सास और ननद ने उसके गले में चुन्नी डालकर जान से मारने का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यपाल सिंह के जन्मदिवस पर लोगों ने दी बधाई

**समाज जागरण बागपत।**



पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार, पूर्व कुलाधिपति गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार, पूर्व कमिश्नर मुंबई पुलिस व बागपत के पूर्व सांसद डॉक्टर सत्यपाल सिंह के जन्म दिवस पर ढेरों लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर कुंडू खाप चौधरी (उत्तर प्रदेश) चौधरी गजेंद्र सिंह कुंडू ने डॉक्टर सत्यपाल सिंह के जन्म दिवस पर कहा कि आपका हर वर्ष सुख समृद्धि और उपलब्धियां से भरपूर रहे और आपका जीवन मंगलमय हो। बताया कि कोरोना काल में स्थगित दो ट्रेन 24 नवंबर 2025 को दिल्ली-शाहदरा-बागपत-बड़ौत- शामली के लिए पुनः चलवाने के लिए भी समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव व डॉ सत्यपाल सिंह को वह बधाई देते है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष कोमवीर सिंह तोमर ने भी डॉक्टर सत्यपाल सिंह को अपना बधाई संदेश देते हुए उन्हें जन्मदिन व दो ट्रेनों के पुनः संचालन की बधाई दी है।

## डॉक्टर रेशमा राजपूत का बागपत में हुआ भव्य स्वागत

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत नगर की राशिद कॉलोनी में रहने वाले नासिर राजपूत की बेटी रेशमा राजपूत ने ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर से प्रथम श्रेणी में बीए एमएस की डिग्री प्राप्त की है। ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर के दीक्षांत समारोह से बागपत पहुँचने पर डॉक्टर रेशमा राजपूत का नगर के लोगों ने फूलमाला पहनाकर, गुलदस्ता व उपहार भेंट कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित सीनियर जर्नालिस्ट विपुल जैन ने डॉक्टर रेशमा राजपूत के पिता नासिर और उनकी माता आशमा की जमकर प्रशंसा की। कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद जिस प्रकार इन दोनों ने अपने बच्चों की जो अच्छे से परवरिश की व उनकी पढ़ाई-लिखाई कराई वो काबिले तारीफ है, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मान समारोह का संचालन सुषमा रानी ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर रेशमा राजपूत के पिता नासिर, माता आसमा, भाई जुनेद, नावेद, फरीद व जानिब, बहन गुलफसा, मामा नईम राणा, मामी हिना बेगम, बीएसपी नेता हाजी फिरोज, रोहित धनकड़, नीतीश भारद्वाज सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में यमुना हाउस ओवरऑल चैंपियन

**समाज जागरण बागपत।**



गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव का समापन अंतिम दिन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। तीन दिवसीय महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए यमुना हाउस ओवरऑल चैंपियन बना, जबकि अलकनंदा हाउस उपविजेता रहा। अंतिम दिन सीनियर वॉलीबॉल फाइनल में अलकनंदा हाउस ने गंगा हाउस को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं कबड्डी फाइनल में नर्मदा हाउस ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए यमुना हाउस को 40-15 से मात दी। शॉट पुट प्रतियोगिता में रजत ने 10.74 मीटर का प्रभावशाली थ्रो कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को महिला मल्ल नीलम तोमर तथा विद्यालय प्रबंधक डॉ. अनिल आर्य ने पदक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। समारोह का सफल संचालन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका के साथ हुआ।

## सेंट आरसी के छात्र चौधरी मुनाफ ने जीत मेडल, कोतवाल ने किया सम्मानित

**समाज जागरण**
**शामली कैराना।(फुरकान जंग)**

नगर के सेंट आरसी स्कूल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को स्कूल स्टाफ सहित मुख्य अतिथि कोतवाली प्रभारी ने मेडल पहनकर एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अभि भावक एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शनिवार को नगर के सेंट आरसी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया बालिका वर्ग रेस में फलक, जोया, खुशी, 100 मीटर दौड़ में फराहा,दिशा, अनुष्का, प्राची, म्यू जिकल चेयर मे आरुषि, अनन्या सोनाक्षी, शमा ,अलीना ,अनन्या, ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। बालक वर्ग में वॉलीबॉल टीम में बी टीम, लक्ष्य, तनिष्क, स्वामी, तनिश कुमार, अकब, प्रणव, आदिल, अनन्त ,अम्मन ने प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल कर गोल्ड मेडल जीता। कबड्डी में ए टीम के, उज्जवल,सैफ, अपर्ण,व शाद ने संघर्ष करते हुए जीत प्राप्त कर गोल्ड मेडल झटका। 200 मीटर दौड़ में चौधरी मुनाफ ने मेडल जीतकर अपने गांव और अभिभावकों का नाम रोशन किया। कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान निर्देशक यशपाल पवार, प्रबंधक अरविंद दृष्टा, लोकेंद्र सिंह ,प्रमोद कुमार,अमित कुमार, इमरान अली, विवेक चौहान, अफसर अली,सहित अभिभावक और विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एसीपी ने की अगवानी और थानेदार ने बरसाए फूल-

### निगोहां में घर - घर पूजे गए राम। निगोहां की राम बरात में दिखी गंगा जमुनी तहजीब



**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ निगोहां में शनिवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर से निगोहां कस्बे में हांथी, घोडा, पालकी, बग्घी, ऊंट, व बाइक, डी जे, कारो के साथ भव्य आतिशबाजी कर श्री राम बरात निकाली गयी। एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय ने आरती उतारकर श्रीराम बरात की अगवानी की तो निगोहां थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने भगवान पर पुष्प वर्षा की । बरात में हिन्दू समुदाय के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के लोग व किन्नर समुदाय की लोग भी शामिल हुए और हिन्दू- मुस्लिम एकता की मिशाल कायम हुई। मेला प्रबन्धक लक्ष्मीकांत तिवारी व अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर दो दिनों का आयोजन हुआ, जिसमे शुक्रवार को रामलीला धनुष यज्ञ व शनिवार को श्रीराम बरात का आयोजन किया गया। पहले दिन शुक्रवार को भव्य दीपोत्सव, आतिशबाजी ,धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शनिवार को भगवान श्री राम की बरात हनुमान मन्दिर से निकाली गयी और जगह - जगह बरात की अगवानी व जलपान की व्यवस्था भी की गयी। बारात में हाथी घोड़ा पालकी बाइक, कार, हाथी सहित हजारों की संख्या में हिंदुओं के साथ साथ मुस्लिम समुदाय के लोग ने भी शामिल होकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की। मेला उपप्रबंधक अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि यह मेला सैकड़ों वर्षों से चला आ रहा है वहीं लक्ष्मीकांत तिवारी ने सपत्नी हनुमान मन्दिर पर राम बरात की आगवानी की। जिसके बाद निगोहां में होटल रामगुलाम, लल्लन शुक्ल, थाना निगोहां, एस एन टी कालेज, नीशू मिश्र, सौरभ सिंह, राजीव सैनी सहित अन्य लोगों द्वारा बरात का स्वागत किया गया। वहीं एसीपी मोहनलालगंज विकास पाण्डेय व निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने नंगे पांव विधिवत भगवान श्री राम की आरती कर,माला पहना कर मिठाई वितरित करते हुए श्रीराम बरात का स्वागत करके दक्षिणा दी। थानाध्यक्ष निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि श्री राम बरात हेतु स्थानीय पुलिस बल तैनात की गई और कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मुकेश मिश्र, संतोष त्रिवेदी, राम मिलन यादव, सुनील त्रिवेदी, अंकुर त्रिवेदी, अजय मिश्रा, सहित मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

किन्नरों समुदाय के लोगो ने भी किया भगवान राम की बरात का स्वागतनिगोहां कस्बे में किन्नर प्रियंका सिंह रघुवंशी, मल्लिका, काम्या व रूही ने बरात का पूजन कर स्वागत किया आरती उतारकर फूल माला पहनाकर व जलपान करवाकर बरात की अगवानी की।

## नशा तस्करी पर सख़्त कार्रवाई - पुलिस ने 04 किग्रा 22 ग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को पकड़ा

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना मांची पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना प्रभारी मांची नागेश सिंह तथा चौकी प्रभारी सुअरसोत उपनिरीक्षक अनिल कुमार विश्वकर्मा मय पुलिस बल ग्राम सुअरसोत में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान बिहार की ओर से एक मोटरसाइकिल तेज गति से आती दिखाई दी। पुलिस टीम को देखकर चालक हड़बड़ाकर तिराहे से वाहन मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, किन्तु पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त चांद मुहम्मद उर्फ सोनू पुत्र सेराजुद्दीन उर्फ कल्लू, निवासी ग्राम खुटहनियाँ, थाना करमा, जिला सोनभद्र, उम्र लगभग 20 वर्ष। अभियुक्त के कब्जे से अवैध गांजा कुल वजन 04 किलोग्राम 22 ग्राम बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उसे मा0 न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में बालिकाओं को विधिक सेवा हेतु किया जागरूक

**समाज जागरण बागपत।**




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागपत की सचिव व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शबिस्ता आकिल के आदेशानुसार कल्याण भारती सेवा संस्थान के प्रबंध निदेशक व प्राधिकरण के विधिक स्वयंसेवक गोपी चन्द सैनी ने विधिक जन जागरण अभियान का आयोजन कर बागपत के राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में विधिक सहायता एवं जागरूकता कैंप का आयोजन कर कॉलेज की बालिकाओं को विधिक सहायता हेतु जागरूक किया। इसमे श्री सैनी ने कॉलेज की बालिकाओं को देश भर में जिला स्तरीय राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में और उनकी कार्यशैली व वाद-विवाद के निस्तारण हेतु विस्तार से बताया और देश भर में प्रत्येक जिला स्तरीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम जन को प्रदान कि जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। जिसमें दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को क्षति पूर्ति हेतु आर्थिक सहायता व आर्थिक दृष्टि से अक्षम व्यक्ति को प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान करना मुख्य रूप से लाभकारी बताया। कहा कि प्राधिकरण की ओर से विधिक सहायता हेतु समय-समय पर जनहित में अन्य प्रभावकारी योजनाओं का संचालन कराया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आम जन की निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पूरे देश भर में कार्यशील है, जिसके चलते प्राधिकरण की ओर से आम जन के वाद विवाद के निस्तारण हेतु समय- समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। वाद का निस्तारण आपसी सहमति और सुलह के आधार पर निस्तारित किया जाता है। इस अवसर पर हुकुम सिंह, इंदु कमला, अमित कुमार आदि मुख्य रूप से सहयोगी रहे।

## ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकला में चल रही खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**समाज जागरण बागपत।**

ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा में चल रही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर स्कूल में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के अंतिम




दिन स्कूल में कबड्डी, रेस, क्रिकेट और खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल ब्रिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी जरूरी है। इससे छात्र-छात्राओं का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि लेनी चाहिए। बताया कि जल्द ही खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता बच्चो को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर रामकिशोर शर्मा, सोनिका, दीपा जैन, इंदु शर्मा, रवि मलिक, दीपाली, सोनिका, शालू धामा, राखी शर्मा, मंजू, कोमल पांचाल, शिवानी कश्यप, मानसी ठाकुर, संगीता शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर दिया संदेश

### -खेकड़ा के एडीके जैन नेत्र अस्पताल के 6वें स्थापना दिवस में शामिल हुई जिलाधिकारी अस्मिता लाल

**समाज जागरण बागपत।**



खेकड़ा कस्बे में एडीके जैन नेत्र अस्पताल के 6वें स्थापना दिवस समारोह में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने नेत्रदान के महत्व पर जोर दिया। खुद भी नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होने कहा कि नेत्रदान एक सरल, वैज्ञानिक और सुरक्षित प्रक्रिया है, जिससे एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों की जिंदगी में रोशनी लौटाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मानवता की इस सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज में भी जागरूकता फैलाएं। जिलाधिकारी ने अस्पताल से जुडी संस्था ईशपुत्र के नेत्रदान फार्म को भरा। जिसमें साक्षी के रूप में सीएमओ डा. तीरथ लाल और नेत्र सर्जन डा. रूमा जैन ने हस्ताक्षर किए। जिलाधिकारी की प्रेरणा से मौके पर मौजूद कई लोगों ने भी नेत्रदान संकल्प-पत्र भरे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और एडीके जैन नेत्र अस्पताल द्वारा हाल ही में गांव गांव में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों की सराहना की, जिनकी मदद से बड़ी संख्या में मरीजों का चिन्हीकरण और सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कराए गए। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से कई लोगों को स्थायी अंधत्व से बचाया जा सकता है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से चेयरपर्सन डा मंजू जैन वर्मा ने बताया कि अस्पताल महान समाजसेवी अरिदमन कुमार जैन की स्मृति को समर्पित है, जिनकी मानवीय सोच को आगे बढ़ाने के लिए 1995 में ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। 2019 में खेकड़ा में आधुनिक नेत्र अस्पताल का निर्माण किया गया, जिसने छह वर्षों में हजारों लोगों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण व उपचार प्रदान कर महत्वपूर्ण पहचान बनाई है। संचालन सुरभि अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन नीलम धामा, ईशपुत्र संस्था के नगीन गुप्ता, मारूति मचानी, आजाद, सोमपाल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## पूर्व विधायक ने प्राथमिक विद्यालय को भेंट किया स्मार्ट बोर्ड

### -गांव गढ़ी श्याम के विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक व गांव गढ़ी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के द्वारा छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरण करने के साथ ही गांव गढ़ी श्याम के विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड दान किया गया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। वह जनपद भर में घूम कर प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे। गरीब बच्चों को सर्दी के मौसम में जर्सी वितरण के साथ ही किताबों का वितरण व स्मार्ट बोर्ड दान कर रहे हैं। शनिवार को पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे, जहां पर उनका विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय तोमर व विद्यालय स्टाफ के द्वारा भगवान श्री राम की प्रतिमा भेंट करने के साथ ही उन्हें शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल के द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए लगभग डेढ़ लाख रुपए की कीमत का स्मार्ट बोर्ड दान किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट बोर्ड में छात्र-छात्राओं को इंटरनेट सहित कई प्रकार की जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य गरीब तबके के लोगों को अच्छी शिक्षा दिलाना है। वह गांव दर गांव जाकर गरीब लोगों को उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए लगातार जागरुक कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र के गांव गंगेरू में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर रहे दो सौ पचास छात्र-छात्राओं को जर्सी वितरित की। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय गढ़ी श्याम के प्रधानाचार्य अजय तोमर, अजय मलिक, ओमवीर सिंह, जावेद जंग, दिनकर चौहान, विपुल शर्मा, अंजना सिंह, राखी, बनिता सहित आदि मौजूद रहे।

## कन्नौज: दस दिव्यांगजनो को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलें

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**



कन्नौज। विकास भवन परिसर में आज एक सामाजिक उत्थान कार्य क्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण द्वारा दिव्यांगजनों को 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिलों का वितरण किया गया। यह वितरण उत्तर प्रदेश सरकार की मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को प्रदत्त ट्राई साइकिल पर दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग द्वारा 25,000 रुपये तथा विधायक निधि से 20,000 रुपये का सहयोग प्रदान किया गया, जिससे पात्र लाभार्थियों को बेहतर गतिशीलता तथा आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया गया तथा लाभार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## कानपुर में बस अग्निकांड : मौत के मुंह से निकलने के बाद घर की ओर लौटे भयभीत यात्री

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। गत दिवस यहां हाईवे पर चलती बस में लगी भीषण आग के फल स्वरुप बड़ी मुश्किल से मौत के मुंह से निकल पाए यात्री अब अपने घर की ओर रवाना हो चुके हैं। इस बीच पुलिस ने भी सभी यात्रियों की सहायता करते हुए उन्हें उनके गंतव्य पर पहुंचने में सहायता भी की।

अवगतकरदे चले कि यहां कल शुक्रवार को नौबस्ता-रामादेवी नेशनल हाईवे पर एक चलती बस में अचानक आग लग गई थी, जिसके कुछ ही देर में आग बस में बुरी तरह से फैल गई थी, जिससे बस में सवार यात्रियों को बाहर निकलने में काफी कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा था। कुछ यात्रियों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई थी। चलती बस में भीषण आग की यह सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बस में फंसे बाकी लोगों को सुरक्षित निकलने में सफलता प्राप्त की थी। यद्यपि फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले ही बस पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी। यह घटना तब हुई जब शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे के आसपास करीब 35 यात्रियों से भरी एक बस दिल्ली से बनारस की ओर जा रही थी। इस दौरान रामादेवी चौराहे के पास अचानक बस में आग लग गई, फिर कुछ ही देर में आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया था। बस में रखा सामान धू-धूकर के जलने लगी थी।

फिलहाल काफी यात्री घटना के बाद ही प्राइवेट वाहनों से अपने गंतव्य को चले गए थे और जो बचे थे। वह भी आज पुलिस के सहयोग से अपने घरों की ओर रवाना हो गए। इनमें से लगभग सभी यात्रियों के हाथ खाली रहे क्योंकि उनका सारा सामान इस बस में जलकर राख हो गया।

## हेलमेट न पहनने और बिना बीमा के वाहन चालकों से 5 हजार तक वसूला जाएगा जुमार्ना, चेकिंग का महाअभियान शुरू

**समाज जागरण**

भोपाल। मध्यप्रदेश पुलिस सुरक्षा कि दृष्टि से हेलमेट के साथ-साथ अब बगैर बीमा वाले वाहन चालकों के खिलाफ मध्य प्रदेश में प्रदेशव्यापी अभियान 26 नवंबर से शुरू कर दिया है, जो 15 दिनों तक लगातार चलेगा, पुलिस ट्रेनिंग रिसर्च इंटीट्यूट (पीटीआरआइ) ने इसके आदेश जारी किए हैं। वहीं बगैर हेलमेट वाले वाहनों के खिलाफ पांच शहरों में शुरू हुए अभियान को पूरे प्रदेश भर में लागू कर दिया गया है। 26 नवंबर से बगैर हेलमेट वाले और बिना बीमा वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई शुरू हो गई है।

**1 हजार से लेकर 5 हजार तक का होगा चालान-:**

पीटीआरआइ द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में बताया गया है कि सार्वजनिक स्थान में प्रयोग होने वाले वाहन का कम से कम थर्ड पार्टी बीमा होना चाहिए, बिना वैध बीमा के वाहन चलाने या चलवाने पर मोटर व्हीकल अधिनियम 1988 की धारा 196 के तहत दोपहिया वाहन पर 1000, हल्के यान पर 3000 और भारी- मध्यम यान पर 5000 रुपए के जुमार्ने के अलावा कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

## सलखन न्यू पीएचसी मे हुआ मिनी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 362 मरीज हुए लाभान्वित

### विशेषज्ञों की टीम ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा, जाँच एवं परामर्श सहित दी सभी प्रकार की सुविधाएं

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी लखनऊ के निदेर्शानुसार सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र तथा स्वाशासी राज्य चिकित्सा महा विद्यालय जनपद सोनभद्र द्वारा मिनी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शनिवार को सलखन स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे से किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आये हुए सभी व्यक्तियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व निःशुल्क दवा, जाँच एवं परामर्श सहित सभी प्रकार की सुविधा विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। जिसमें हेपेटाइटिस बी.,सी. सिफिलिस टीबी, एच.आई.वी.,चर्म रोग, गुप्त रोग, स्त्री रोग सहित सभी प्रकार के चिकित्सा की सुविधा प्रदान करने के साथ ही सम्पूर्ण केन्द्र में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारियां दी गयी। आयोजित मिनी स्वास्थ्य शिविर में कुल 362 मरीजों जिसमें 167 पुरुष तथा 195 महिला



मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व निशुल्क दवा,जांच एवं परामर्श विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। मिनी स्वास्थ्य शिविर में डा. अनिकेत सिंह, डा. प्रियम सिंह, डा. अभिषेक विश्वकर्मा, काउंसलर एस.एस.के.सुनील श्रीवास्तव, ओ.आर.डब्ल्यू.एस.एस.के. सुनीता व अशोक सिंह, पियर एजुकेटर देवेश कुमार, ओ.आर .डब्ल्यू. टी.आई.प्रशांत पांडे, इंदू चौबे, शिवशंकर सिंह, पवन कुमार दुबे, दिनेश कुमार सिंह समेत तमाम ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## 20 दिसम्बर तक बढ़ाने की मांग

**समाज जागरण**

अकोदिया। मतदाता गहन पुनर्निरीक्षण अभियान के तहत एसआईआर फार्म भरवाए जा रहे हैं जिसको जमा करने की अंतिम दिनांक चार दिसम्बर है। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के संगठन मंत्री, खाटूश्याम सेना ट्रस्ट जिलाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार गेहलोत ने फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ाने की मांग चुनाव आयोग से की है।

समाजसेवी डॉ गेहलोत ने बताया कि कई मतदान केन्द्रों पर जहां मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक है वहां काम का दबाव भी बहुत अधिक है। यदि अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ा दी गई तो अधिकारी कर्मचारी बिना दबाव के आसानी से अपना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर सकेंगे। इस हेतु चुनाव आयोग से निवेदन है कि एसआईआर फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ा दी जायें।

## तपोभूमि जटेला धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने की महामहिम राज्यपाल से मुलाकात

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी। तपोभूमि जटेला धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने महामहिम राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष जी से मुलाकात की। तपोभूमि जटेला धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि स्वामी नितानंद महाराज जी के 225 वें निर्वाण दिवस पर आश्रम द्वारा देश भर के कई राज्यों में एक लाख पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की नई मिसाल पेश की गई है। उन्होंने बताया कि महामहिम के समक्ष आश्रम द्वारा अध्यात्म,योग,आयुर्वेद के बढ़ावे के साथ नशा मुक्त भारत अभियान, सनातन धर्म, शिक्षा एवं आयुर्वेद चिकित्सा तथा समाज कल्याण कार्यों की जगाई जा रही अलख एवं संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। महामहिम राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष ने बहुत ही गंभीरता से आश्रम द्वारा रखी गई रिपोर्ट को सुना और मुलाकात एवं चर्चा काफी सार्थक रही। महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि आज के समय में जल एवं भूमि प्रदूषण हमारे लिए गंभीर एवं विकराल चुनौती है । पर्यावरण संरक्षण देश के प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। हमें जल संरक्षण एवं भूमि सुपोषण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस मुलाकात में उनके संग राज्य रेड क्रॉस वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी, रघुबीर सिंह,आशीष कादियान, भारतीय शिक्षण मंडल हरियाणा प्रांत प्रचार सह प्रमुख ऋषि शर्मा, गौरव अंतिल थे।

## चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 29 नवंबर । कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्णी के मार्गदर्शन तथा माननीय रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा के सहयोग से चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) के उम्मीद काउंसलिंग एंड वेलनेस सेंटर द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत छात्रों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. नंदिनी लांबा (एमबीबीएस, एमडी, मनोचिकित्सक एवं अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, ड्रग डी-एडिक्शन सेंटर इंचार्ज, नोडल ऑफिसर झ जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, भिवानी) ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थों, उनके शारीरिक व मानसिक प्रभावों तथा नशे से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा एक गंभीर बीमारी है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती है, बल्कि उसके सामाजिक जीवन, संबंधों, शैक्षणिक प्रदर्शन और व्यवहार को भी प्रभावित करती है। डॉ. लांबा ने छात्रों को सतर्क, जागरूक और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति की प्रक्रिया का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है– मजबूत इच्छाशक्ति और प्रेरणा। साथ ही उन्होंने छात्रों को आवश्यकता पड़ने पर बिना झिझक पेशेवर सहायता लेने के लिए प्रोत्साहित किया, क्योंकि समय पर हस्तक्षेप पुनर्वास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सत्र का समापन एक स्वस्थ और नशा-मुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले संदेश के साथ हुआ। कार्यशाला में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और समुदाय में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के संकल्प को दोहराया।

## राइसीला ग्रुप की डायरैक्टर डा. ईशा वशिष्ट को नैशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

**समाज जागरण,**

जैतो, 29 नवंबरः राइसीला ग्रुप की डायरैक्टर और मशहूर डाइटीशियन डॉ. ईशा वशिष्ट को हेल्थ सेक्टर में उनके शानदार योगदान और समाज सेवा के लिए मशहूर "पायनियर ऑफ मेडिकल साइंसेज-2025" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड डॉ. ईशा वशिष्ट को दिल्ली में हुए एक बड़े समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और केमिकल्स और फर्टिलाइजर मंत्री जे.पी. नड्डा ने दिया। डॉ. ईशा वशिष्ट राइसीला ग्रुप धुरी के चेयरमैन श्री ए.आर. शर्मा की बेटी हैं और ए.पी. ऑर्गेनिक्स लिमिटेड की एक्टिव डायरेक्टर भी हैं। उन्होंने हेल्थ और न्यूट्रिशन के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है, लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रेरित किया है




और डायबिटीज, मोटापा और मेटाबोलिक बीमारियों पर खास तौर पर कई रिसर्च प्रोजेक्ट्स में भी अहम भूमिका निभाई है। डॉ. ईशा वशिष्ट की कोशिशों से ही कंपनी ने कुछ साल पहले गामा ओरिजानॉल बनाया, जिससे आम लोग हेल्दी लाइफस्टाइल अपना सकें। अवॉर्ड सेरेमनी में पॉलिटिकल, मेडिकल और सोशल फील्ड की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं, जिन्होंने डॉ. ईशा वशिष्ट को यह बड़ा सम्मान मिलने पर बधाई दी और उनके अच्छे भविष्य की कामना की। डॉ. ईशा वशिष्ठ ने कहा कि यह सम्मान उनकी लगातार कोशिशों को और तेज करेगा, और भविष्य में वह समाज के बड़े हिस्से में हेल्थ के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए और भी बड़े लेवल पर काम करेंगी।

## दो दिसंबर के प्रदर्शन को लेकर बीकेई ने चलाया गांवों में जनसंपर्क अभियान

* किसानों से 2 दिसंबर को बढ़चढकर सिरसा पहुंचने का किया अह्वान*

**समाज जागरण,**



सिरसा/कालांवाली (सुरेश जोरासिया) खरीफ -2024 में सिरसा जिले के 25 गांवों का बकाया बीमा क्लेम, खरीफ -2020 का बकाया मुआवजा, खरीफ -2023 का बीमा प्रीमियम वापसी का समाधान, नहरी पानी, मंडियों में किसानों की लूट व किसानों की अन्य मांगों को लेकर भारतीय किसान एकता द्वारा मंगलवार, 2 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय सिरसा में प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके लिए शनिवार, 29 नवंबर को बीकेई टीम ने लखविंदर सिंह औलख प्रदेशाध्यक्ष भारतीय किसान एकता की अध्यक्षता में जिले के अनेक गांवों का दौरा कर किसानों से प्रदर्शन में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। टीम बीकेई ने रामपुरा बिश्नोईयां, रामगढ़, चक जालू, गोरीवाला, लंबी, मोडी, मुन्ना वाली, चक फरीदपुर (दारेवाला), खाई शेरगढ़, खारिया, फतेहपुरिया, शेखूपुरिया में किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि किसानों की कुछ मांगों, जिनमें पिछले दिनों भारी बरसात, जल भरावए हिसार घग्गर ड्रेन से हुई तबाही के का मुआवजा व बीमा क्लेम जारी किया जाए, मंडियों में किसानों के साथ हो रही लूट को बंद किया जाए, कालांवाली की फग्गू अनाज मंडी में किसानों के साथ धान खरीद में हुई धोखाधड़ी की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल में गलत तरीके से पंजीकरण करने वाले गैंग का पदार्फाश किया जाए, बाजरे की भावांतर योजना के तहत किसानों के साथ खरीद में हुई लूट जांच की जाए, सीसीआई द्वारा नरमे की खरीद में अनावश्यक पोर्टल हटाकर सीधी खरीद चालू की जाए, नहरी पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए, बार-बार सफाई के नाम पर बंदी नहीं होनी चाहिए, किसानों के ट्रैक्टर पर बढ़ी हुई रजिस्ट्रेशन फीस वापस ली जाए, कृषि मंत्री भारत सरकार व हरियाणा सरकार बार-बार बयान दे रहे हैं कि यूरिया व डीएपी के साथ टैगिंग नहीं होगी, लेकिन फिर भी कोऑपरेटिव सोसायटियों, इफको सेंटरों व कुछ प्राइवेट सेंटर किसानों को टैगिंग के साथ खाद दे रहे हैं, उन पर अंकुश लगाया जाए। इन तमाम मांगों को लेकर मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को सुबह 10.30 बजे किसान शहीद भगत सिंह पार्क, बरनाला रोड पर इकट्ठे होंगे और वहां से 11.00 बजे डीसी दफ्तर सिरसा में विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर बीकेई से जगदीप सिंह गिल, लालचंद गोरीवाला, खुशदीप सिंह, कुलबीर सिंह कैमी, विनोद कुमार सरपंच, विजय सिंह, रोहताश, मनीराम, सुशील, अनुज, सुनील, संपत, हनुमान, दलीप सिंह नंबरदार, जोगेंद्र सिंह, विनोद सुथार, दर्शन सिंह, बेगराज, कृष्ण, विनोद कुमार, भानीराम सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## लोहारू क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं के लिए बजट की कमी नही रहने दी जाएगी: पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

### किसानों को भी डीएपी, यूरिया और कीटनाशकों के प्रयोग की बजाय सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से जहर मुक्त खेती करनी चाहिए

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 29 नवम्बर। प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने शनिवार को ढिगावा , गीगनाऊ, सुखदेव का बास, झांझडा हसनपुर, बरालू, बैराण, सिधनवा,ढाणी केहर, सुधीवास,पातवान, सुरपुरा, खेड़ा आदि गांव का दौरा कर विवाह समारोह में शामिल हुए और नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया।

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू क्षेत्र को विकास के मामले में किसी से पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। लोहारू क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं के लिए बजट की कमी नहीं रहने दी जाएगी। सरकार किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए किसान व गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की हैं। किसानों को भी डीएपी, यूरिया और कीटनाशकों के प्रयोग की बजाय सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से जहर मुक्त खेती करनी चाहिए। गाय के गोबर व गोमूत्र से बने जीवामृत , घनामृत आदि खादों का प्रयोग करना चाहिए ताकि शरीर भी स्वस्थ रहेगा और भूमि की भी उर्वरा शक्ति बढ़ेगी तथा लागत भी कम आएगी। समाज में भाईचारा भी मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली ,सडक, पेयजल, सीवरेज, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किए हैं। लोहारू क्षेत्र में सडक निर्माण, कृषि, बागवानी, पशुपालन, पेयजल सप्लाई व अन्य विकास परियोजनाओं को तेज गति से पूरा किया जा रहा है। श्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। सरकार ने हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है। भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में काम किया है, भारत की आज विश्व में अलग ही पहचान बनी है, देश ने अपने खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। केंद्र सरकार की तरह प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहितकारी नीतियां लागू कर लोगों का विश्वास जीतने का काम किया है। बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के बारे में सोचती है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना मजबूत हुई है।आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हुआ है। आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है। देश बदल रहा है और गरीब कल्याण के अनेक योजनाएं लागू हुई है। देश में करोड़ों शौचालय बनवाए हैं और करोड़ों जन धन के खाते खुलवाए गए हैं और डीबीटी के माध्यम से सरकार की योजनाओं का सीधा फायदा पहुंचा है। जेपी दलाल ने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने डीबीटी की शुरूआत कर 44 लाख करोड रुपए सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचना शुरू किया, भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। श्री मोदी सरकार में 99 फीसदी गांव सडक कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी बढ़ाने के लिए मौजूद वित्त वर्ष में कृषि बजट को रिकॉर्ड पांच गुना बढ़ाया गया है। देश का अन्नदाता ही भारत की ताकत है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को करीब 3. 7 लाख करोड से अधिक रुपए दिए गए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है। इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## अश्विनी वैष्णव और गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई जैसलमेर–दिल्ली (शकूर बस्ती) रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

नई दिल्ली,29 नवंबर केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज जैसलमेर स्टेशन से नई जैसलमेर-दिल्ली (शकूर बस्ती) रेल सेवा की विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।श्री वैष्णव ने जनभावना को देखते हुए घोषणा की कि जैसलमेर-दिल्ली (शकूर बस्ती) एक्सप्रेस का नाम स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस रखा जाएगा।जैसलमेर-दिल्ली (शकूर बस्ती) जैसलमेर एक्सप्रेस के शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी और राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र के बीच रेल संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। रामदेवरा, जोधपुर, मकराना, जयपुर और अलवर जैसे शहर अब राष्ट्रीय राजधानी से अधिक आसानी और सुविधा से जुड़ जाएँगे।यह नई सेवा उन्नत चिकित्सा और शैक्षिक सुविधाओं तक आसान पहुँच प्रदान करेगी, प्रमुख पर्यटन स्थलों से संपर्क में सुधार लाएगी और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। एक विश्वसनीय और सुविधाजनक यात्रा विकल्प प्रदान करके यह ट्रेन निवासियों, पर्यटकों, छात्रों और व्यवसायों सभी को समान रूप से लाभान्वित करेगी और क्षेत्रीय गतिशीलता और विकास को मजबूत करेगी।श्री वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रेल तेजी से प्रगति कर रही है और प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय रेल अपनी विकास यात्रा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए



प्रतिबद्ध है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में रेलवे विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं और लगभग 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ वर्तमान में प्रगति पर हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में रेल नेटवर्क के विस्तार के अंतर्गत अनूपगढ़ से खाजूवाला, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और भाभर तक एक नई लाइन का प्रस्ताव विभिन्न चरणों में है। इन लाइनों के निर्माण से न केवल आम जनता को लाभ होगा बल्कि सशस्त्र बलों के लिए रणनीतिक सहायता में भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।श्री वैष्णव ने बताया कि 2014 से पहले राजस्थान के लिए वार्षिक बजट आवंटन केवल लगभग 680 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर लगभग 10,000 करोड़ रुपये हो गया है। पोकरण स्टेशन पर रेल सुविधाओं के बारे में उन्होंने कहा कि रामदेवरा-पोकरण वाया भैरव गुफा और कैलाश टेकरी नई रेल लाइन का निर्माण पूरा होने के बाद इस स्टेशन पर सभी ट्रेनें रुकेंगी। उन्होंने अधिकारियों को इस लाइन का काम त्वरित गति से करने के निर्देश भी दिए।श्री वैष्णव ने जैसलमेर स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार के निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को कोचिंग डिपो के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि जैसलमेर से और अधिक रेलगाड़ियाँ संचालित की जा सकें।श्री वैष्णव ने जैसलमेर स्टेशन के पुनर्विकास के बारे में कहा कि इसका कायाकल्प 140 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में लगभग 4,000 करोड़ रुपये के निवेश से 85 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। राजस्थान में रेलवे के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने के लिए, छह जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें और एक जोड़ी अमृत भारत ट्रेन सहित अन्य सेवाएँ संचालित की जा रही हैं और पिछले छह महीनों में इस ट्रेन सहित आठ नई ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने जैसलमेर और जोधपुर के बीच ट्रैक नवीनीकरण कार्य को प्राथमिकता से करने के भी निर्देश दिए।श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कार्यक्रम के दौरान श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सांसद श्री उम्मेदा राम बेनीवाल, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी और विधायक श्री छोटू सिंह ने भी अपने संबोधन में नई रेल सेवा और रेलवे विकास कार्यों के लिए श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया।

## पवित्र ग्रंथ गीता है शक्ति का प्रतीक, गीता अध्यात्म और शांति का रास्ता:श्याम सिंह राणा

**सांध्य कालीन महाआरती में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने की शिरकत, केडीबी की तरफ से मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित**

**अश्विनी वालिया**

कुरूक्षेत्र 29 नवंबर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गीता शक्ति का प्रतीक है, गीता अध्यात्म और शांति का रास्ता है। सदियों वर्ष पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था, इन उपदेशों को आज भी अपने जीवन में शामिल की जरूरत है। श्रीमद भगवद गीता भगवान का भेजा हुआ संदेश है। गीता ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का जीता जागता दर्शन है, गीता स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र देती है तथा गीता जीवन जीने की कला है।

कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा शनिवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा,चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने पुरुषोत्तमपुरा बाग में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रूप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। इस कार्यक्रम से पहले डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 के शिक्षक विशाल रहलान ने भजन संध्या की प्रस्तुति दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को गीता का ज्ञान मिले इसके मध्यनजर इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से विदेशों व देश के गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है, 21वीं सदी में गीता औषधि के सामान है, गीता का ज्ञान सबको होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की धरती पर गीता का जो संदेश दिया था उसपर अमल करते हुए आज मानव अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। निष्फल कार्य करने की इस प्रथा को आगे आने वाली पीढ़ी भी कायम रखें, इसके लिए ऐसे महोत्सवों का आयोजन करना अति आवश्यक है। युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है, भविष्य तभी सुरक्षित रहेगा जब उनका वर्तमान सकारात्मक होगा और सकारात्मक विचारों व कार्यो के लिए उन्हें धर्म ग्रां गीता का ज्ञान होना आवश्यक है।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भारत हजारों साल से ऋषि-मुनियों की पावन धरा रही है और ऋषि-मुनियों ने हमेशा पूरी दुनिया की चिंता की है। इन संतों ने सबको अपना माना और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस पावन धरा पर युवा पीढ़ी को संकल्प करना चाहिए कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे स्पष्ट है कि भारत जल्द ही विश्व गुरु बनेगा।

हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गीता में कहा गया है कि कर्म करो लेकिन इसमें लिप्त नहीं होना चाहिए। गीता भारतीय दर्शन की जीवन पद्धति है। भगवान कृष्ण का जीवन चिन्तन है। गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान है। गीता हमें मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाती है। जो अनुकूलता है, वहीं सुख है और जो अनुकूल न आए वह दुख है। गीता भारतीय परंपराओं का अद्भुत ग्रंथ है। पवित्र ग्रंथ गीता किसी एक धर्म की नहीं बल्कि समस्त मानव जाति को जीने की कला सिखाती है।

इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया। केडीबी की तरफ से सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर केडीबी सदस्य विजय नरुला, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, मेला प्राधिकरण के सदस्य डा. अवनीत वडैच, सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी, रोशन बेदी, डा. सुशील टाया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## अग्रसेन पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिक समारोह : प्रतिभाओं का उत्सव

**अश्विनी वालिया**

अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह ह्यप्रवेग ह्यधूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि श्री परविंदर सिंह चौहान (एडवोकेट जनरल, हरियाणा सरकार) का स्वागत अग्रसेन स्कूल के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल , महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल समिति के चेयरमैन श्री मूलचंद गुप्ता जी, संस्थापक सदस्यों एवं स्कूल प्रबंधन कमेटी के गणमान्य सदस्यों व प्रधानाचार्या जी द्वारा किया गया । एन. सी. सी. कैडेटस ने स्कूल बैंड की धुन पर परेड कर मुख्य अतिथि को सलामी दी।




गणेश एवं सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया` छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस कार्यक्रम में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने के लिए मजबूर कर दिया । कक्षा छठी से आठवीं तक की छात्राओं ने स्वागत नृत्य द्वारा सभी का अभिनन्दन किया कक्षा नौवीं से ग्यारहवीं तक के छात्रों ने मानव जीवन के चार युगों झ सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग का नृत्य के माध्यम से जीवंत चित्रण किया, जिसमें मानव मूल्यों और इतिहास का संदेश समाहित था। इसके बाद कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोक नृत्यों का मंचन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत का परिचय दिया। अच्छे स्वास्थ्य और मानसिक शांति के महत्व को समझाते हुए छात्रों ने योगासन और प्राणायाम का प्रदर्शन किया। श्री कृष्ण की लीलाओं का कोरियोग्राफी के माध्यम से जीवंत चित्रण ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

ह्लकक्षा सातवीं और आठवीं के बच्चों ने श्रवण कुमार की श्रद्धा और निस्वार्थ भक्ति की अनमोल कथा के माध्यम से माता-पिता की निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया`

`प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी ने अपने भाषण में स्कूल के इतिहास एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला`

।विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती रीटा गोयल जी ने वार्षिक रिपोर्ट में पूरे वर्ष के शैक्षणिक और सह पाठयक्रम क्षेत्रों में विद्यालय की उपलब्धियों का विवरण दिया। मुख्य अतिथि श्री परविंदर सिंह चौहान जी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता और असफलता दोनों आती हैं, लेकिन हमें हमेशा आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। असफलता से हमें सीखने की जरूरत है, ताकि हम अपनी गलतियों को सुधार सकें और आगे बढ़ सकें। हमें हमेशा एक दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान रखना चाहिए, और एक दूसरे की जरूरतों का ध्यान रखना चाहिए।

साथ ही, उन्होंने विद्यालय के समग्र विकास और छात्रों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जी,प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य सदस्यों ने शैक्षणिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छठी से बारहवीं तक के बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया` इस मौके पर अगस्त्य सिंह, सात्विक एवं चित्रांश गुप्ता को बारहवीं कक्षा कॉमर्स संकाय , तन्मय नॉन मेडिकल संकाय, यांशु, ख्वाहिश मेडिकल संकाय और अंशिका को कला संकाय में टॉप करने पर श्री मनमोहन सिंघल मेमोरियल अवार्ड से नवाजा गया`सिद्धार्थ सिंघल को बेस्ट एनसीसी कैडेट ऑफ द इयर, अगस्त्य सिंह को बेस्ट स्पार्टस बॉय ऑफ द इयर, संजीदा को बेस्ट स्पार्टस गर्ल ऑफ द इयर, आयान शर्मा को बेस्ट जूनियर स्टूडेंट (कल्चरल एक्टिविटीज), आराध्या पाहुजा को बेस्ट ऑल राउंड स्टूडेंट ऑफ द इयर (जूनियर विंग)) के लिए श्री मनमोहन सिंघल मैमोरियल अवार्ड दिए गए। इसके अलावा प्रणवी गर्ग को बेस्ट ऑल रांउड गर्ल स्टूडेंट ऑफ द इयर के लिए श्रीमती रुक्मणि देवी सिंघल मैमोरियल अवार्ड दिया गया। दसवीं कक्षा में टॉप करने पर केशव चौधरी एवं कृष्णा गोयल को श्री मनमोहन सिंघल मैमोरियल अवार्ड एवं ओवरऑल टॉपर के लिए विपिन मनचंदा मैमोरियल अवार्ड से नवाजा गया। स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भूमि हाउस को बेस्ट हाउस ऑफ द इयर अवार्ड नवाजा गया और श्री मनमोहन सिंघल मैमोरियल रंनिग ट्रॉफी प्रदान की गई। अध्यापिका श्रीमती सोनिया गर्ग को बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गया

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी ने अपने सहयोगियों एवं गणमान्य संस्थापक सदस्यों के साथ मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार प्रकट किया इस अवसर पर अग्रसेन पब्लिक स्कूल समिति के अध्यक्ष श्री नितिन गोयल जी, चेयरमैन श्री मूलचंद गुप्ता जी,श्री ईश्वर चंद सिंगला जी, श्री राजेंद्र सिंघल जी, श्री राजेश अग्रवाल जी, डॉ. आर. एन. बंसल जी, श्री अमित गोयल जी, श्री रविंद्र कुमार अग्रवाल जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के अंत में पंजाबी विरसा-भांगड़ा की जोशीली प्रस्तुति ने दर्शकों में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया। पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे छात्रों ने भांगड़ा के धमाकेदार प्रदर्शन से मंच पर जान डाल दी। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ इस प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया।

समारोह का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों द्वारा प्रस्तुत यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और यादगार रहा।

# दिव्य ऊर्जा के आलोक में सम्पन्न हुआ समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। कार्यक्रम के सफल आयोजन के पश्चात आज स्वर्वेद महामंदिर धाम में संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने महर्षि सदाफल देव जी महाराज की प्रतिमा पर प्राकृतिक लौंग-इलायची से





निर्मित पवित्र माला अर्पित की। शंख-ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न इस दिव्य क्षण ने संपूर्ण वातावरण को अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया।इस महोत्सव ने सेवा, अध्यात्म और एकत्व के संदेश को न केवल भारतभूमि पर, बल्कि विश्वभर में पहुंचाने का कार्य किया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और सेवकझ सेविकाओं को साधुवाद दिया तथा इस आयोजन की सफलता को सामूहिक समर्पण का प्रतिफल बताया।

समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव का भव्य समापन लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर देशभर से भक्तगण पहुंचे, जिनमें विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही।केवल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में भक्त इस पावन आयोजन से जुड़े। विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, ओमान, कुवैत और जर्मनी से आए साधकों ने भी दिव्य अनुभूति को साझा किया।इस पावन अवसर पर कोंडागांव की विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ में आश्रम के सैकड़ों भक्तझशिष्य, सेवकझ सेविकाएँ और जिज्ञासु साधक बड़ी श्रद्धा और अनुशासन के साथ उपस्थित रहे।

# गांव के लोगों को एक छत के नीचे सभी सुबिधाये दिलाना लक्ष्य - ओमप्रकाश राजभर

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। कैबिनेट पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहाकि सरकार आम जनता को सरकारी सुबिधाये एक छत के नीचे दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। उसी क्रम में पूरे प्रदेश में मिनी सचिवालय स्थापित किये जा रहे हैं।

उक्त बातें शनिवार को पिंडरा विकास खण्ड के चारों स्थित ग्राम सभा मे नवनिर्मित मिनी सचिवालय के उद्घाटन अवसर कही। उन्होंने कहाकि सरकार गांव के निचले स्तर के लोगों के भागदौड़ को कम करने के लिए हर गांव में आवास, आय, जाति प्रमाण पत्र समेत अनेक प्रमाण पत्र के साथ जन्म से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक बन रहा है। मिनी सचिवालय आम लोगों के लिए सुबिधा जनक हो इसके लिए हर



तरह की सुविधाओं को जोड़ा जा रहा है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों गांव के लोगों को एक छत के नीचे सभी सुबिधाये मिलेगी।

पंचायती राज मंत्री सुबह साढ़े 11 बजे पहुचे। ग्राम सभा पहुचने पर सुभासपा के नेता और पंचायत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उनको बुके देकर स्वागत किया गया।

इस दौरान ग्राम प्रधान रमेश राजभर, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, सेक्रेटरी राकेश पाल, सुभासपा नेता गुलाम मोहम्मद, गणेश चौहान, पवन सिंह, उमेश राजभर, कैलाश राजभर, दिनेश राजभर, घुन्नुर राजभर, सत्यदेव राजभर, बिहार राजभर, श्याम सुंदर पांडे समेत लोग मौजूद रहे।

# आपदा से बचाव हेतु सामुदायिक स्तर पर जागरूकता जरूरी विमल कुमार कुमार।

***अग्नि आपदा प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी समुदाय की सहभागिता से प्रत्येक स्तर पर समुदाय आधारित आपदा तैयारी योजना विकसित करना होगा और आपदा से बचाव हेतु सामुदायिक स्तर पर जागरूकता जरूरी है।

उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानन्दपुर में सचिव एवं राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रायोजित "अग्नि आपदा प्रबंधन" विषयक



तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर विमल कुमार सिंह, जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में प्रतिभागियों को आपदा के प्रकार, आपदा एक्ट, राज्य व राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि, अग्नि आपदा के दौरान भीड़ प्रबंधन, अग्नि आपदा के दौरान अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग की भूमिका अग्नि आपदा के दौरान क्या करें क्या न करें आदि के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साथ विद्यालय अग्नि प्रबंधन, कार्यालय अग्नि प्रबंधन, सार्वजनिक स्थल अग्नि प्रबंधन व गृह अग्नि प्रबंधन योजना के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को इंद्रदेव कुमार व एनडीआरएफ टीम तथा इंस्पेक्टर बब्बन यादव अग्निशमन विभाग द्वारा आपदा के दौरान रखी जानी वाली सावधानियों के बारे में व्यवहारिक जानकारी अभ्यास के माध्यम से दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी के ग्राम विकास विभाग से 22, स्वास्थ्य विभाग से 03, कृषि विभाग से 05 कुल 30 और जनपद चन्दौली के ग्राम विकास विभाग से 04, स्वास्थ्य विभाग से 16, कृषि विभाग से 05, राजस्व विभाग से 05 कुल 30 इस प्रकार दोनों जनपदों से कुल 60 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन अवसर पर ज्येष्ठ अनुदेशक संजय कुमार ने कहा कि आपदा काल मे समन्वयन इसका बड़ा हिस्सा है।सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रिटायर्ड सीडीओ हीरालाल, शिवप्रकाश, डॉ0 शेर मुहम्मद, कन्हैया लाल पथिक, अरुण पाठक, अमर सिंह, सुरेश पाण्डेय, डॉ शिशिर कुमार, डॉ प्रेम प्रकाश उपाध्याय, प्रीती यादव, अंकिता वर्मा, ज्योति, शंकर शरण दुबे, पूजा देवी, विनीत कुमार, सुधीर कुमार राय, प्रतिभा सिंह, डॉ राजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार, राजकुमार, प्रेमा, सविता, प्रेमशिला, राजेंद्र प्रसाद, आशीष कुमार, गायत्री, पन्नालाल, रामजी श्रीवास्तव, गोविन्द सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# आयुष्मान आरोग्य मन्दिर शिवरामपुर का एक्सटर्नल इंक्वास एसेसमेंट हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर नेशनल क्वालिटी इंश्योरेंस के द्वारा एक्सटर्नल इंक्वास असेसमेंट किया जा रहा है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिवरामपुर में आज शनिवार को एक्सटर्नल असेसमेंट डॉ0 संयम पांचाल व डॉ0 प्रशांत द्वारा किया गया।



सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नेहा पटेल एवं क्षेत्रीय एएनएम बंदना कुमारी ने उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरहुआ डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार जनमानस को उनके घर के पास ही आरोग्य मंदिर पर सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मानक के अनुसार दिया जाए।इसलिए व्यापक सुधार किया जा रहा है।

एसेसमेंट के समय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बसंत लाल श्रीवास्तव, अपर शोध अधिकारी श्रीनाथ यादव, बीसीपीएम संगीता, पर्यवेक्षक मनीष कुमार गुप्ता, संदीप कुमार भारती और सुरभि कुमारी ,पल्लवी वर्मा, शशिकांत, रोशनी वर्मा, ,अंकुश यादव ,स्वागत कुमार, साधना भारती, मधु कुमारी, पूजा यादव ,एएनएम माला सागर, सुशील यादव ,मंजू लता, संगिनी सीमा देवी अर्चना देवी किरण सिंह किरण देवी कुसुम देवी ने उपस्थित होकर सहयोग किया।

# सिंधोरा पुलिस ने 48 घंटे के अंदर चोरी हुई ट्रैक्टर व बोलेरो की बरामद

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल**

पिंडरा। सिंधोरा पुलिस ने नाथपुर से हुई ट्रैक्टर चोरी की घटना का पदार्फाश 48 घण्टे के अंदर करते हुए पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर के साथ बोलोरो को बरामद किया।

बताते चले कि नाथपुर निवासी तरुण पांडेय के घर के सामने खड़ी उनकी ट्रैक्टर को 25 नवम्बर की रात चुरा ले गए थे। पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर ट्रैक्टर के साथ चोरी की एक बोलेरो भी बरामद की । बोलोरो मालिक राज नारायण यादव भदैनी कला बभनियां राजातालाब निवासी है। 25 नवंबर को वह भी एक बारात में शामिल होने के लिए सारनाथ गए थे। वहीं से बोलेरो भी चोरी हुई थी बोलेरो चोरी का मुकदमा सारनाथ थाने में दर्ज है। ट्रैक्टर व बोलेरो बरामदगी के दौरान एक व्यक्ति मौके से एक गिरफ्तार हुआ अन्य दो अंधेरे का



लाभ उठाकर भागने में सफल रहे । थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर दरोगा रोहित पटेल, रामनरेश यादव, शशिनन्दन यादव हम राही सिपाहियों के साथ घेराबंदी करके इसी थाना क्षेत्र के चकरमा मोड़ के पास उस समय गिरफ्तार किया जब वह चोरी के ट्रैक्टर और बोलेरो लेकर कहीं भागने की फिराक में थे। गिरफ्तार व्यक्ति विवेक यादव उर्फ राहुल रुपचंदपुर सिंधोरा का निवासी है। तथा दो अन्य फरार अभियुक्त सोनू चौरसिया मरुईं सिंधोरा व विनीत यादव पलहीपट्टी चोलापुर एक अन्य अज्ञात अभियुक्त अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भागने में सफल रहा।

# बंधुआ मजदूरी से पीड़ित मजदूरों को दिलाई आजादी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी स्थानीय विकासखंड के (बरनी) गांव के लगभग 50 से 60बनवासी समुदाय के लोगों को मजदूरी के नाम पर बीते 5 से 6माह पूर्व महाराष्ट्र के परांडा खास गांव के उस्मानाबाद में बंधक बनाकर मजदूरी कराया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर आखिरकार समाजसेवी संस्था समाज उत्थान सेवा समिति एवं युवा फाऊंडेशन की त्वरित



पहल से आजादी मिल गई। आपको बता दे कि वाराणसी के बरनी के कुछ मजदूरों को कई महीनों से महाराष्ट्र के उक्त जगह पर बहुतरा के ठेकेदार बाबा द्वारा पुरुषों को सात सौ रुपए की प्रतिदिन की मजदूरी एवं महिलाओं कोड्ड600 की दैनिक मजदूरी की बात करके उनको महाराष्ट्र भेजा गया था। लेकिन वहां मजदूरों को निर्धारित मजदूरी नहीं दी जा रही थी मजदूर इंदु ने बताया कि हम लोगों से सुबह 3 बजे से लेकर पुनः 3 तक गन्ने के खेत में काम कराया जाता था। मजदूरी के नाम पर 200 से 250 रुपए दिया जाता था। विरोध करने पर गन्ने से मारा पीटा भी जाता था। पीड़ित मजदूरों ने किसी तरह समाजसेवी संस्था युवा फाऊंडेशन के सदस्यों से संपर्क किया जिस पर फाउंडेशन के सदस्य सीमा चौधरी को सूचना मिलते ही उन्होंने मामले की जानकारी अन्ना हजारे कार्यालय सहित महाराष्ट्र प्रशासन को मामले की जानकारी दी। लगभग 5 से 6 दिन बाद वहां से मजदूरों को मुक्त कराया। मजदूर लवकुश ने बताया कि उन्हें बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाती थी और विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी जाती थी।

मजदूरों की मुक्ति से बस्ती के लोगों में राहत का माहौल है।

# बेटी के घर से लौट रहे परिवार के साथ हादसा ट्रक ने मारी ट्रैक्टर में टक्कर दो की मौत चार गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / राजगढ़ थाना क्षेत्र के भावा में भीषण हादसा। जानकारी के अनुसार बेटी के घर बधाव देकर लौट रहे परिवार के साथ बड़ा हादसा हो गया जिसमें ट्रक ने ट्रैक्टर सवार परिवार को धक्का मार दिया। जिससे उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, और शंकर पुत्र रामवृक्ष 50 वर्ष व संदीप पुत्र बाबूलाल उम्र 15 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं ट्रॉली पर सवार भगवानी 60 वर्षीय,प्रेम 50 वर्षीय,रंजन 18 वर्षीय, रीमा 15 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। बाजार वासियों ने तुरंत डायल 112 को इसकी सूचना दी मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने तुरंत राहत बचाव कार्य में लग गए। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजा गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव निवासी राम जनम के बेटी की शादी सोनभद्र जनपद के घोरावल थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवाल गांव में हुई है। बेटी के घर बेटा होने पर बधाव लेकर परिवार के बेटे बेटियां एवं बूढ़े एवं महिलाएं लेकर गई थी शुक्रवार की रात्रि सभी लोग ट्रैक्टर से वापस लौट रहे थे।भांवा बाजार के पास ट्रैक्टर पहुंचा ही था कि ट्रैक्टर का तेल खत्म हो गया और सड़क पर ही बंद हो गया ड्राइवर उतरकर स्टार्ट करने की कोशिश कर रहा था की पीछे से बालू लाद कर एक ट्रक आ रही थी। उसने ट्रैक्टर के ट्रॉली में धक्का मारते हुए ट्रैक्टर को स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे धक्के से उसकी मौत तुरंत हो गई।और ट्रॉली पर बैठी सभी महिलाएं सड़क पर दूर जाकर गई जिसमें 14 वर्ष का एक बालक संदीप पुत्र बाबूलाल को ट्राली के किनारे से उसके सर में चोट लगी। सभी घायलों को राजगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल ले जाया गया गंभीर हालत होने पर सभी को सोनभद्र जिला अस्पताल भेजा गया।जहां पर संदीप की भी मौत हो गई । पुलिस ने दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाकी घायलों का इलाज सोनभद्र और वाराणसी में हो रहा है। पुलिस ने ट्रक और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। राजगढ़ थाना प्रभारी दयाशंकर ओझा ने बताया कि ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। और चार लोग घायल हैं पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# कम लागत में अधिक उपज का साधन है जैविक खेती

## किसान मेले में उमड़ी किसानों की भीड़,दी गई जैविक खेती की जानकारी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मीरजापुर नमामि गंगे योजना द्वारा संचालित बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जमालपुर विकास खंड के बेलखरा गांव में किसान मेले का आयोजन किया गया।जिसमे किसानों को आधुनिक कृषि के बाबत नई जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को जैविक खेती से कम लागत में अच्छी उपज की जानकारी देते हुए, खेत में हो रही कार्बन की कमी को बढ़ाने के लिए विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। कुशल पाण्डेय ने किसानों को बीजामृत और जीवामृत बनाने और उसके प्रयोग के



बारे में जानकारी दी।मेले में किसानों को जैविक खेती पर जोर देते हुए कम लागत से अधिक उपज की बारे में बताया।किसानों को शासन द्वारा किसानों के कल्याण हेतु चल रही योजनाओं, कृषि विविधीकरण की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गुलाब मौर्य, सुधाकर सिंह, हिमांशु सिंह,दिनेश पाठक सहित गांव के अन्य किसान उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है; प्रशासनिक मशीनरी ने जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों के साथ मिलकर कार्य किया: एलबीएसएनएए में रक्षा मंत्री

**युवा नागरिक सेवकों को राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझना होगा; वीर सैनिकों की तरह, उन्हें भी कठिन परिस्थितियों के लिए तैयार रहना होगा**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने युवा नागरिक सेवकों से राष्ट्रीय हितों की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने और वीर सैनिकों की तरह ही ऐसी कठिन परिस्थितियों के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान किया। रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नागरिक-सैन्य समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां प्रशासनिक मशीनरी ने सशस्त्र बलों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण सूचनाओं का संचार किया और जनता का विश्वास जीता। रक्षा मंत्री ने 29 नवंबर, 2025 को उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 100वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।



रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, सशस्त्र बलों ने संतुलित और बिना किसी उकसावे के जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया, लेकिन पड़ोसी देश के दुर्व्यवहार के कारण ही सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं हो पाई। उन्होंने सैनिकों की वीरता की सराहना की और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण सूचनाओं का संचार किया और देश भर में मॉक ड्रिल का सफल संचालन सुनिश्चित किया। रक्षा मंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए शासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' और 'सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन' के मंत्र का उल्लेख करते हुए, श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य को गति देने में नागरिक सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2014 में हमारी सरकार बनी थी, तब आर्थिक आकार के मामले में भारत 11वें स्थान पर था। पिछले 9-10 वर्षों में, हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। यहां तक कि मॉर्गन स्टेनली जैसी अत्यधिक प्रतिष्ठित वित्तीय फर्म भी अब कहती है कि भारत अगले दो-तीन वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आप केवल आदर्शवादी संरक्षक नहीं, बल्कि लोगों के सेवक हैं। आप केवल प्रदाता ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण के सूत्रधार भी हैं। आपका चरित्र भ्रष्ट न हो। आपका आचरण सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण होना चाहिए। आपको एक ऐसी संस्कृति बनानी होगी जहां सत्यनिष्ठा न तो कोई गुण हो और न ही अपवाद; बल्कि यह दैनिक जीवन का एक सामान्य हिस्सा हो। उन्होंने अधिकारियों से उत्तरदायी और सार्वजनिक जवाबदेही की भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया।

रक्षा मंत्री ने युवा नागरिक सेवकों से प्रौद्योगिकी-संचालित युग में नवोन्मेषी तरीके से कार्य करने और लोगों की समस्याओं का समाधान खोजने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन और आयकर विभाग की फेसलेस असेसमेंट योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी आज एक सक्षमकर्ता की भूमिका निभा रही है। रक्षा मंत्रालय की सम्पूर्ण पहल का उल्लेख करते हुए, उन्होंने बताया कि यह एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-संचालित स्वचालन प्रणाली है जो रक्षा खरीद और भुगतान का पारदर्शी तरीके से विश्लेषण करती है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी एक माध्यम होनी चाहिए, साध्य नहीं। रक्षा मंत्री कहा ने अधिकारियों से कहा कि आपको जन-पहुंच और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए। कल्याण को बढ़ावा देने और समावेशिता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए।



श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर भी बल दिया कि नागरिक सेवकों के रूप में, प्रशिक्षुओं को प्रत्येक नागरिक के साथ सहानुभूति और समझदारी से पेश आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी समाज के वंचित या कमजोर वर्गों के साथ संवाद करते हैं, तो उन्हें यह समझना चाहिए कि लोगों के संघर्ष न केवल उनके प्रयासों से, बल्कि व्यापक सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से भी प्रभावित होते हैं। यही बात एक प्रशासक को वास्तव में जन-केंद्रित और करुणामय बनाती है।

रक्षा मंत्री ने सिविल सेवाओं में महिलाओं की निरंतर प्रगति को स्वीकार करते हुए कहा कि नवीनतम यूपीएससी परीक्षा में एक महिला ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है और शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं थीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक, कई महिलाएं कैबिनेट सचिवों के पदों तक पहुंचेंगी और भारत की विकास यात्रा का नेतृत्व करेंगी।

श्री राजनाथ सिंह ने फाउंडेशन कोर्स को केवल एक प्रशिक्षण मॉड्यूल नहीं, बल्कि एक कुशल, सक्षम और संवेदनशील शासन प्रणाली के निर्माण की प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने एलबीएसएनएए की व्यापक प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना की, जो इसे एक संपूर्ण संस्थान बनाती है और देश की प्रशासनिक क्षमताओं को मजबूत बनाती है।

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की विरासत पर विचार व्यक्त करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि उनके नाम पर स्थापित अकादमी साहस, सरलता और सत्यनिष्ठा की प्रतीक है। उन्होंने 1965 के युद्ध में शास्त्री जी के नेतृत्व, हरित क्रांति में उनकी भूमिका और "जय जवान, जय किसान" के उनके संदेश को याद किया और अधिकारियों से उनके उदाहरण से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। यूपीएससी के 100वें वर्ष के अवसर पर, उन्होंने कहा कि यूपीएससी और एलबीएसएनएए के बीच साझेदारी ने प्रशासकों की कई पीढ़ियों को आकार दिया है और यह भारत के शासन ढांचे को मजबूत करती रहेगी।

इससे पहले, श्री राजनाथ सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने अकादमी परिसर में एक ओडीओपी मंडप का भी उद्घाटन किया।

# चौथे नीलगिरि श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' को सौंपा गया

नीलगिरि श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) का चौथा और मझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा निर्मित तीसरा जहाज, तारागिरि (यार्ड 12653), 28 नवंबर 2025 को एमडीएल, मुंबई में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया, जो युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रोजेक्ट 17ए के फ्रिगेट बहुमुखी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

तारागिरी, पूर्व आईएनएस तारागिरी का एक नया रूप है, जो एक लिएंडर-श्रेणी का युद्धपोत था और 16 मई 1980 से 27 जून 2013 तक भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहा और जिसने राष्ट्र को 33 वर्षों की शानदार सेवा प्रदान की। यह अत्याधुनिक युद्धपोत नौसेना के डिजाइन, स्टेल्थ, मारक क्षमता, स्वचालन और उत्तरजीविता में एक बड़ी छलांग को दशार्ता है, और युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा डिजाइन और युद्धपोत निरीक्षण दल (मुंबई) की देखरेख में निर्मित, पी17ए फ्रिगेट स्वदेशी जहाज डिजाइन, स्टेल्थ, उत्तरजीविता और युद्ध क्षमता में एक पीढ़ीगत छलांग को दशार्ते हैं। एकीकृत निर्माण के दर्शन से प्रेरित होकर, इस जहाज का निर्माण और वितरण निर्धारित समय-सीमा में किया गया।

पी17ए जहाजों में पी17 (शिवालिक) श्रेणी की तुलना में उन्नत हथियार और सेंसर सूट लगे हैं। इन जहाजों में संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्र लगे हैं, जिनमें एक डीजल इंजन और एक गैस टर्बाइन शामिल है जो प्रत्येक शाफ्ट पर एक नियंत्रणीय पिच प्रोपेलर (सीपीपी) और अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) को चलाता है।

शक्तिशाली हथियार और सेंसर सूट में ब्रह्मोस एसएसएम, एमएफएसटीएआर और एमआरएसएएम कॉम्प्लेक्स, 76 मिमी एसआरजीएम, और 30 मिमी और 12.7 मिमी निकटरक्षा हथियार प्रणालियों का संयोजन, साथ ही पनडुब्बी रोधी युद्ध के लिए रॉकेट और टॉरपीडो शामिल हैं।

तारागिरी पिछले 11 महीनों में भारतीय नौसेना को सौंपा जाने वाला चौथा पी17ए जहाज है। पहले दो पी17ए जहाजों के निर्माण से प्राप्त अनुभव के आधार पर तारागिरी के निर्माण की अवधि को घटाकर 81 महीने कर दिया गया है, जबकि प्रथम श्रेणी (नीलगिरी) के निर्माण में 93 महीने लगे थे। प्रोजेक्ट 17ए के शेष तीन जहाज (एक एमडीएल में और दो जीआरएसई में) अगस्त 2026 तक क्रमिक रूप से वितरित किए जाने की योजना है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

### विवाह के चौथे दिन ही विवाहिता की मांग का उजड़ गया सिंदूर

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम आंबापुर के समीप एनएच-2 में बीमार पिता को खाना देने आ रहे बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हथगाम थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी रामऔतार का 24 वर्षीय पुत्र विमलेश कुमार गांव के ही रामपाल के 30 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार के साथ बाइक रात ढाई बजे शहर के जीटी रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती बीमार पिता को खाना देने आ रहे थे। जैसे ही ये लोग आंबापुर के समीप एनएच-2 में पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक विमलेश की 24 नवंबर को सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के दंदवा गांव निवासी जयपाल की पुत्री सुधा देवी से शादी हुई थी। शादी के चार दिन बाद ही सुधा की मांग का सिंदूर उजड़ गया। जैसे ही उसे पति की मौत की खबर मिली तो वह बेसुध हो गई। परिवारीजनों के साथ-साथ आस-पास के लोग उसे ढाढंस बंधाते रहे।

## सड़क हादसों में घायल दो महिलाओं की उपचार दौरान मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। औंग कस्बा के समीप एनएच-2 में एक पखवारा पूर्व सड़क हादसे में घायल 42 वर्षीय महिला की कानपुर में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह मौत हो गई। वहीं गाजीपुर थाने के पखरौली के समीप खेत से घर वापस जा रही 50 वर्षीय महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिसकी एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि औंग कस्बा निवासी विनोद पटेल की पत्नी सुमन पटेल विगत तेरह नवंबर को सामान लेने जा रही थी। जैसे ही वह एनएच-2 में पहुंची तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए कानपुर में भर्ती कराया गया। जहां शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इसी तरह पखरौली गांव निवासी स्व0 जगरूप की पत्नी रानी 22 नवंबर को खेत से घर वापस आ रही थी। जब वह महमदपुर के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## ट्रैक्टर पलटने से पल्लेदार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बजरंगापुर के समीप शनिवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट जाने से 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बजरंगापुर गांव निवासी रामखेलावन का पुत्र हरिओम पल्लेदारी करता था। बताते हैं कि दोपहर लगभग दो बजे गांव के ही लालबाबू व एक अन्य युवक के साथ ट्रैक्टर से किसी काम से जा रहे थे। जैसे ही ये लोग बजरंगापुर गांव से कुछ आगे बढ़े तभी अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिससे हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि लालबाबू समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## जहर खाने से किशोरी की मौत, युवक पर आरोप

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर में शुक्रवार की सुबह 14 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका की छोटी बहन ने पड़ोसी गांव के युवक पर मारने-पीटने व जबरन जहर खिलाने का आरोप लगाया है। बताते चलें कि लालपुर गांव निवासी किशन रैदास की पुत्री प्रिंसी देवी ने शनिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका की छोटी बहन मोनिका ने बताया कि कल वह अपनी बड़ी बहन प्रिंसी के साथ अकेली थी। तभी बैजानी गांव निवासी रामविलास पुत्र बिहारी उसके घर आया और बहन से बोला कि तुम हमसे बात करोगी या नहीं। इसी बात पर उसने बहन को मारना-पीटना शुरू किया। जब बीच-बचाव किया तो उसे भी मारापीटा। जाते-जाते जबरन बहन को जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव स्थित ललौली रोड के पास एक निमार्णाधीन मकान की छत पर काम कर रहे 32 वर्षीय युवक की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार डीघ गांव निवासी अमित विश्वकर्मा पुत्र राकेश कुमार विश्वकर्मा दोपहर में छत पर सरिया बांधने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक ऊपर चढ़ गया और सिर के ऊपर से गुजरी 11 केवी हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह जोर से चिल्लाया और छत पर ही गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने उसे तुरंत नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही बिंदकी पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में कई जगह हाईटेंशन लाइनें बहुत नीची गुजर रही हैं, जिससे पहले भी हादसे हो चुके हैं। लोगों ने बिजली विभाग से लाइन की ऊंचाई बढ़ाने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की मांग की है। मृतक अमित अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता छोड़ गया है। उसकी मौत से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक की लहर है।

## डी.ए.वी इंटर कॉलेज में निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित

### छात्रों में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने की पहल



फोटो - 1

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। डी.ए.वी इंटर कॉलेज में शनिवार को निशुल्क स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पेंसिल,रबर,कटर, डिब्बी,कॉपी,चॉकलेट सहित आवश यक अध्ययन सामग्री विद्या थियों को वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन मुहैया कराना तथा उनके मनोबल को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. उपेंद्रनाथ शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ उपेंद्रनाथ शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि अध्ययन सामग्री उपलब्ध होना विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाता है और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अश्वनी कुमार सलोनिया ,देवेंद्र शर्मा,सतीश चंद्र,संतोष कुमार,चित्रा रानी,लीना सिंह ,डॉ .हिमांशु शर्मा,दीपचंद्र अग्रवाल,राजेश शर्मा, पंकज दीक्षित ,पंकज वर्मा, पंकज कुमार,अवनीश कुमार, सुनील कुमार,धीरेंद्र कुमार,वंदना यादव,देश दीप, राजपाल गौतम, मुकेश चंद्र, राजेंद्र कुमार,मनोज कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से छात्रों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया।

## गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन



**समाज जागरण -. ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा 08/10/25से 25/10/25 तक विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नूतन राजपाल एवं असिस्टेंट प्रोफेसर नीतू सिंह के निर्देशन में एम.ए. फर्स्ट सेमेस्टर की छात्राओं ओम हॉस्पिटल एवम रिसर्च सेंटर में डॉ पूनम अग्रवाल के मार्गदर्शन में इंटर्नशिप की गई प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने मरीज का इढ चेक करना,प्रैग्नेंसी टेस्ट,प्रैग्नेंट महिला की खून की कोन-कोन सी जाँच कैसे की जाए जाना,PCOD,PCOS ,प्रसब की अवस्थाए,तथा महिलाओं की बिभिन्न समस्याओं के बारे में भी बहुत सारी जानकारी प्राप्त की साथ ही रक्त परीक्षण के बारे में भी सम्पूर्ण जानकारी ली जिसके प्रमाण पत्रों का वितरण ओम हॉस्पिटल परिसर में करवाया गया डॉ नूतन राजपाल द्वारा डॉ पूनम अग्रवाल एवम उनके सहयोगी स्टाफ अंजना,सोनाली एवम सपना मेडम जिन्होंने छात्राओं को शिक्षित करने में सहयोग दिया उनका आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर रेनू वर्मा ने छात्राओं के प्रशिक्षण कार्य की सराहना की तथा छात्राओं

## कन्नौजः विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की हकीकत जांचने निकली डिप्टी कलेक्टर राय



**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निदेशार्नुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के प्रभावी संचालन की समीक्षा हेतु जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है।

इसी क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली एवं डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय ने आज विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक भ्रमण किया। अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का मौके पर जाकर जायजा लिया तथा संबंधित कार्मिकों से मतदाता सूची अद्यतन कार्य की स्थिति, घर-घर सर्वे, दावों/आपत्तियों के निस्तारण एवं प्रपत्रों की उपलब्धता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएलओ एवं संबंधित स्टाफ को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने और त्रुटियों के शुद्धिकरण के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को शत-प्रतिशत अद्यतन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया सुचारु एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो सके।

## कन्नौजः मंत्री ने कार्यकताओं को समझाई एस आई आर की प्रक्रिया, अखिलेश पर साधा निशाना



**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। भाजपा कार्यकताओं को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए समाज कल्याण मंत्री ने बैठक की। यहां उन्होंने कार्यकताओं को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर निशाना भी साधा। शहर के सरायमीरा के कटियार मोहल्ला स्थित हरदेव मन्दिर परिसर में कार्यकताओं के साथ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बैठक की। यहां कार्यक्रम के बाद मंत्री असीम अरुण ने मीडिया से बात की और एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहाकि एसआईआर को लेकर अखिलेश यादव भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह सफल नहीं होते। उत्तर प्रदेश और भारत के लोग स्मार्ट हैं। उन्हें पता है कि वोटर लिस्ट की शुद्धिकरण का काम है एसआईआर। जो लोग फर्जी तरह से जुड़े हुए थे उन्हें हटाने और जो लोग वोटर हैं, उन्हें अधिकारपूर्वक जोड़ने के लिए एसआईआर है। ये कोई नई प्रक्रिया नहीं है। ये हमेशा से चलती रही है। उसको चुनाव आयोग होशियारी के साथ अब कर रहा है। इसमें किसी तरह के विरोध का सवाल ही नहीं उठता है। मैं तो कहता हूं कि जिस तरह भारतीय जनता पार्टी इस प्रक्रिया में सहयोग कर रही। अपने बूथ लेबल एजेंट बना रही है। समाजवादी पार्टी को भी इसी तरह से इस संवैधानिक प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए।

## कन्नौज : लोक अदालत के प्रचार वाहन को जिला जज, एसपी और एडीएम ने दिखाई हरी झंडी



**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। आज प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्योत्सना यादव की देखरेख में जनपद न्यायालय कन्नौज से जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झा द्वारा आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर परिवार न्यायालय, एम०ए०सी०टी० कोर्ट, पुलिस कार्यालय, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, सी०एम०ओ०, नगरपालिका सदर जिला अस्पताल, से होते हुये पाल चौराहा, तहसील सदर, ग्राम न्यायालय तिर्वा, तहसील तिर्वा, एवं बाह्य न्यायालय छिबरामऊ, तहसील छिबरामऊ के गाँवों के साथ ही साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोक अदालत के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जनपद न्यायालय कन्नौज से रवाना किया गया। इस मौके पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयं सेवक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना परितोष अधिकरण, बाह्य न्यायालय छिबरामऊ अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, द्वारा भी प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया, जिससे प्रत्येक तहसील के गाँवों एवं सुदुर क्षेत्रों में लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार हो सके, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से लोंगों को जागरूक किया जा रहा है।

प्रभारी सचिव ज्योत्सना यादव द्वारा लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में पत्रकारों के साथ बैठक आहूत कर 13 दिसम्बर 2025 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अधिक से अधिक व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने का आग्रह किया गया। एवं लोक अदालत की आवश्यता एवं लाभ के विषय पर कार्यक्रम कर लोक अदालत में अपने-अपने मामलों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाने हेतु जनपद के वादकारियों से अपील की गयी। कलेक्ट्रेट परिसर से जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) देवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन और अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एडीएम देवेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत त्वरित, सरल एवं किफायती न्याय प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वाद–जैसे दाखिल-बंदी, बिजली बिल, बैंक रिकवरी, बीमा दावे, वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद तथा अन्य आपसी सहमति से निस्तारित होने योग्य प्रकरण–सहजता से समाधान किए जाते हैं। प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर नागरिकों को राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि,

प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में जागरूक करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर अपने लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान करा सकें।

## भाकियू लोकशक्ति ने ज्ञापन सौंपते हुए मुख्य मंत्री से की मांग



**समाज जागरण**
**फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के द्वारा राष्ट्रीय आवाहन पर भिटौरा ब्लॉक के मदरियापुर गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में खाद बीज किसानों को जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए व धान की कटाई के बाद किसानों का धान क्रय केदो में नहीं लिया जा रहा जिसको लेकर प्रशासन व्यवस्थाएं ठीक कराए व FCI फतेहपुर में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए इन सभी मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा गया कार्यक्रम में महासचिव पुष्पेंद्र एडवोकेट जिला संयोजक संतलाल पटेल महिला जिला अध्यक्ष अंजू प्रजापति अतुल यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## पुलिस मुठभेड़ 15 हजार का इनामी गिरफ्तार



**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ में लूट अपहरण के मामले मे फरार चल रहे इनामी अभियुक्त ने गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उससे असलाह बरामद किया है। पुलिस की बदमाश से लालऊ बिहारीपुर से आने वाले रास्ते पर मुठभेड़ हुई। पुलिस को उसके बारे में पता चला था। प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिह थाना दक्षिण पुलिस बल के साथ वहा पहुंचे। पुलिस ने वहा चैकिंग शुरू कर दी। उसी दौरान दौरान पुलिस टीम को बडी बाउंड्री लालऊ बिहारीपुर से आने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जबावी फायरिंग की। जिससे अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। पुलिस ने अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान रामवीर उर्फ बीरा पुत्र अर्जुन सिंह के रूप में हुई। वह हरदोई थाना सैफई, जनपद इटावा का रहे वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिन्दा, कारतूस 315 बोर बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त रामवीर उर्फ बीरा ने बताया कि 07 नवंबर 2025 को वह अपने साथियों मनीष, अभिषेक व राजकुमार के साथ ईको गाड़ी छीनने की नीयत से आया था। चारों ने एक नई ईको गाड़ी आगरा जाने के बहाने रुकवाकर ड्राइवर को तमंचे के बल पर कब्जे में लिया। उसके हाथ-पैर बाँधे और सुनसान जगह ले जाकर मनीष व अभिषेक ने मफलर से चालक की गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में सभी ने शव को ठिकाने लगाने को शिकोहाबाद से बोरा खरीदा। दूसरे दिन सिरसागंज के पास सर्विस रोड की मक्का कर्ब में शव डालकर आग लगा दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया। शव बरामद कर डीएनए टेस्ट को भिजवाया है। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया पकड़े गए अभियुक्त पर 15 हजार रुपया घोषित था। उसके एक साथी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## कन्नौजः चकबंदी रोकने की मांग कर रहे किसानों ने दी सामूहिक आत्मदाह की धमकी

### बन्दोबस्त अधिकारी ने दिया न्याय का भरोसा, मंत्री ने कहा रुकवा देंगे प्रक्रिया




**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। जलालाबाद क्षेत्र में चल रही चकबन्दी प्रक्रिया को निरस्त कराने के लिए शनिवार को सैकड़ों लोग कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां प्रदर्शन करते हुए बन्दोबस्त अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए इसे निरस्त कराने की मांग की। ऐसा न होने पर किसानों ने सामूहिक रूप से आत्मदाह करने की बात कही है। जलालाबाद ब्लाक क्षेत्र में इन दिनों चकबन्दी प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि चकबन्दी से जुड़े लेखपाल व अधिकारी कीमती जमीनों को दूसरों के हिस्से में शामिल करने की सेटिंग कर के किसानों का शोषण कर रहे हैं जबकि सड़क से दूर सस्ती जमीनें किसानों के खाते में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरी चकबन्दी प्रक्रिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। कस्बे से लेकर ग्राम पंचायत सचिवालय तक चकबन्दी के विरोध में किसान प्रदर्शन कर चुके, लेकिन जब सुनवाई नहीं हुई तो शनिवार को तमाम किसान एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंच गए। यहां डीएम कार्यालय के बाहर किसानों ने प्रदर्शन किया और नारेबाजी भी की। किसानों का प्रदर्शन देखकर एसडीएम न्यायिक सदर/बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अविनाश कुमार गौतम वहां पहुंच गए और किसानों से बात कर उन्हें समझाने का प्रयास किया। एसडीएम ने कहा कि अभी एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है। उसके बाद चकबन्दी का भौतिक सत्यापन करवाकर आगे निर्णय लिया जाएगा। हालांकि किसान सिर्फ चकबन्दी प्रक्रिया को निरस्त कराने की मांग और अड़े रहे। किसानों ने कहा कि यदि चकबन्दी प्रक्रिया निरस्त न की गई तो वह लोग आत्मदाह करने पर विवश होंगे। किसान कन्हैया तिवारी ने कहा कि चकबन्दी के नाम पर किसानों की कीमती जमीनें दूसरों को दी जा रहीं हैं। जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। सभी लोगों की मांग है कि चकबन्दी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो वह लोग धरना-प्रदर्शन पर डटे रहेंगे। उधर किसानों ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से भी मुलाकात की और समस्या से अवगत कराया। मंत्री ने चकबन्दी प्रक्रिया रुकवाने का भरोसा दिया। जिस ओर किसानों ने खुशी का इजहार किया।

## कन्नौजः अधिक यूरिया का प्रयोग फसल के लिए नुकसान देयः सन्तोष

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया है कि जनपद कन्नौज में आलू एवं गेंहूँ की फसल में आवश्यकता से अधिक यूरिया का प्रयोग फसल को नुकसान पहुँचाता है। आलू की खड़ी फसल यदि बलुई मिट्टी होने पर 20 से 25 किग्रा यूरिया प्रति बीघा के हिसाब से तीन भागों में बॉटकर बुबाई के 20 से 25 के दिन बाद, 30 से 35 दिन के बाद एवं 35 से 40 दिन के बाद ओट आने पर प्रयोग करें, यदि मिट्टी दोमट होने पर 20 से 25 किग्रा० यूरिया को दो भाग में बॉटकर बुवाई के 25 से 30 दिन, एवं 35 से 40 दिन के बाद ओट आने पर प्रयोग करें। गेहूँ की खड़ी फसल में 11 से 12 किग्रा यूरिया को प्रति बीघा के हिसाब से दो भागों में बॉटकर प्रथम सिंचाई तथा तीसरी सिंचाई के बाद ओट आने पर प्रयोग करें, तथा धान की फसल कटाई के बाद गेहूँ की बुवाई की गयी है तो खड़ी फसल में यूरिया 13 से 14 किग्रा० प्रति बीघा के हिसाब से दो भागों में बॉटकर प्रथम सिंचाई के बाद तथा तीसरी सिंचाई के बाद ओट आने पर प्रयोग करें। आवश्यकता से अधिक नाइट्रोजन (यूरिया) का उपयोग सिंचाई से पूर्व करने से यूरिया लीच होकर जमीन के अन्दर चला जाता है जो फसलों के जड़ क्षेत्र से बाहर होने के कारण पौधों को प्राप्त नहीं होता है। जिससे अर्थिक नुकसान के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता खराब होती है।

किसान भाई आलू बुवाई के 50 दिन बाद यूरिया का उपयोग किसी भी दशा में न करें, क्योंकि पौधों के बढ़वार होने पर आलू के कंद की वृद्धि कम होती है, परिणाम स्वरूप उपज घट जाती है। अधिक यूरिया के प्रयोग से फसल में रोग एवं कीटों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए किसान साथियों का सुझाव है कि यूरिया का प्रयोग उचित मात्रा में तथा उचित समय पर करें जिससे आपकी बचत में वृद्धि के साथ ही मृदा में जीवांश की मात्रा संतुलित बनी रहे।

## कन्नौजः डायल-112 द्वारा नुक्कड़ नाटक व एल0ई0डी0 वैन से प्रचार-प्रसार




**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**

कन्नौज।आपातकालीन सेवा डायल-112 और उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु आज जनपद में एक विशेष जन-जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के तहत डायल-112 मुख्यालय, लखनऊ से कन्नौज आयी 14 सदस्यीय टीम( पुलिस कर्मी, नुक्कड़ नाटक के कलाकार, उद्घोषक और एल0ई0डी0 वैन दल) द्वारा आज अभियान के प्रथम दिवस पर उक्त टीम द्वारा कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के प्रमुख भीड़-भाड़ वाले स्थानों कन्नौज बस स्टैंड, गोमती देवी इंटर कॉलेज व गोल कुआं चौराहे पर नुक्कड़ नाटक और एल0ई0डी0 वैन के प्रदर्शन के माध्यम से महिला सुरक्षा पुलिस सहायता, आगजनी, या मेडिकल इमरजेंसी में तत्काल '112' की उपलब्ध सेवाओं के बारे में जनता को जागरूक किया गया।

इस नुक्कड़ नाटक और प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस, महिलाओं और छात्र-छात्राओं को यह समझाना है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति (जैसे- पुलिस सहायता, आगजनी, या मेडिकल इमरजेंसी) में तत्काल '112' डायल करें। नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने मनोरंजक और शिक्षाप्रद तरीके से पुलिस की त्वरित सहायता प्रणाली को प्रदर्शित किया गया। यह 14 सदस्यीय दल जनपद में 03 दिवस (29 नवंबर से 01 दिसंबर तक) के अनुसार कल यह टीम गुरसहायगंज और छिबरामऊ क्षेत्र (पी०डब्ल्यू०डी० तिराहा, मेन बाजार समधन, सौरिख तिराहा) में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी।

# रस मोहिनी में शहीदों की प्रतिमा का जोरदार स्वागत।

**समाज जागरण**



रसमोहिनी मैं सोमवार को जयपुर राजस्थान से अमर शहीद भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद जी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा का ग्राम प्रवेश पर ग्रामीणों द्वारा पूजा आरती से जोरदार स्वागत किया गया प्रतिमाओं की आरती पूजा कक्षा नौवीं की छात्रा कुमारी मीणा यादव द्वारा किया गया/तत्पश्चात हीरा निवास से हायर सेकेंडरी रस मोहिनी सब प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई विद्यालय में प्रवेश होने पर फिर से प्रतिमाओं की आरती उतारी गई ज्ञातव्य हो कि रस मोहिनी हायर सेकेंडरी में जो शहीदी स्मारक बन रहा है वह मध्य प्रदेश का एकमात्र स्मारक होगा तीनों शहीदों का एक साथ प्रदेश में स्मारक नहीं है तीनों प्रतिमा मार्बल की है एवं 3 महीने मैं जयपुर में कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित की गई शोभायात्रा में श्री विजय कृष्ण मिश्रा वित्तीय समिति विनोद सिंह उपाध्यक्ष शहीद स्मारक निर्माण चंद्रिका सिंह ओम प्रकाश शर्मा कौशल मनी भूपेंद्र सिंह बघेल अंकित बारगाही प्रशांत मिश्रा आकाश तिवारी शिवा नामदेव राम किशोर शर्मा कल्लू श्रीमती शोभा यादव कुमारी नमी नामदेव आकांक्षा नाम जी अरुण नामदेव कैलाश सोनी मानसी नामदेव यस नामदेव अर्जुन सोनी कृषसोनी गौरव नामदेव मोनू सोनी वंश नामदेव रावेंद्र यादव

निखिल नामदेव रोहित सोनी सुजल वर्मा पंकज शर्मा लोक नारायण वर्मा अंजनी चौधरी एवं नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा शहीद स्मारक निर्माण समिति के संरक्षक मनीषा सिंह विधायक जैतपुर संयोजक आनंद राय सिन्हा एसी ट्राईबल एवं सहसंयोजक श्री जयंत कुमार मिश्रा प्राचार्य है मूर्ति अनावरण मे अमर शहीद भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद जी एवं सुभाष चंद्र बोस जी के परिजनों की आने की संभावना है मूर्ति अनावरण कार्यक्रम अगस्त में संभावित है शोभा यात्रा का संचालन अमर शहीद स्मारक निर्माण के संस्थापक/फाउंडर/ मनोज कांत शर्मा शिक्षक रसमोहनीनी द्वारा किया गया

# अमलाई रेलवे स्टेशन में डिस्प्ले बोर्ड ना होने से यात्रियों को हो रही परेशानी रेलवे विभाग उदासीन

**समाज जागरण**

बरगवां अमलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशनों में शामिल अमलाई रेलवे स्टेशन आज भी उन मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जिनकी जरूरत यात्रियों को सबसे ज्यादा होती है। अमलाई ओरिएंट पेपर मिल व कास्टिक सोडा फैक्ट्री के नाम से जाना जाने वाला यह क्षेत्र औद्योगिक पहचान रखने एवं कोलमाईनस क्षेत्र के बावजूद रेलवे की बुनियादी सुविधाओं की कमी से लगातार जूझ रहा है।

जिसमे जबलपुर टू अंबिकापुर ट्रेन का अमलाई रेलवे स्टेशन में न रुकना व कई बड़े ट्रेन का स्टापेज न होना प्लेटफॉर्म पर डिस्प्ले बोर्ड न होने के कारण यात्रियों को कोच की सही जानकारी नहीं मिल पाती और ट्रेन आते ही लोग इधर-उधर कोच तलाशते हुए भागते नजर आते हैं। डिस्प्ले बोर्ड के अभाव में कई यात्री गलत दिशा में खड़े रह जाते हैं, जिससे ट्रेन रुकते ही अचानक भीड़ बढ़ने पर धक्का-मुक्की की स्थिति बन जाती है। कई बार इस अफरा-तफरी के दौरान यात्री चोटिल भी हुए




हैं, लेकिन इसके बाद भी रेलवे विभाग की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह स्थिति और अधिक खतरनाक बन जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर सही कोच तक पहुंचने में कठिनाई होती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अमलाई रेलवे स्टेशन वर्षों से बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है, जबकि यह बिलासपुर-कटनी रेलखंड के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म वाले स्टेशनों में से एक है। लोगों द्वारा लंबे समय से डिस्प्ले बोर्ड लगाने की मांग की जा रही है, लेकिन विभाग की उदासीनता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। यात्रियों का कहना है कि आसपास के छोटे स्टेशनों तक में आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा चुकी हैं, लेकिन अमलाई जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन को आज भी डिस्प्ले बोर्ड जैसी अनिवार्य सुविधा से वंचित रखना समझ से परे है। अमलाई की जनता ने रेलवे प्रशासन और महाप्रबंधक से मांग की है कि प्लेटफॉर्म पर जल्द से जल्द डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएँ, ताकि यात्रियों को सही जानकारी मिल सके, भीड़ और अव्यवस्था कम हो सके, और ऐसी घटनाओं से यात्रियों को सुरक्षा मिल सके।

# गौशाला की बदहाली: भूख और इलाज के अभाव में दम तोड़ रही गौमाताएं; समाजसेवियों ने CEO से की शिकायत

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली लाखखेरा ग्राम पंचायत के बजरवारा ग्राम में स्थित वृंदावन गौशाला की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। लक्ष्मी शव सहायता समूह गौशाला का संचालन करती है इसमें करीब 230 गौवंश दर्ज हैं, जिनके खान-पान और इलाज की व्यवस्था समय पर न होने के कारण बड़ी संख्या में गायों की मौत हो रही है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर क्षेत्र के समाजसेवियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) से लिखित शिकायत की है और तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग



की है। हर दूसरे-तीसरे दिन हो रही गायों की मौत समाजसेवी राघवेंद्र सिंह ने शनिवार को जनपद कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम एक लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने गौशाला की बदहाली पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बजरवारा की वृंदावन गौशाला में हर दूसरे-तीसरे दिन भूख और इलाज के अभाव में गायों की मृत्यु हो रही है। यह स्थिति तब है जब गाय के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी सत्ता में है। राघवेंद्र सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा, सिर्फ कागजों में सुरक्षित हैं, जबकि सड़कों से लेकर गौशालाओं तक में गायें तड़प-तड़प कर दम तोड़ रही हैं। मृत गायों के प्रति क्रूरता का आरोप शिकायतकर्ता राघवेंद्र सिंह ने मृत गायों के निस्तारण पर भी गंभीर और क्रूरतापूर्ण आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि मरने वाली गायों को क्रूरतापूर्वक, खुले आसमान के नीचे कुत्तों के नोचने के लिए छोड़ दिया जाता है, जो कि बेहद ही निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने इस अमानवीय व्यवहार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने दी उग्र प्रदर्शन की चेतावनी ग्रामीण राजाराम पटेल ने बड़वारा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लिखित शिकायत के माध्यम से गौशाला की व्यवस्थाओं को तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है। यदि जल्द से जल्द भूख और इलाज के अभाव में मर रही गायों की मृत्यु दर पर रोक नहीं लगाई गई और व्यवस्थाएं नहीं सुधारी गईं, तो समस्त ग्रामीण जन सड़क पर उतरकर उग्र विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है जांच कराई जाएगी अगर अव्यवस्थाएं हैं तो जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

# मातृशक्ति पर टिप्पणी विकृत मानसिकता का संकेत – तिवारी

**समाज जागरण**

अनूपपुर। आईएएस संतोष वर्मा के विवादित बयान को लेकर आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा। युवा ब्राह्मण समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नगर परिषद के उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी ने इसे समाज को तोड़ने वाला, असंवेदनशील और मातृशक्ति का अपमान करार दिया है। तिवारी ने कहा कि बहन-बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी अत्यंत आपत्तिजनक



है और इससे सामाजिक सौहार्द व प्रशासनिक गरिमा दोनों को ठेस पहुंची है। किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा ऐसी टिप्पणी करना सामाजिक समरसता और संवैधानिक मयार्दा के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी वर्गों का सम्मान हमारी परंपरा का मूल है, और किसी भी समुदाय को लक्षित कर ऐसी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं।उन्होंने प्रशासन से तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# नीट की तैयारी के लिये नि:शुल्क प्रशिक्षण देगा एसईसीएल

## प्रोजेक्ट प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीण बच्चों को अपना लक्ष्य पाने का अवसर।

**समाज जागरण**

उमरिया एसईसीएल सीएसआर सुश्रुत की तरफ से खदान क्षेत्र के 25 किलोमीटर के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण छात्र छात्राओं को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण देगा।जिन छात्रों ने न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको के साथ बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है ।एसईसीएल संचालन क्षेत्रों के वे विघ्यार्थी जो प्रोजेक्ट प्रभावित क्षेत्रों गांव या आसपास के गांवो में रहते है और एसईसीएल प्रतिष्ठान क्षेत्रों के पच्चीस किलोमीटर के दायरे में आते है ।तथा साथ ही जिनके माता पिता की वार्षिक आय आठ लाख से कम हो इस योजना का लाभ उठा सकते है ।यह योजना एसईसीएल कर्मियों के बच्चों के लिये नहीं है ।यह लाभ छतीसगढ व मध्यप्रदेश के प्रभावित प्रोजेक्टों के अन्तर्गत आने वाले




ग्रामीणों के लिये ही है ।इसके लिये पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर 25 व प्रवेश परीक्षा की तिथि 7 दिसम्बर 25 नियत की गयी है ।मध्यप्रदेश में उमरिया ,अनुपपुर ,शहडोल जिले ही इस लाभ के पात्र है ।यह प्रोजेक्ट के 25 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामीणों के लिये अत्यंत लाभदायक है ।प्रवेश परीक्षा में उतीर्ण छात्रों को एसईसीएल हेडक्वाटर बिलासपुर में निःशुल्क भोजन,आवासीय,पठन पाठय सामग्री के साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षणकताओं के द्वारा दिया जायेगा ।ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आगे लाने उन्हे उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने का प्रयास एसईसीएल द्वारा किया जा रहा है।

# पसान की पेयजल योजना बनी जनता की मुसीबत–सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग, अर्बन डेवलपमेंट कंपनी और MPUDC अधिकारियों की लापरवाही से बिगड़े हालात

**समाज जागरण**

जमुना कोतमा (अनूपपुर) नगर पालिका परिषद पसान में संचालित शहरी पेयजल योजना अब नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है योजना का कार्य सेंट्रल इंडिया इंजीनियरिंग, नागपुर को दिया गया था, जिसे आगे पेटी कांट्रैक्ट में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड, भोपाल को सौंपा गया दोनों एजेंसियों की लापरवाही और MPUDC (मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी) अधिकारियों की उदासीनता तथा मिलीभगत के कारण यह योजना जनता के लिए राहत के बजाय बोझ का कारण बन गई है चार वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी है शहर में जगह-जगह सीसी और बीटी रोड को बिना योजना काटकर अधूरा छोड़ दिया गया है, चेंबर अधूरे हैं, ढक्कन गायब हैं, पाइपलाइनें खुली पड़ी हैं, नई बनी सड़कें धंस रही हैं, कई मार्ग महीनों से गड्ढों में तब्दील हैं, आवागमन बाधित है, और पेयजल की मुख्य सप्लाई लाइन आज तक शुरू नहीं हो सकी है इससे भी अधिक गंभीर बात यह है



कि केवई नदी में पानी रोकने के लिए बनाया गया डैम पहली ही बारिश में बह गया, लेकिन न उसकी मरम्मत हुई और न ही संबंधित एजेंसी या MPUDC अधिकारियों ने कोई कार्रवाई की पूर्व में नागरिकों ने इस अव्यवस्था और जोखिमपूर्ण कार्य शैली के खिलाफ कई शिकायतें भी दर्ज कराई थीं, परंतु उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा यह संपूर्ण स्थिति निर्माण गुणवत्ता और निगरानी की भारी कमी को उजागर करती है

नागरिकों का कहना है कि पेयजल योजना के कारण पूरा कस्बा धूल, कीचड़ और खुदाई से पटी सड़कों में बदल गया है स्थिति ऐसी है कि आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं जिला प्रशासन से नागरिकों की एक ही अपेक्षा है कि जिम्मेदार एजेंसियों और MPUDC अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही कर अधूरे एवं गुणवत्ता-विहीन कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा कराया जाए

**इनका कहना है**

काम बंद नहीं है कुछ जगहों पर काम चल रहा है और कुछ जगहों पर नपा अध्यक्ष महोदय काम करने नहीं दे रहे हैं रही बात टूटे हुए डैम की तो उसे पुनः बनाया जाएगा लेकिन अभी वहां पानी है विजय सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर एम पी यू डी सी शहडोल

# बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 25 दिसंबर को होगा प्राकृतिक खेती सम्मेलन

## बसामन मामा गौअभ्यारण्य के आसपास का क्षेत्र बनेगा प्राकृतिक खेती का केन्द्र : उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौअभ्यारण्य का भ्रमण करते हुए कहा कि बसामन मामा गौअभ्यारण्य के आसपास का क्षेत्र विन्ध्य में प्राकृतिक खेती का केन्द्र बनेगा। प्राकृतिक खेती के लिए गौपालन आवश्यक है। कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी पशुपालन आवश्यक है। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 25 दिसंबर को स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन मनाया जायेगा। इस दिन अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन में कृषि विशेषज्ञ तथा प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान भाग



लेंगे। यह सम्मेलन क्षेत्र में प्राकृतिक खेती के विकास के प्रयासों को गति देगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 8 हजार से अधिक निराश्रित गौवंश को आश्रय दिया गया है। इनके गोबर और गोमूत्र का उपयोग करके आसपास के क्षेत्र को रसायनिक खाद के उपयोग से मुक्त किया जा सकता है। गौअभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ दूधारू पशुओं के नश्ल सुधार, महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी बल दिया जा रहा है। गौअभ्यारण्य के पांचों प्रकल्प पूरी क्षमता से कार्य करके इसे आदर्श गौशाला बना रहे हैं। बसामन मामा गौअभ्यारण्य आसपास के क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक खेती का केन्द्र बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 दिसंबर को अटल जी के जन्मदिन पर एक विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसकी सभी तैयारियां समय पर पूरी कर लें। निमार्णाधीन भोजन शाला का निर्माण अर्द्धसंवर्धन अनिवार्य रूप से पूरा करायें। गौअभ्यारण्य में बिजली की निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था करें। विद्युत सबस्टेशन का निर्माण कार्य स्वीकृत हो गया है। एसडीएम सिरमौर तत्काल निर्माण कार्य के लिए जमीन उपलब्ध करायें। विद्युत मंडल के अधिकारी तत्काल निर्माण कार्य दो माह में चालू करायें। उप मुख्यमंत्री ने गौशाला का भ्रमण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने पानी की आपूर्ति, परिसर की साफ-सफाई तथा सौन्दर्यीकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने ग्राम पुरवा में पंचमुखी हनुमना जी के निमार्णाधीन मंदिर का अवलोकन किया। इसका निर्माण सामजसेवी मनोज शुक्ला द्वारा कराया जा रहा है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र के विकास और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, श्री अभय जयरामदास, आशीष शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वन रक्षक के नियम विरूद्ध तबादले से जन मानस में व्यापक आक्रोश

## तबादला रद्द कराने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

उमरिया --- राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ के रायपुर वन क्षेत्र में पदस्थ वन रक्षक प्रदीप सिंह कचुली का तबादला प्रतिबंधित समय में किये जाने की खबर से रायपुर ग्राम के आदिवासियों में व्यापक रूप से आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में पिछले तीन दशक से पदस्थ वन पाल जो अवांछित गतिविधियों में संलग्न है, जिसकी वर्तमान में दाल न गल पाने के कारण उनकी शह पर वरिष्ठ वन अधिकारियों ने वीट गार्ड को निशाना बनाया है और मूल पदांकित स्थल से 50 किलोमीटर दूर तबादला कर उन्हें अनावश्यक रूप से सबक सिखाने के लिए तबादला कर दिया गया है। ज्ञात होवे की विशेष परिस्थितियों को छोड़कर मध्यप्रदेश शासन ने कर्मचारियों के तबादला में रोक लगा रखी है, लेकिन बीच सत्र




में उनका तबादला कर तबादला नीति और मध्यप्रदेश शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के इस नियम विरूद्ध तबादला के विरोध में गाँव के अधिवासियों ने मोर्चा खोल दिया है और इस आदेश के विरुद्ध वन संरक्षक शहडोल और क्षेत्र संचालक राष्ट्रीय उद्यान उमरिया को लगभग 50 ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर तबादला रद्द करने की मांग की है। बताया जाता है कि वन माफियाओं और वन पाल के सांठगांठ के इशारे पर राष्ट्रीय उद्यान के कतिपय अधिकारीयों ने ईमानदार से चाकरी करने वाले वन रक्षक के ऊपर दबाव बनाने की असफल कोशिश की, और अब जब उनकी दाल नहीं गली तो माफिया के कार्यो में दखलंदाजी करने वाले वन रक्षक को ही ठिकाना लगा दिया गया। किसी भी शासकीय अधिकारी के तबादला के लिए एक आचार संहिता बनी हुई है और उसके अनुरूप तबादला करने में किसी को कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं है लेकिन बीच सत्र में हुए तबादला पर सवाल उठाना जायज और प्रासंगिक होता है। कहाँ जाता है कि ग्राम पंचायत में बिजली लगवाने के लिये जंगल से लाइन खींचने से रोकना वन रक्षक को मंहगा पड रहा है। वन विभाग के आला अधिकारियों से अपेक्षा है कि नियम विरूद्ध हुये इस तबादला की एक बार पुनसमीक्षा करते हुए वन रक्षक के तबादला को रद्द करने की कार्यवाही करने की कृपा करें, ताकि वन माफिया के मंसूबों पर पानी फिर सकें।

# एमपी देश का पहला राज्य बना जहां मनरेगा की मजदूरी अब महिलाओं के खाते में जाएगी

## मां का बगिया योजना के तहत सीधे ट्रांसफर होंगे भुगतान

**समाज जागरण**

भोपाल। महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत करने की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब मनरेगा की मजदूरी पुरुष मुखिया के खाते में नहीं, बल्कि सीधे महिला श्रमिकों के बैंक खातों में जमा की जाएगी। ह्यमां का बगियाह्व पहल के तहत ऐसा मॉडल अपनाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है।अब तक पूरे देश में मनरेगा भुगतान की एक जैसी व्यवस्था थी चाहे मजदूरी पुरुष ने कमाई हो या महिला ने–राशि हमेशा जॉब कार्ड पर दर्ज पुरुष मुखिया के बैंक खाते में ही भेजी जाती थी। जब मध्यप्रदेश ने महिलाओं के बैंक खातों में सीधे भुगतान का प्रस्ताव रखा, तो एक बड़ी समस्या सामने आईअधिकांश जॉब कार्ड में केवल पुरुषों को ही मुखिया के रूप में दर्ज किया गया था, जिससे महिलाओं को सीधे भुगतान संभव नहीं था।विभागीय समीक्षा में सामने आया कि राज्य के करीब 31,500 समूहों में से एक प्रतिशत से भी कमे में महिलाओं के नाम मुखिया दर्ज थे। यह तकनीकी रूप से नई व्यवस्था लागू करने में बाधा बन रहा था।

**केंद्र ने दी विशेष अनुमति, लेकिन एक शर्त के साथ-:**

इस समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार ने 2 सितंबर 2025 को ग्रामीण विकास मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा, जिसमें नियमों में संशोधन करके महिलाओं को सीधे भुगतान की अनुमति मांगी गई।17 नवंबर को केंद्र ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।लेकिन इसके साथ एक शर्त जोड़ी गई महिला के खाते में मजदूरी भेजने के लिए पुरुष मुखिया की लिखित सहमति जरूरी होगी।सॉफ्टवेयर अपडेट; 15 अगस्त के बाद शुरू कामों पर लागू नई प्रणाली राज्य के अनुरोध के बाद राष्ट्रीय मनरेगा सॉफ्टवेयर में वह विकल्प जोड़ दिया गया है, जिससे जॉब कार्ड सीधे किसी महिला के नाम से लिंक किया जा सके।नई व्यवस्थो 15 अगस्त 2025 के बाद शुरू होने वाले सभी मनरेगा कार्यों पर लागू होगी।मनरेगा कमिश्नर अवि प्रसाद ने पुष्टि की है कि सॉफ्टवेयर संशोधन पूरा हो चुका है। मां का बगिया योजना के प्रमुख आंकड़े-: 31, 000+ प्रोजेक्ट प्रस्तावित 30,815 प्रोजेक्ट मंजूर अनुमानित लागत: ₹748 करोड़

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये अधिक से अधिक करें दान-जिलाधिकार

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र (अ0प्रा0) ने बताया है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2025 को पूरे भरत में मनाया जायेगा जिसकी पृष्ठभूमि देश के सेवारत जवानों/उनके परिवारों तथा भूतपूर्व सैनिकों/उनके परिवारों के आर्थिक कष्टों के निवारणार्थ उपयोगी की जाती है। उन्होने बताया है कि जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की तरफ से 07 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाले सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य व्यक्तियों, उद्योगपतियों और जनपद वासियों से अधिक से अधिक दान देने की अपील की गयी है। ज्ञातव्य है कि सन- 1949 से प्रारम्भ की गयी है जो आगामी प्रत्येक वर्ष में 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाये जाने की परम्परा चली आ रही है। यदि दिवस बलिदानियों के परिवारों और वर्दी धारियों के सम्मान में मनाया जाता है। दिव्यांग सैनिकों, बलिदानियों की पत्नियों, उनके आश्रितों की देखभाल व सम्मान दिये जाने के लिये प्रतिवर्ष धनराशि एकत्रित की जाती है। इस दिन जल, थल, वायु सेना के जवानों की ओर से दी गयी सेवाओं को याद किया जाता है। सभी जनपदवासियों, गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व शिक्षण संस्थानों एवं उद्योगपतियों से दान स्वरूप दी गयी धनराशि नकद, चेक/बैंक ड्राफ्ट व क्यूआरकोड से संग्रहित धनराशि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सैनिक झण्डा दिवस निधि के खाते में जमा किया जाता है। पूरे देश से संग्रहित धनराशि पर सीधे रक्षा मंत्रालय की निगरानी होती है। संग्रहित धनराशि का अधिकांश हिस्सा मुख्यालय भेजा जाता है। इस धनराशि के जरिये बलिदानियों के आश्रितों, घायलों और जरूरत मंद सैनिकों, पूर्व सैनिकों को आकस्मिक मदद दी जाती है। प्रदेश में राज्यपाल के जरिये धनराशि की निकासी कर सहातार्थ खर्च किया जाता है।

# मोहनलालगंज ब्लॉक सभागार में महिला सम्मेलन में महिलाओं को दी गई सरकारी जानकारी

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**

विधानसभा मोहनलाल गंज अन्तर्गत भाजपा मण्डल के तत्वावधान मेंआत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य से ब्लॉक मोहनलालगंज सभागार में मण्डल स्तर पर महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, ब्लॉक मोहनलालगंज सभागार मेंआयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संगीता रावत पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख मोहन लालगंजओम प्रकाश शुक्ला जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा धीरेंद्र पांडे धीरू



ने आत्मनिर्भर भारत पर चर्चा करते हुए महिलाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए आधी आबादी के सशक्तिकरण पर जोर दिया, उन्होंने भारत सरकार द्वारा महिलाओं और आम नागरिकों के लिए चलाई जा रही बालिका समृद्धि योजना, जन धन योजना आदि का विशेष उल्लेख किया, इस सम्मेलन में ब्लॉक पहुंचकरभारी संख्या मेंकई गांव से महिलाओं ने भाग लिया इस मौके पर ज्योति गुप्ता अमेठी मंडल अध्यक्ष वह मोहनलालगंज की सह संयोजक व रचना गुप्ता सहसंयोजक मौजूद रही

# बाबू सुंदर सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर कैम्प, 40 लोगों ने किया रक्तदान

## नुक्कड नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां स्थित बाबू सुन्दर सिंह ग्रुप में शनिवार को एचडीएफसी बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें कुल 40 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की उपाध्यक्ष रीना सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में छात्रों, छात्राओं, कॉलेज फैकल्टी एवं अन्य शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान शिविर के दौरान फामेर्सी डिप्लोमा (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) के छात्रों द्वारा रक्तदान जागरूकता विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतकर रक्तदान के लिए जागरूक किया और उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। नाटक में अम्बेश वर्मा, हिमांशु,



सचिन साहू, काव्यांश वर्मा, हर्षित मिश्रा, मोहम्मद शरीम, आशीष यादव, शुखेंद्र सिंह यादव, कैफ मोहम्मद, शोभित यादव, अंजली, गौरव वर्मा एवं मोहम्मद जीशान ने भाग लिया। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक की ओर से उपस्थित संजय जी एवं रेहान जी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोत्तम सेवा है और आप सभी ने स्वस्थ भारत के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। कॉलेज की ओर से उपाध्यक्ष रीना सिंह, ट्रस्टी अल्पना सिंह, गरिमा सिंह, महानिदेशक डॉ. के.के. सिंह, निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला तथा कोऑर्डिनेटर नलनीश, शुभांकित और अशुतोष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्पीड ब्रेकर बनाने पर दबंगो ने युवक की पिटाई

**समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ निगोहां के मीरखनगर गांव में सड़क पर ब्रेकर बनाये जाने का हवाला देते हुए आधा दर्जन ग्रामीणों ने युवक की लाठी डंडों से पिटाई कर मरणासन्न कर सभी मौके से भाग निकले। परिवारीजनों ने लहूलुहान देख उसे आनन फानन निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मामले को लेकर पत्नी ने निगोहां पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही।

मीरखनगर निवासी रश्मि चौरसिया द्वारा शनिवार को निगोहां पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते बुधवार को उसके पति शिव शंकर चौरसिया व बच्चों के साथ घर में थे इसी दौरान बाहरी दरवाजा खटखटाने की आवाज आने पर पति ने दरवाजा खोला तो दरवाजे पर पड़ोस के रहने वाले आर्यन शर्मा उर्फ आर्या, व तीन अन्य अज्ञात लोगों ने उसके पति को गंदी-गंदी गालियां देते हुए कहा कि अपने घर के सामने रास्ते पर ब्रेकर बनवाया है उसे तुड़वा दो हमको तेज गाड़ी चलाने में दिक्कत होती है। इस पर पति के द्वारा दुर्घटना से बचाव के चलते ब्रेकर तोड़ने से मना कर दिया तो सभी ने लाठी डंडे से पति की पिटाई कर मरणासन्न कर दिया। जिसके बाद सभी भाग निकले। खून से लथपथ देख आनन फानन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। एसओ निगोहां ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

# सयुस प्रदेश सचिव ने घर-घर जाकर ग्रामीण मतदाताओं के एसआईआर फॉर्म भरने में की मदद

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र**




सोनभद्र। एस आई आर को लेकर इस समय पूरे देश में अभियान चल रहा है। खास दिक्कत ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों को आ रही है जो ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है। समाजवादी पार्टी के "एस आई आर, पी डी ए प्रहरी" के रूप में समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप यादव एस आई आर फॉर्म भरवाने को लेकर मतदाताओं के घर-घर, गली-गली स्वयं जाकर अपने बूथ संख्याझ 39 प्राथमिक विद्यालय अगोरी खास, के साथझसाथ बूथ संख्या 38, और बूथ संख्या 127 (प्राथमिक विद्यालय बिजौरा) पर भी सभी ग्रामीणों के घर-घर जा कर फॉर्म भरे और मतदाताओं से अपील किये कि आप सभी लोग शत प्रतिशत अपना अपना फार्म भरकर सभी लोग ध्यान पूर्वक पढ़कर अपने बीएलओ के पास जमा करें, जिससे सभी लोग मताधिकार से अच्छादित रहे हैं। वही 2003 के पुराने वोटर भी अपनी डिटेल सही तरीके से भरें। प्रदीप यादव ने कहा कि 2027 का चुनाव जीतना है तो हर हाल में सभी कार्यकताओं को बूथ प्रभारियों को बूथ अध्यक्षों खास तौर पर को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना होगा इस अवसर पर बीएलओ रामचंद्र साहनी बीएलओ अशोक साहनी, बीएलओ सोनू भारती तथा अनूप मिश्रा, दूधनाथ, छोटू, श्रवण, सोखाड़ी, श्री धर के साथ दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# एसआईआर में युवा लोकतंत्र की मजबूती के लिए दें योगदान: राघवेंद्र

## वोटर लिस्ट से नाम न कटने पाए, वोटर लोकतंत्र का भगवान

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र**




सोनभद्र। एनएसयूआई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव राघवेंद्र नारायण ने आज मतदाता सूची पुनरीक्षण केन्द्रो का दौरा कर जायजा लिया और मतदाताओं और बीएलओ सहित प्रक्रिया में लगे लोगों से कठिनाइयों के सन्दर्भ में चर्चा भी किया। पश्चात एक विशेष बातचीत में पत्रकारों से कहा कि प्रक्रिया में लगे कर्मचारियों को दुरूह क्षेत्रो में भारी कठिनाई के साथ काम करना पड़ रहा है विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर से बेहतर काम करने की कोशिश के लिए उनको सैल्यूट है। राघवेन्द्र नारायण आज इस दौरान रॉबर्ट्सगंज के बूथ पर 2003 की वोटर लिस्ट न होने पर बिफरे जिस पर बाद में उपलब्ध कराया गया, उन्होंने सभी बूथों पर पुरानी लिस्ट अवश्य उपलब्ध कराने के लिए निर्वाचन व प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया। उन्होंने कहा की सरकार कुछ भी दवा करे लेकिन सच्चाई यह है कहीं नेटवर्क नहीं, कहीं संसाधन नहीं, फिर भी घर-घर तक फार्म पहुंचाना और उसे बेहद कम समय में उसे वापस जमा करना एक बड़ी चुनौती पूर्ण प्रक्रिया है ऐसे समय मे बहुत से लोगों का दूरस्थ क्षेत्रो में फोटो तथा पुराने दस्तावेजों की उपलब्धता न हो पाने के कारण पुनरीक्षण फर्मो का समय से वापस न मिलना सभी बीएलओ के लिए एक बड़ी चुनौती है। वरिष्ठ नेता राघवेद्र नारायण ने कांग्रेस कार्य कताओं समेत सभी दलों के खासकर युवा कार्यकताओं से दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी मतदाताओं जो कम जागरुक है उनका सहयोग करके इस प्रक्रिया के भीतर उनका नाम पुनरीक्षण में सम्मिलित कराने में शासन प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया और साथ ही कहा की उनका यह योगदान लोकतंत्र को मजबूती देगा। युवा कार्यकर्त्ता आगे आकर इस प्रक्रिया में सहयोग कर सत्ता व व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई में अमूल्य योगदान सुनिश्चित करें। राघवेंद्र नारायण ने कांग्रेस कार्य कताओं से आह्वान किया की सरकार की नीति और नियत को पहचाने और पैनी नजर बनाए रखें किसी मतदाता का मत छूटने और कटने न पाये ये जिम्मेदारी नौजवानों के कंधो पर है। देश का एक एक मतदाता लोकतंत्र का भगवान है।

# थाना पिपरी पुलिस ने साइबर फ्रॉड में खोए 10,000 रुपये पीड़िता को कराए वापस

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के दिशा-निर्देशन में, थाना प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी साइबर टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।
आवेदिका विमला मिश्रा पत्नी अशोक मिश्रा, निवासी हिण्डालको कॉलोनी, रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा



साइबर फ्रॉड कर धनराशि ट्रांसफर

करा ली गई थी। सूचना प्राप्त होते ही थाना साइबर टीम द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की गई। टीम द्वारा संबंधित बैंक से समयबद्ध पत्राचार, खाते पर तत्काल होल्ड एवं निर्धारित प्रारूप में नोटिस जारी करते हुए फ्रॉड की गई धनराशि ₹10,000/- को सफलतापूर्वक आवेदिका के मूल खाते में वापस कराया गया।
पीड़िता द्वारा इस त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा साइबर क्राइम पुलिस थाना, पिपरी

# थाना बभनी पुलिस ने दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के प्रकरण में वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस द्वारा




एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0164/2025, धारा 65(2) बीएनएस एवं 5M/6 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र दुबराज, निवासी मुनगाडीह, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 19 वर्ष, को पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.11.2025 को समय 08:05 बजे, मधुकुटरा पोखरा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे मा० न्यायालय भेजा गया।

# सार्वजनिक जुआ अधिनियम में सात जुआड़ी गिरफ्तार

## रायपुर थाना क्षेत्र के रईया गांव से शनिवार की भोर में हुई गिरफ्तारी।

**ब्यूरो समाज जागरण**




खलियारी/ सोनभद्र। रायपुर थाना पुलिस ने क्षेत्र के रईया गांव में खेल रहे सात जुआड़ी जुआ खेलते पकड़े। जिन्हें पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। अभियुक्तगण के पास ताश के फड़ से 3500 रुपया व जामा तलाशी से 8220 रुपए बरामद किए गए। पकड़े गए अभियुक्त गण 32 वर्षीय अरविन्द पाण्डेय पुत्र रामदुलारे पाण्डेय निवासी बन बहुआर, 34 वर्षीय राजन पाण्डेय पुत्र रामप्रसाद पाण्डेय निवासी जसौलिया, 30 वर्षीय राजेश यादव पुत्र प्रभू यादव निवासी बुढिबार, 47 वर्षीय राम विलाश पुत्र इन्द्रेव निवासी खलियारी, 35 वर्षीय वर्षीय रंजीत कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी खलियारी, 32 वर्षीय रामबाबू पुत्र काशीदास निवासी बैनी, 41 वर्षीय मोतीलाल पुत्र रामप्यारे निवासी खलियारी आदि पते के रहने वाले हैं। रायपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों को मुकदमा संख्या 162/2025 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम में दर्ज कर थाना स्तर पर ही जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# सलखन मे राबिया रोशन प्रा.आई.टी.आई. द्वारा आयोजित रोजगार मेले में 105 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

## निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों ने किया प्रतिभाग

**समाज जागरण/**
**ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**




सोनभद्र। प्रवासी श्रमिकों एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा शनिवार को राबिया रोशन प्राइवेट आई.टी.आई सलखन में रोजगार मेंले का आयोजन किया गया। इसमें निजी क्षेत्र की 11 कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें सुजुकी मोटर्स अहमदाबाद गुजरात, स्टेल टिस प्राइवेट लिमिटेड तमिल नाडु, श्री राम पिस्टन एण्ड रिंग लि. भिवाड़ी हरियाणा, सन्देन विकास इंडिया प्राइवेट लि. फरीदाबाद हरियाणा, फेम इंडस्ट्रीज लिमिटेड अलवर राजस्थान, मीडलैंड माइ क्रोफीन सोनभद्र, सोलेटा इंड स्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मधुपुर, बज्र एल.ई.डी.सोल्यूट्रास प्रा.लिमिटेड रावट्र्सगंज सोनभद्र, किसान बाजार रावट्र्सगंज सोनभद्र, ओमकार ग्रुप पूणे महाराष्ट्र, इमोजा मार्केट टेक्नोलॉजी प्रा. लिमिटेड बैंगलोर, चैन विल एविएशन इत्यादि कंपनियों में लगभग 250 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।जहां विभिन्न पदों पर कुल 105 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी प्रमोद तिवारी, सच्चिदानंद सिंह, हाजी वकील अहमद, राबिया रोशन प्राइवेट आई.टी.आई के प्रबंधक रिजवान अहमद, प्रधानाचार्य सद्दाम कुरैशी, रोजगार मेला प्रभारी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार, अशोक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# एसपी का विंढमगंज थाना पर औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी—थाना स्थानांतरण की जरूरत पर दिया जोर

**समाज जागरण/**
**उपेन्द्र कुमार तिवारी**



विंढमगंज/ सोनभद्र। शनिवार को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा ने विंढमगंज थाना का औचक निरीक्षण कर थाना व्यवस्था एवं क्षेत्रीय समस्याओं का गहन समीक्षा किया। अचानक पहुंचे एसपी ने सबसे पहले थाना परिसर की भौतिक स्थिति का निरीक्षण किया और सीमित जगह देखकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान भवन में वाहन पार्किंग, आवागमन तथा दैनिक पुलिस कार्यों के संचालन में स्पष्ट रूप से दिक्कतें आती हैं। ऐसे में थाना को किसी उपयुक्त और विस्तृत स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की आवश्यकता है, जिससे पुलिस कर्मियों और आम जनता दोनों को सुविधाजनक माहौल मिल सके।
निरीक्षण के दौरान एसपी वर्मा ने थाना में मौजूद सभी रजिस्टर, अभिलेख, केस डायरी, मालखाना और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अभिलेख पूरी तरह से अद्यतन व सुव्यवस्थित रखे जाएं, ताकि किसी भी जांच, शिकायत या कानूनी कार्यवाही में समय की बबार्दी न हो। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, तत्परता और बेहतर व्यवहार अपनाने की भी सलाह दी। थाना निरीक्षण के बाद एसपी ने विंढमगंज बाजार क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर आम जनता की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात की स्थिति एवं स्थानीय समस्याओं का भी जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों, वाहन चालकों और क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाजार भ्रमण के दौरान उन्होंने पुलिस को सतर्कता बढ़ाने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित गश्त बनाए रखने के निर्देश दिए।
स्थानीय लोगों ने एसपी के इस औचक निरीक्षण का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पुलिस व्यवस्था में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। विंढमगंज थाना क्षेत्र वर्षों से सीमित संसाधनों के साथ काम कर रहा है, ऐसे में थाना भवन के स्थानांतरण और सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव बेहद आवश्यक है।
निरीक्षण पूरा करने के बाद एसपी अभिषेक वर्मा मुख्यालय के लिए रवाना हो गए।

# जिला कारागार का निरुद्ध विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान हुई मौत

**ब्यूरो समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। जिला कारागार निरुद्ध बंदी शनिवार दोपहर 12 बजकर 4 मिनट पर वाराणसी बीएचयू में इलाज के दौरान मौत हो जाने से जिला कारागार परिसर में शोक की लहर दौड़ गयी। इस सम्बंध में जिला कारागार जेलर ए.के.सिन्हा ने बताया कि जिला कारागार गुरमा में निरुद्ध बंदी रमेश



बैगा( 55 वर्ष ) पुत्र झमन बैगा निवासी ग्राम -जुड़वली,थाना-शाहगंज, जनपद- सोनभद्र जो 25 नवम्बर की रात में सांस लेने में परेशानी होने पर जिला अस्पताल भेजा गया था। जिसकी हालत बिगड़ने पर 28 नवम्बर को वाराणसी रेफर कर दिया गया था। जिसकी इलाज के दौरान 29 नवम्बर दोपहर 12,बजकर 4 मिनट पर मौत हो गई। जिसकी सूचना परिजनों को दे दिया गया है।

# खड़ी ट्रक में भिड़ी कार, तीन युवक गंभीर रूप से घायल, एक की मौत

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मुख्यमार्ग पर प्रीतनगर में शुक्रवार की देर शाम उस समय हड़कंप मच गया जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार तीन युवक



गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर तत्काल चोपन पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को तुरंत चोपन सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद एक व्यक्ति को अज्ञात के रूप में मृत घोषित कर दिया, जबकि दो घायलों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में अभिषेक (30 वर्ष) पुत्र चंद्रभूषण तिवारी, निवासी बेहरा, लालगंज, आजमगढ़, आशुतोष तिवारी (35 वर्ष) पुत्र सुभाष चंद तिवारी, निवासी बेहरा, लालगंज, आजमगढ़ दोनों एक ही पते के बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक दुद्धी से अपने घर आजमगढ़ लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार प्रीत नगर के पास पहुंची, अचानक खड़ी ट्रक से टकरा गई, जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने मृतक के शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं और दुर्घटना की जांच जारी है।

# थाना दुद्धी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ब्यूरो समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी दुद्धी के मार्गदर्शन



में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 29.11.2025 को थाना दुद्धी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा थाना दुद्धी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 240/2025 धारा 137(2), 87, 64(2) बीएनएस तथा धारा 3/4 एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अमर सिंह29 पुत्र देवरूप, निवासी ग्राम रन्नू, थाना दुद्धी, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

# "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के तहत डाला मंडल में युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**




डाला/ सोनभद्र। शनिवार दोपहर पटवध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान द्वारा डाला मंडल में मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह पटेल की अध्यक्षता में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के संकल्प को लेकर आयोजित युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख रॉबर्ट्सगंज अजीत रावत व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष चोपन तेजवंत पांडे एवं युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व जिला सह संयोजक आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन संदीप सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि अजीत रावत द्वारा बताया गया कि इस अभियान के जरिए पार्टी विदेशी निर्भरता कम कर स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देगी। यह अभियान किसी का बहिष्कार नहीं है, केवल स्वदेशी को आगे बढ़ाने के लिए है। इसके मूल में किसान, नारी शक्ति व युवा हैं। वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के मूल में भी स्वदेशी है। विशिष्ट अतिथि तेजवंत पांडेय ने बताया कि उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल नीति नहीं, 140 करोड़ भारतीयों की आस्था और संकल्प है। कोरोना संकट से लेकर आज तक भारत ने दिखा दिया है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र की शक्ति बनती है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का मंत्र नया नहीं है। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में और आजादी की लड़ाई के दौरान भी स्वदेशी आंदोलन आधार बना था। ह्यवोकल फार लोकलह्य मंत्र के कारण आज कई क्षेत्रों में प्रगति हुई है। जिला सह संयोजक आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलन संदीप सिंह व नि० मंडल अध्यक्ष दीपक दूबे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग बढ़ाने का प्रचार प्रसार करें। जिससे भारत का धन भारत के विकास में सहयोगी बन सके, विदेशी वस्तुओं का सामान प्रयोग में ना लाएं। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री बृजेश पांडे ने किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबलू, नि० मंडल अध्यक्ष दीपक दूबे, मंडल महामंत्री विशाल गुप्ता, विकास जायसवाल, संतोष सोनी, पंकज दूबे, पवन पांडे, गोलू, बेटू शुक्ला, धनवंत पांडेय, रोहित गोस्वामी, अनिल बंसल, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर मतदाता के हित में है एसआईआर सर्वे: देवेंद्र कुमार सिंह

## एसआईआर का सर्वे फार्म भरकर रविवार तक बीएलओ के पास करे जमा

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ सोनभद्र**

सोनभद्र। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह ने नगवां विकासखंड क्षेत्र मे एसआईआर सर्वे का निरीक्षण किया।सहायक आयुक्त ने आमडीह कंपोजिट विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय सेमरिया, प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा, और प्राथमिक विद्यालय सरायगढ़ बूथो पर बीएलओ के कार्यो का अवलोकन किया।बूथ नंबर 232 के बीएलओ राजेश कुमार के 72 फार्म फीडिंग हेतु अवशेष पाए गए ।इसी तरह प्राथमिक विद्यालय कुरवल की बीएलओ पार्वती देवी के सिर्फ 56 फार्म अवशेष पाए गए।सहायक आयुक्त ने दोनो बीएलओ को दो घंटे के भीतर शत प्रतिशत फार्म फीडिंग कराने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय सरायगढ़ मे तीनो बीएलओ की



प्रगति अत्यंत खराब रही। क्षेत्रीय पर्यवेक्षक लेखपाल प्रवीण कुमार का बीएलओ के साथ कोई तालमेल नही दिखा। सहायक आयुक्त ने दूरभाष पर लेखपाल को बीएलओ सै सामंजस्य स्थापित करके रविवार तक हर हाल मे शतप्रतिशत फार्म फीडिंग कराने के लिए आगाह किया। सहायक आयुक्त ने कहा कि एसआईआर सर्वे प्रपत्र भरना हर मतदाता के लिए अनिवार्य है तथा यह हर मतदाता के हित मे है। सहायक आयुक्त के साथ निरीक्षण के दौरान एडीसीओ सदर अवधेशसिंह, एडीओ सहकारिता नगवा श्रीचंद, एडीओ पंचायत कौशलेंद्र विक्रम सिंह, प्रधानअध्यापक आमडीह अनिल कुमार देव, प्रधान अध्यापक सरईगढ़ रामजतन सिंह, रामसुधाकर चौबै समेत सभी बीएलओ और क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गेट नंबर 50 का अंडरपास बना दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट, आलू लदा ट्रक गड्ढों में धंसा

## पीडब्ल्यूडी और रेलवे विभाग की लापरवाही उजागर

**समाज जागरण/**
**उपेन्द्र कुमार तिवारी**



विंढमगंज/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 50 एक बार फिर चर्चा में है। आज सुबह लगभग 5 बजे आलू से लदा एक ओवरलोड ट्रक गड्ढा-युक्त सड़क में गहराई तक धंस गया, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रक चालक ने कई प्रयास किए, लेकिन अंडरपास की खराब और टूटी सतह के कारण वाहन एक इंच भी नहीं हिल पाया। बाद में तीन जेसीबी लगाकर ट्रक को बाहर निकाला गया, जिससे घंटों का मूल्यवान समय व्यर्थ हुआ। घटना गेट नंबर 50 के अंडरपास के ठीक भीतर घटित हुई, जहां सड़क की स्थिति लंबे समय से बदतर है। ओवरलोड ट्रक तो दूर, छोटे वाहन भी इस मार्ग पर बेबस हो जाते हैं। स्थानीय राहगीरों के अनुसार, अंडरपास के अंदर और ऊपर का रोड दोनों ही जगहों पर बड़ी मात्रा में गड्ढे हैं, जिन्हें भरने की जरूरत महीनों से है। लेकिन PWD और रेलवे विभाग की लापरवाही के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यहां किसी भी वाहन के फंसने पर जेसीबी मंगवानी पड़ती है, जिसके लिए कम से कम 5000 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह विडंबना है कि वाहन मालिक रोड टैक्स तो समय पर भरते हैं, लेकिन सड़कों की हालत इतनी खराब कि उन्हें अतिरिक्त खर्च करके अपनी गाड़ी को बचाना पड़ता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक बोझ बढ़ाती है, बल्कि आम जनता के लिए रोजमर्रा की परेशानी का कारण भी बन चुकी है। स्कूली बच्चों, मरीजों और दैनिक काम पर जाने वाले ग्रामीणों को इस मार्ग से गुजरना बेहद जोखिम भरा लगता है। बारिश में अंडरपास पानी से भर जाता है और गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। विभागों की उदासीनता के चलते यह मार्ग एक खतरनाक मार्ग में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि रेलवे विभाग और पीडब्ल्यूडी मिलकर तत्काल प्रभाव से गेट नंबर 50 के अंडरपास और ऊपरी सड़क की मरम्मत शुरू करें। यह मार्ग विण्ढमगंज, दुद्धी, महुली और आसपास के प्रमुख गाँवों को जोड़ता है, इसलिए इसका सुधारीकरण अत्यंत जरूरी है। सड़क ठीक होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी, परिवहन सुगम होगा और ग्रामीणों की दैनिक समस्या भी खत्म होगी। लोगों को उम्मीद है कि आज की घटना संबंधित विभागों को जगाने का काम करेगी और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में 22 वर्षीय युवती का मिला शव, मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के टोला पटिहवा है 22 वर्षीय युवती का घर में फांसी से लटका हुआ शव मिलने से परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल। मिली जानकारी के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत के टोला पटिहवा में शनिवार को शाम लगभग साढ़े पांच बजे 22 वर्षीय सरिता पुत्री भागीरथी निवासी पटिहवा कोटा का शव घर से लगभग सौ मीटर दूरी पर स्थित गाय बकरी बांधने वाले मडई में दुपट्टा के सहारे लटका मिला, इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया जिसके उपरांत परिजनों ने इसकी सूचना चोपन थाना के पुलिस को दी गई।

## सीमांचल सेवा फाउंडेशन द्वारा नवनिर्वाचित विधायक 55 कोचाधामन सरवर आलम के विरुद्ध चुनाव आयोग में की शिकायत

**समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान द्वारा 55-कोचाधामन विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग, बिहार निर्वाचन आयोग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को एक विस्तृत लिखित शिकायत भेजी गई है। संस्था द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह शिकायत Representation of People Act, 1951 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत उम्मीदवार पर नामांकन एवं शपथ-पत्र में गलत/अपूर्ण जानकारी देने के आरोप को लेकर दर्ज कराई गई है।

फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान कहना है कि शिकायत के साथ कई दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं, जिनकी जांच कि आवश्यक है। संस्था की ओर से यह मांग रखी गई है कि यदि आरोप सत्य पाए जाएँ तो संबंधित विधायक की विधानसभा सदस्यता निरस्त की जाए तथा कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा हमने निष्पक्ष चुनाव और पारदर्शिता के हित में तथ्यों के आधार पर शिकायत प्रस्तुत की है। लोकतंत्र में मतदाताओं को सही जानकारी मिलना उनका अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना चुनाव आयोग का दायित्व है।

फाउंडेशन ने संबंधित सभी सबूतों की गहन जांच कराने एवं चुनाव को अमान्य घोषित करने पर भी विचार करने की अपील की है। संस्था ने कहा कि वह पूरे मामले में कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत आगे भी सहयोग करती रहेगी, ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## पटना के बेउर जेल में छापेमारी से कैदियों के बीच हड़कम्प

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ पटना के अत्यंत संवेदनशील और उच्च सुरक्षा वाले बेऊर केंद्रीय कारा में शनिवार की तड़के एक बार फिर प्रशासन ने सघन तलाशी अभियान चलाया। जिसका नेतृत्व सिटी एसपी पूर्वी, सिटी एसपी मध्य और एडीएम ने संयुक्त रूप से किया, और इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। यह सर्च ऑपरेशन शनिवार की सुबह ठीक 5 बजे शुरू हुआ। उस समय सभी बंदी अपने-अपने वार्ड में बंद थे और जेल परिसर शांत था। जैसे ही पुलिस अधिकारियों और विशेष टीम ने जेल में प्रवेश किया, कैदियों में अचानक हड़कंप मच गया। छापेमारी का उद्देश्य जेल के भीतर छिपाए गए संभावित अवैध सामान, आपराधिक गतिविधियों और संचार उपकरणों का पता लगाना था। जिनके माध्यम से कई बार बाहरी अपराधों को संचालित किए जाने की आशंका रहती है। हाल के दिनों में पटना और आसपास के जिलों में हत्या, लूट, डकैती और हथियारबंद वारदातों सहित कई गंभीर अपराध हुए हैं। पुलिस को संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे जेल में बंद कुछ कुख्यात अपराधियों का हाथ हो सकता है। कई मामले ऐसे सामने आए हैं जहाँ जेल के अंदर से मोबाइल फोन के माध्यम से अपराधियों ने योजनाएं बनाई और बाहर बैठे साथियों को निर्देश दिए। इसी संदर्भ में बेऊर जेल पर प्रशासन की नजर लगातार बनी हुई है। छापेमारी के दौरान जेल के सभी वार्डों, बैरकों, बाथरूम, कॉमन एरिया और सुरक्षात्मक गलियारों को भी नहीं छोड़ा गया। जेल के अंदर छिपाकर रखे गए मोबाइल फोन, चार्जर, चाकू, ब्लेड, मादक पदार्थ या अन्य किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित सामान की खोज के लिए प्रत्येक कोने को खंगाला गया। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान अभी जारी है, और इसे समाप्त होने के बाद ही स्पष्ट किया जा सकेगा कि जेल से क्या-क्या बरामद हुआ है। सिटी एसपी पूर्वी ने मीडिया को बताया कि छापेमारी खत्म होने के बाद विस्तृत सूची जारी की जाएगी जिसमें बरामद वस्तुओं, पकड़े गए उपकरणों और जेल सुरक्षा से जुड़े निष्कर्षों का उल्लेख होगा। बेऊर जेल पहले भी कई बार विवादों और सुरक्षा चूक के मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। इसलिए प्रशासन अब अधिक सख्ती बरत रहा है। जेल के भीतर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई गई है और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अधिकारियों ने आगे की रणनीति बनाने की बात कही है। पिछले कुछ महीनों में जेल के भीतर कई बार मोबाइल और अवैध सामान बरामद हुए हैं, जिससे पुलिस को यह संकेत मिला कि अंदर तक आपराधिक नेटवर्क सक्रिय है। इसी वजह से सर्च ऑपरेशन को लगातार जारी रखा जाएगा।

## पिता के पुण्यतिथि पर पैतृक गांव पहुंचकर सीएम ने दिया श्रद्धांजलि

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा का दौरा किया। यह यात्रा उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद विशेष रही क्योंकि वे अपने पिता, माता और धर्मपत्नी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। अपने पैतृक गांव पहुंचकर उन्होंने परिजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात की और स्थानीय जनजीवन से जुड़ी समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पिता, अमर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कविराज रामलखन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर ह्यकविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिकाह्न पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और गहरी भावनाओं के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के पिता स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सम्मानित सेनानी थे, जिनकी स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से यह स्मृति स्थल बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अपनी माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी और धर्मपत्नी स्वर्गीय मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। वे लंबे समय बाद जब इस भावनात्मक स्थान पर पहुंचे तो उनका चेहरा विनम्रता और श्रद्धा की चमक से भरा हुआ दिखा। मुख्यमंत्री के इस दौरे में उनके बड़े भाई सतीश कुमार सहित परिवार के अन्य सदस्य और रिश्तेदार भी मौजूद रहे। सभी ने एक साथ प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। यह अवसर परिवार के लिए भी गहरा भावनात्मक रहा। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि और राजनीतिक हस्तियां भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहीं। इनमें सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक कृष्णा मुरारी शरण, विधायक जितेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, विधायक रूहेल रंजन, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद ललन सर्राफ, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा और पूर्व विधायक ई. सुनील कुमार शामिल थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि और डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, पटना और नालंदा के जिलाधिकारी तथा नालंदा पुलिस अधीक्षक भारत सोनी भी उपस्थित रहे। इन सभी ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय रामलखन सिंह तथा मुख्यमंत्री के पारिवारिक सदस्यों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान व्यक्त किया। श्रद्धांजलि समारोह के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने पैतृक गांव के भगवती मंदिर (देवी स्थान) पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और गांव की भलाई के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजा के उपरांत वे अपने पैतृक घर के पास स्थित तालाब पर गए, जहाँ उन्होंने परंपरा के अनुसार मछलियों को दाना खिलाया। यह उनके लिए वर्षों से चली आ रही एक सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर कल्याण बिगहा गांव के लोग अत्यंत खुश नजर आए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की, उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना। ग्रामीणों ने क्षेत्र में सड़क, पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य आवश्यक सेवाओं को लेकर अपनी मांगें और सुझाव रखे। मुख्यमंत्री ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए साथ आए अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ भी बातचीत की और गांव तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए और सभी लंबित कार्यों को समय पर निपटाया जाए।

## पटना में बन्द घर का ताला तोड़कर चोरों ने सवा करोड़ की संपत्ति चुराया

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ शुक्रवार रात चोरों ने जिले के दानापुर थाने के नया टोला निवासी राज पाल यादव के बंद घर के दरवाजे का ताला तोड़कर आराम से दो घंटे में दो कमरे को खंगाल दिया। चोरों ने कमरे के गोदरेज का लॉक तोड़कर उसमें रखे 20 लाख नगद रुपए और एक करोड़ से अधिक के जेवरात समेत कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरा में तीन चोरों का तस्वीरें कैद हुई है। इस संबंध मे राज पाल यादव ने स्थानीय थाने में मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में राज पाल यादव ने बताया कि वह शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे घर बंद कर पूरे परिवार के साथ भगिनी की शादी में मनेर गया था। शादी समारोह से देर रात करीब ढाई बजे घर आया तो देखा कि घर का दरवाजा के ताला टूटा है और जब प्रथम मंजिल पर गए तो देखा कि दो बंद कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने दो बक्सा, दो गोदरेज को लोहे से तोड़ दिया है। जमीन बेचकर गोदरेज में रखे 20 लाख नगद रुपए, बक्सा व गोदरेज में रखे सोने के जेवरात सहित कीमती सामान चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि करीब साढ़े तीन बजे स्थानीय पुलिस को फोन कर घटना की सूचना देने के बाद चार बजे सुबह पुलिस पहुंची और छानबीन कर चली गई। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत सिटी एसपी से किया तो पुलिस टीम द्वारा पुनः पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से चोरों का एक शॉल, एक लोहे के रॉड, दो छोलनी समेत अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे खंगाला गया तो तीन चोरों को जाते हुए तस्वीरें कैद हुई हैं। इस सम्बंध में पुलिस ने बताया कि गृहस्वामी राज पाल यादव के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है और छानबीन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि डॉग स्क्वायर्ड की टीम बुलाकर चोरों के छुटे शॉल के निशानदेही पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों का पहचान किया जा रहा है।

## कंप्यूटर के ज्ञान को विश्व का सबसे बड़ा खजाना बताया

### एसएसबी ने वितरित किया प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र

**समाज जागरण संवाददाता**



गलगलिया (किशनगंज) ।शनिवार को योगेश सिंह, कमांडेंट 41वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रानीडंगा के दिशा-निर्देश में वाहिनी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम के तहत चिन्हित गांव निहालजोत में 30 युवाओं एवं युवतियों के लिए 21 कार्य दिवसीय बेसिक कंप्यूटर कोर्स का समापन कराया गया ।

कोर्स के पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरांत शनिवार को योगेश कुमार सैनी, द्वितीय कमान अधिकारी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण का विधिवत समापन किया गया। उनके द्वारा उपस्थित समस्त प्रशिक्षुओं को कोर्स के सफलता पूर्वक समापन की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी गई। बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण के विशेष महत्व को बताते हुए उन्होने कहा कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के जरूरतमंद युवाओं एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने का है, जिससे कि आप सभी स्वाबलंबी बनें। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर ज्ञान का खजाना है ।जिसके पास इसका व्यापक ज्ञान होगा, वही दुनिया का अलौकिक व्यक्ति होगा । उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी इस प्रशिक्षण के पश्चात भी अपना अभ्यास जारी रखेंगे तथा सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाए जा रहे मानव संसाधन विकास कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

कार्यक्रम में योगेश कुमार सैनी, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा सम्मानपूर्वक प्रतिभागियों को कोर्स से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा सराहना किया गया कार्यक्रम में निरीक्षक दीपक शर्मा, 'डी' समवाय प्रभारी मदनजोत, गोकुल नेउपाने अध्यक्ष निहालजोत घाट निर्माण कमिटी, राजकुमार राय उपाध्यक्ष, हेमलाल छेत्री सचिव, मीन कुमार विश्वकर्मा समन्वयक व स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे कुल 30 प्रशिक्षु इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से लाभान्वित हुए

## पटना में सड़क हादसे के दौरान दो बाइक सवारों की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के दाहौर गांव के पास एनएच 31 पर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक में इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों बाइक सवार युवक कई फीट दूर जाकर गिरे। घटना देर रात तब हुई जब मलाही गांव निवासी अमित कुमार और राहुल कुमार अपने पड़ोस के एक शादी समारोह में खाने का सामान पहुंचाने दाहौर गांव जा रहे थे। दोनों गुजरात में मजदूरी करते थे और शादी में शामिल होने के लिए घर आए थे। परिजनों के अनुसार, दोनों युवक दाहौर की ओर उसी काम से निकले थे, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। एनएच-31 पर वाहनों की रफ्तार अक्सर तेज रहती है। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक बुरी तरह टूटकर अलग-अलग हिस्सों में बिखर गई। घटना की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क से लगभग 10 फीट दूर जा गिरे। उनमें से एक युवक टकराकर सड़क किनारे बने एक मकान की करीब 10 फीट ऊंची करकट (नालीदार चादर) से जा लगा और वहीं गिर पड़ा। दूसरा युवक सड़क किनारे खून से लथपथ पड़ा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह तक भी मकान की करकट पर खून के छींटे दिखाई दे रहे थे, जिससे हादसे की डरावनी तस्वीरें सामने आती हैं। यह स्पष्ट था कि वाहन की गति बहुत तेज रही होगी और ब्रेक लगाने या रुकने की कोई कोशिश नहीं की गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सबसे पहले दोनों युवकों की पहचान करने की कोशिश की और आस-पास के लोगों से पूछताछ कर परिजनों से संपर्क किया। शवों को सड़क किनारे से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया और बाद में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ भेजा गया, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस ने घटनास्थल से मिले सबूतों और बाइक के अवशेषों को जब्त कर लिया है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का प्रयास किया जा रहा है ताकि दुर्घटना करने वाले वाहन और चालक की पहचान हो सके। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिवार में मातम छा गया। परिजन जब घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां बिखरी बाइक और खून देखकर बदहवास हो गए। दोनों युवक परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य थे और मजदूरी कर अपने घर का खर्च चलाते थे। अमित और राहुल के माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। शादी की खुशियां एक पल में मातम में बदल गईं। जिस समारोह में दोनों युवक भोजन पहुंचाने जा रहे थे, वही घर अगली सुबह शोक से भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और दुख का माहौल था। पुलिस ने बताया कि वाहन की पहचान करने के लिए आसपास के टोल प्लाजा, पेट्रोल पंपों और सीसीटीवी कैमरों का विवरण खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि वाहन तेज गति से भागा होगा, इसलिए उसकी लोकेशन एक-दो किलोमीटर के दायरे में कैमरों में अवश्य दर्ज होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि यह एक गंभीर दुर्घटना है और फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई है।

## पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अस्पताल अशुरक्षित स्वास्थ्यकर्मियों पर हो रहे हमले

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत रामपुर नगमा गाँव स्थित अनुमंडल अस्पताल चहारदीवारी के अभाव में अशुरक्षित है। यहां तक कि बीच बीच मे हमेशा स्वास्थ्यकर्मियों पर हमले होने की सूचनाएं प्राप्त होते रहती है। जैसा कि बीते छह नवम्बर को भी असमाजिक लोगो के द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों पर हमला किया गया था। जिसमे दो प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंची बच्चियां जख्मी हो गयी थी। यहां के एएनएम को कहना है कि इस अनुमंडल अस्पताल में कोई चहारदीवारी नही है। यहां तक कि पर्याप्त संख्या में शुरक्षा प्रहरी भी नही है। जिसके कारण यहां कार्य करनेवाले स्वास्थ्यकर्मी भी शुरक्षित नही है। कई बार स्वास्थ्यकर्मियों पर हमला हो चुकी है। हमेशा आसपास के असमाजिक लोगो द्वारा कर्मियों के साथ बदसलूकी की जाती है। ग्रामीण परिवेश में अस्पताल होने के कारण यहां तरह तरह के लोग आते रहते है। उनके द्वारा घटनाओं को लापरवाही बताते हुए आरोप लगा स्वास्थ्यकर्मियों को प्रताड़ित भी की जाती है। पर्याप्त संख्या में शुरक्षा प्रहरी नही होने के कारण हमसभी असहाय महसूस करते है। शुरक्षा की मांग करते हुए पूर्व में भी कई वरीय पदाधिकारियों को आवेदन दी गयी है। लेकिन यहां पर शुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई प्रतिक्रिया दिखाई नही दिया। वही आसपास के लोगो का कहना है कि अस्पताल में अल्ट्रा साउंड की मशीनें लगाई जा चुकी है लेकिन इसे संचालित करनेवाले कर्मी की नियुक्ति नही हो पाई। जिसे देख ऐसा लगता है कि अल्ट्रासाउंड की मशीन हाथी की दांत बनकर रह गयी है। यहां के एएनएम का कहना है कि कम कर्मी होने के बावजूद भी इलाज में लापरवाही नही कि जाति है। इसके बावजूद भी हमारी मजबूरी सुननेवाला कोई नही है। इलाके के कुछ असभ्य लोगो को झेलना पड़ता है। वही सभी ने एक सुरों में शुरक्षा को लेकर अस्पताल की चहारदीवारी निर्माण कराने व शुरक्षा प्रहरियों की संख्या बढ़ाने सहित स्वस्थकर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग किया है।

## पटना के कन्या विद्यालय में आग लगने से छह छात्राएं बेहोश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ अनुमंडल स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। विद्यालय परिसर में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। धुएं की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि दम घुटने से आठ छात्राएं बेहोश हो गईं। सभी बेहोश छात्राओं को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घटना ने स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, विद्यालय परिसर के पीछे बने क्वार्टर में शनिवार सुबह अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। इस शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी और कुछ ही मिनटों में धुआं पूरे परिसर में फैल गया। उस समय कई छात्राएं अपने कमरों में थीं और आग तथा धुएं की वजह से घबराकर बाहर निकलने की कोशिश करने लगीं। कुछ छात्राएं स्कूल भवन के अंदर ही फंस गईं क्योंकि निकलने के लिए मुख्य मार्ग से धुआं तेजी से उठ रहा था। चिल्लाने और रोने की आवाजें सुनकर विद्यालय कर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन घना धुआं होने के कारण छात्राओं को निकालना मुश्किल हो रहा था। धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत होने लगी और देखते ही देखते आठ छात्राएं बेहोश होकर गिर गईं। अन्य छात्राएं किसी तरह दौड़कर बाहर आ गईं, जबकि कुछ ने डर के कारण खिड़की और पीछे के रास्ते से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। विद्यालय के शिक्षक और स्टाफ ने तुरंत आपात स्थिति में प्रतिक्रिया देते हुए बेहोश छात्राओं को बाहर निकाला और एंबुलेंस को बुलाया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने में तेजी दिखाई और अंदर फंसी छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। आग अधिक फैलने से पहले ही उसे नियंत्रित कर लिया गया जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। दमकल अधिकारियों का कहना था कि यदि सूचना मिलने में थोड़ी भी देरी होती तो घटना और गंभीर हो सकती थी। आग लगने वाले क्वार्टर का बड़ा हिस्सा जल गया, लेकिन आग मुख्य भवन तक नहीं पहुंच पाई। विद्यालय की प्रिंसिपल विभा कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लगी, जिससे घबराहट और धुएं की वजह से कई छात्राएं बेहोश हो गईं। उन्होंने बताया कि सभी घायल छात्राओं को पहले अथमलगोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ रेफर कर दिया गया। प्रिंसिपल ने कहा कि छात्राओं की स्थिति अब स्थिर है और सभी को प्राथमिक उपचार मिल चुका है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बेहोश हुई छात्राओं की सटीक संख्या का पता लगाया जा रहा है। क्योंकि शुरूआत में कई छात्राएं अलग-अलग दिशाओं में भाग गई थीं।

## पटना में होटल का लिफ्ट गिरने से चार घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ शुक्रवार की रात जिले के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के एजी कॉलोनी स्थित एरिस होटल में लिफ्ट अचानक गिर गई। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक बुजुर्ग की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये हादसा तब हुआ जब होटल में आयुष और अनितिका की रिंग सेरेमनी चल रही थी। समारोह देर रात तक जारी था और करीब 1:30 बजे कई मेहमान लिफ्ट का इस्तेमाल कर रहे थे। होटल की लिफ्ट में अधिकतम तीन लोगों की क्षमता थी, लेकिन अचानक कई लोग एक साथ उसमें चढ़ गए। अत्यधिक वजन के कारण लिफ्ट दबाव सहन नहीं कर सकी और दूसरे फ्लोर से नीचे की




ओर गिरते हुए रुक गई। लिफ्ट गिरने के साथ ही तेज आवाज हुई, जिसने समारोह में मौजूद लोगों को डरा दिया। जैसे ही लिफ्ट गिरने की आवाज आई, होटल स्टाफ और मेहमान मौके पर दौड़ पड़े। कुछ ही मिनटों में अफरा तफरी का माहौल बन गया। घायलों में 70 वर्षीय नरेश राय की स्थिति सबसे गंभीर बताई गई है। वे पहले से ही हृदय रोग से पीड़ित हैं। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति स्थिर है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। इसके बाद शास्त्रीनगर थाना पुलिस भी होटल पहुंची और प्राथमिक जांच शुरू की गई। मौके पर मौजूद दारोगा ने बताया कि यह लिफ्ट पूरी तरह नहीं गिरी, बल्कि कम वोल्टेज के कारण ह्यजंपह्न कर नीचे बैठ गई, जिससे लोग चोटिल हो गए। हादसे के बाद होटल प्रबंधन की लापरवाही साफ सामने आई। तीन लोगों की क्षमता होने के बावजूद लिफ्ट में अधिक लोगों के चढ़ने पर किसी ने रोक नहीं लगाई। इससे यह पता चलता है कि समारोह के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। इस बात पर भी सवाल उठ रहे हैं कि इतनी कम क्षमता वाली लिफ्ट वाले होटल को होटल के लाइसेंस और संचालन की अनुमति कैसे मिली। क्या सुरक्षा मानकों की जांच ठीक से हुई थी? इस तरह के सवाल अब पुलिस जांच के दायरे में आए हैं। स्थानीय लोगों और मेहमानों का कहना है कि होटल प्रबंधन को अतिथियों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए था। खासकर समारोहों में जहां भीड़ अधिक होती है, वहां सुरक्षा उपायों का पालन और भी जरूरी हो जाता है। घटना के बाद पुलिस ने लिफ्ट की तकनीकी स्थिति, होटल की लाइसेंसिंग प्रक्रिया और प्रबंधन की लापरवाही जैसे बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी यह भी पता लगा रहे हैं कि लिफ्ट की सर्विसिंग कब हुई थी और क्या होटल के पास इसके सुरक्षित संचालन प्रमाणपत्र उपलब्ध हैं या नहीं। दारोगा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कम वोल्टेज की बात सामने आई है, लेकिन इसकी पुष्टि तकनीकी विशेषज्ञों की टीम करेगी। होटल प्रबंधन से पूछताछ शुरू हो चुकी है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई तय है।

## जीविका द्वारा आयोजित रोजगार मेला में 76 युवाओं को मिला चयन पत्र

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) जीविका नवीनगर द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को नियोजन और स्वरोजगार के उद्देश्य से नवीनगर में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले में आए अतिथियों को तिलक और पौधा भेंट कर और स्वागत गान गाकर जीविका दीदियों द्वारा स्वगत किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह रोजगार प्रबंधक दिलीप कुमार गुप्ता, प्रखंड परियोजना प्रबंधक नवअर्चन गहरवाल और संकुल स्तरीय संघ के अध्यक्षा तारा देवी ,मंजू देवी ,वीणा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया गया। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र दे सम्मानित किया गया। इस रोजगार मेले




में टाटा मोटर्स, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक,मित्रा, भारतीय जीवन बीमा,सिंधुजा माइक्रो क्रेडिट प्र लिमिटेड,नव भारत फर्टिलाइजर्स प्र लिमिटेड, आगिले सिक्योरिटी फोर्स लिमिटेड,याजकी इंडिया प्र लिमिटेड,फ्लिपकार्ट, , 2050 हेल्थ केयर , डीसी टेक्सटाइल ,जेट एक्वा प्र लिमिटेड, क्यूस क्रॉप ,आमधाने , महावीर कंस्ट्रक्शन एंड ग्लोरियस सिक्योरिटी , 2कॉम कंसल्टेंसी,टाटा इलेक्ट्रिक सहित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान इत्यादि कमानियों ने भाग लिया। मेले में कुल 732 युवाओं ने भाग लिया जिसमें 76 युवाओं का कंपनियों द्वारा चयन कर नियुक्ति पत्र दिया गया। शेष आवेदकों की दूसरे चरण के चयन प्रक्रिया हेतु चयन किया गया।रोजगार प्रबंधक दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में 18 से 45 वर्ष के युवा अपने आधार कार्ड और शैक्षणिक योग्यता के छायाप्रति के साथ मेले में आ अपना निबंधन करा रोजगार के लिए आवेदन दे सकते है।प्रखंड परियोजना प्रबंधक नवअर्चन गहरवाल ने युवाओं से अपील की वे अधिक से अधिक संख्या में आकर रोजगार मेले से लाभ उठाए साथ ही उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में युवाओं का निबंधक और नियोजन पूर्णतः निः शुल्क है।

## पटना के पालीगंज में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

### 24 घण्टे में अतिक्रमण हटाने का दी गयी थी निर्देश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज बाजार अवैध वाहन पार्किंग, टेम्पो चालको की मनमानी व फुटकर विक्रेताओं की मनमानी के कारण जाम से त्रस्त है। गुरुवार को स्थानीय प्रशासन की ओर से माइकिंग करवाकर अतिक्रमणकारियों को 24 घण्टे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नही करने पर प्रशासन खुद अतिक्रमण हटाने का काम शुरू करेगा। जिसपर कार्यवाई करते हुए स्थानीय प्रशासन ने शनिवार को जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कर दिया।



ज्ञात हो कि एक ओर पटना जिला के पालीगंज बाजार स्थित नाला रोड में दर्जनों वाहन प्रतिदिन अवैध रूप से खड़ी रहती है तो दूसरी ओर बाजार से गुजरनेवाली एनएच 139 मुख्य सड़क पर स्थित चंडोस मोड़ स्थित शिव मंदिर के पास यात्रियों की तलाश में हमेशा ऑटो खड़ी कर देता है। वैसी परिस्थिति में जब भी कोई बड़ी वाहन पहुंच जाती है को पूरे बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है। लोगो को सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। यहां तक कि मछलियां, मुर्गियां, मांस, शब्जी तथा फल विक्रेताओं ने भी बीच बाजार में सड़क किनारे ही दुकान लगा देता है। जिसके कारण बाजार से गुजरनेवाली मुख्य सड़क अधिक व्यस्त हो जाती है। ठेला वाले भी सड़क किनारे अपनी दुकानें लगा देता है। इन सभी परिस्थितियों के कारण सड़के प्रतिदिन जाम हो जाती है। बाजारवासियों का कहना है कि पूर्व पालीगंज एसडीएम जयचंद्र यादव ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया था। जिससे काफी राहत महसूस होती थी। उन्होंने ही मठ के जमीन में शब्जी मंडी लगवाया था। बाजार से हटकर वाहन पार्किंग तथा ऑटो स्टैंड बनवाया था। यहां तक कि मांस मछली विक्रेताओं के लिए भी सड़क से हटकर व्यवस्था करवाया था। लोगो को उम्मीद जगी थी कि पालीगंज अतिक्रमण मुक्ति की ओर अग्रसर है। लेकिन जयचंद्र यादव की बदली होते ही स्थिति पूर्व की तरह यथावत बन गयी थी। जिसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने गुरुवार को माइकिंग करवाकर सड़को से अतिक्रमण हटाने का निर्देश अतिक्रमणकारियों को दिया था। ऐसे नही किये जाने पर स्थानीय प्रशासन ने शनिवार को जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया।

# सहायक आचार्य बने लखन शर्मा, मनोज बिहारी और जलेश्वर राणा।

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग।**

हेमंत सरकार ने 29 नवंबर को विभिन्न विभागों विभागों में 8792 पदों पर सरकारी नौकरियों में नियुक्ति पत्र बांटा । इसी क्रम में हजारीबाग के सदर



प्रखंड के चुटियारो पंचायत से तीन लोगों ने झारखंड सरकार के शिक्षा शिक्षा विभाग में सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति पत्र प्राप्त किया।

इसमें लखन शर्मा और मनोज बिहारी दोनों ने शिशु ज्ञान सरोवर सरौनी से पढ़ाई की है तीनों की नियुक्ति सहायक आचार्य के पद पर होने पर खुशी जाहिर करते हुए शिशु ज्ञान सरोवर सरौनी के संस्थापक, शिक्षक और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं संदेश भेजा है और उनकी कामयाबी पर खुशी जाहिर किया। कहा आपकी सफलता हमें गौरवान्वित करती है और हमें उम्मीद है की इसी तरह से मेहनत करते रहेंगे और अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। तीनों ने अपनी क्षमता और कौशल का अच्छी तरह प्रदर्शन किया है और हमें विश्वास है कि आप अपने कर्तव्यों का पालन पूरी तरह से करेंगे।

# वीएलई ने निभाई अहम भूमिका : बीडीओ

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार




आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता को लेकर वीएलई एवं सरकारी कर्मचारियों के साथ बीडीओ अखिलेश कुमार एवं सीओ नित्यानंद दास ने बैठक की।अधिकारियों ने कार्यक्रम में वीएलई एवं सरकारी कर्मचारियों की सक्रियता एवं गंभीरतापूर्ण कार्यों की सहराना करते हुए कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक किया गया।मौके बीडीओ अखिलेश कुमार,सीओ नित्यानंद दास,पंचायत सचिव सह बीपीआरओ सुरेंद्र प्रसाद,रामानंद प्रसाद, देवनन्दन प्रसाद, जगनारायण राम,प्रियंका कुमारी, लक्ष्मी बाला,बसंत कुमार,चंदन कुमार,कुंदन कुमार,कुणाल चौरसिया,एवं पंचायत शिफ्टेड वीएलई उपस्थित थे।

# चौड़ा के भूतपूर्व मुखिया देवनाथ के बारहवी में कंबल और खाद्य पदार्थो का किया गया वितरण

**समाज जागरण, संवाददाता**

ईचागढ़ : कुकडू प्रखंड अंतर्गत तिरुलडीह निवासी एवं चौड़ा पंचायत के भूतपूर्व मुखिया देवनाथ साव (93) का मंगलवार देर रात रांची स्थित रामकृष्ण अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और रांची में अपने पुत्र के आवास पर रहकर इलाज करा रहे थे।



बुधवार सुबह उनका पार्थिव शरीर तिरुलडीह लाया गया, एवं तिरुलडीह स्थित सुवर्णरेखा नदी तट पर विधि-विधान से उनका अंतिम संस्कार संपन्न किया गया । उनके निधन की खबर से तिरुलडीह, चौड़ा सहित आसपास के गांवों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, उनका व्यक्तित्व सरल, मिलनसार और लोगों को एक सूत्र में बांधने वाला था।

**परिवार द्वारा गरिबों में कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण**

उनके निधन को 12 दिन संपन्न होने पर ह्यबरहवीह्ल कार्यक्रम के दौरान, उनके परिवार द्वारा क्षेत्र के जरूरतमंद व गरीब ग्रामीणों के बीच कंबल और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। परिजनों ने बताया कि यह कार्य स्वर्गीय देवनाथ साव की मानव सेवा की भावना को समर्पित था। गांव के बुजुर्गों और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि देवनाथ साव जिस तरह हमेशा गरीबों और समाज के हित के लिए खड़े रहते थे, आज उनका परिवार भी उसी राह पर चलकर उनकी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

देवनाथ साव के योगदान, सादगी और पंचायतह्नसमाज के प्रति समर्पण को क्षेत्र के लोग सदैव याद करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिवार के बड़े बेटे रामजी साव, मंटू साव, भागना अशोक साव, दामाद एवं सभी परिवार के लोग शामिल थे

# पटना में शिव मंदिर से अस्टधातु के नाग और दान पेटी गायब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फतेहपुर में उत्तर वाहिनी पुनपुन तट पर स्थित प्रसिद्ध उत्तरी टोला शिव मंदिर में शुक्रवार की देर रात चोरों ने अस्टधातु के नाग और दान पेटी सहित कई पूजनीय वस्तुएँ गायब कर दिया। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए छानबीन कर रही है। मंदिर के पुजारी रंजीत शुक्ला और मंदिर समिति सदस्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे पूजा-पाठ समाप्त होने के बाद स्थानीय लोगों की मौजूदगी में मंदिर का पट बंद किया गया था। लेकिन सुबह आरती के समय जब मंदिर खोला गया तो अलमारी की कुंडी टूटी मिली और चांदी व पीतल के कई पूजनीय बर्तन गायब थे। इसके साथ ही शिवलिंग पर रखा अस्टधातु का नाग और पीतल की दान पेटी भी चोरी



हो गई। घटना की सूचना पर दीदारगंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पी एस आई सुजीत कुमार ने टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और प्रथम द्दष्टया चोरी की पुष्टि की। पुलिस ने मामले की तकनीकी और फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है। मंदिर समिति ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने और साक्ष्य जुटाने के लिए पुलिस से सहायता मांगी है। पुजारी रंजीत शुक्ला ने कहा कि हमने रात में मंदिर का पट सावधानी से बंद किया था। सुबह की स्थिति देखकर मन विचलित हो गया. यह केवल बर्तनों और नाग की चोरी नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली घटना है। हम उम्मीद करते हैं कि पुलिस जल्द चोरों को गिरफ्तार कर सभी वस्तुएँ बरामद करेगी। समिति ने लोगों से शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से मिले सुरागों के आधार पर जांच जारी है और आसपास के इलाकों में गश्ती दल भी सक्रिय कर दिए गए हैं। स्थानीय लोगों से भी अनुरोध है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए गंभीर सवाल, कहा- कांग्रेस करेगी पात्र मतदाताओं की रक्षा।

**समाज जागरण हजारीबाग।**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा ने इस प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सुधार के नाम पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। विनोद कुशवाहा ने कहा कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम बिना कारण सूची से हटाए जा रहे हैं या उन्हें गलत तरीके से दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा रहा है, जो बहुत चिंताजनक है। कुशवाहा ने



आरोप लगाया कि भाजपा के दबाव में चुनाव आयोग काम कर रहा है और इससे लोकतंत्र की जड़ें कमजोर हो रही हैं। पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। अब कांग्रेस उनके अधिकारों की रक्षा करेगी। हम हर उस नागरिक के साथ खड़े रहेंगे जिसका नाम गलत तरीके से डिलीट किया जा रहा है या स्थानांतरित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में सबसे अधिक प्रभावित गरीब, आदिवासी, अल्पसंख्यक, ओबीसी, दलित और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोग हो रहे हैं। इन समुदायों के बड़ी संख्या में नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने इसे अत्यंत निंदनीय बताते हुए भारत सरकार से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। कुशवाहा ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या पक्षपात लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा है।

# ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर ने किए मोदी सरकार के नए चार श्रम संहिताओं का आदित्यपुर में जोरदार विरोध

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 नवम्बर 2025: दिनांक 29 नवंबर 2025 , आदित्यपुर स्थित इमली चौक में ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर आदित्यपुर के द्वारा चार नए श्रम संहिताओं (फोर लेबर कोड्स) के खिलाफ तीव्र विरोध दर्ज कराया गया। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मजदूर नेता विष्णु देव गिरी ने कहा कि नए कोड 'पूंजीपतियों के हित' में हैं और श्रमिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर करते हैं।उन्होंने श्रम कानून में निहित मजदूर विरोधी बिंदुओं को अपने वक्तव्य के माध्यम से मजदूरों के बीच रखा।



**नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए लिली दास ने बताया :-**

300 श्रमिकों तक की कंपनियों को सरकारी अनुमति के बिना छंटनी करने की छूट देने से श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

हड़ताल पर जाने से पहले एक लंबी नोटिस अवधि (60 दिन) को अनिवार्य बनाने से श्रमिकों के पास विरोध का अंतिम हथियार भी छीन लिया गया है।

ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा: स्थायी नौकरियों को ठेके पर आधारित (कॉन्ट्रैक्चुअल) नौकरियों में बदलने की छूट देती हैं, जिससे सामाजिक सुरक्षा खत्म हो जाएगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से बिपिन मंडल, विशाल बर्मन, आशीष धर, धनंजय सिंह, रणजीत ठाकुर, अशोक सिंह, गौतम महतो, राजू कुमार, नारायण गिरी आदि मजदूर साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डीएमएफटी बैठक में डुमरी विधायक ने क्षेत्र के विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**भुनेश्वर कुमार महातो, संवाददाता- समाज जागरण**

डुमरी / बेरमो : डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो के निजी सहायक संजय महतो ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञापित कर बताया कि बोकारो जिला खनिज न्यास परिषद (डीएमएफटी) की महत्वपूर्ण बैठक में माननीय विधायक डुमरी, जयराम कुमार महतो जी ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। विधायक महतो जी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, इसके बावजूद वे स्वयं बैठक में उपस्थित हुए और क्षेत्र के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता एवं विकास के प्रति गहरी संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनकी यह उपस्थिति जनसेवा के प्रति उनके समर्पण को स्पष्ट दर्शाती है। वही बैठक के दौरान विधायक महोदय ने खनन प्रभावित क्षेत्रों में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने डीएमएफटी फंड



से संचालित निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर गंभीर चिंता प्रकट की और संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी लंबित योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए, ताकि जनता तक विकास का वास्तविक लाभ पहुंच सके। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विधायक महतो जी ने बैठक में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने मांग की कि डीएमएफटी फंड के माध्यम से अनुबंध आधारित शिक्षकों की नियुक्ति तत्काल प्रारंभ की जाए, ताकि डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह और चंद्रपुरा प्रखंडों के विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बिना क्षेत्र का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता, इसलिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। विधायक महतो जी ने यह भी कहा कि डीएमएफटी का उद्देश्य सिर्फ निर्माण कार्य नहीं, बल्कि खनन प्रभावित ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारना है, जिसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना को समान महत्व देना होगा। साथ ही विधायक महतो जी ने भरोसा दिलाया कि जनहित, शिक्षा एवं विकास से जुड़े मुद्दों को हर मंच पर मजबूती से उठाते रहेंगे और डुमरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण समर्पित रहेंगे।

# बहुत जल्द ऐसी स्थिति आने वाली है कि भाजपा के नेता कार्यकर्ता झारखंड से किसी अन्य राज्य में पलायन कर जाएंगे:चंदन सिन्हा

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुर:एक समय था जब झारखंड के युवा रोजगार के लिए पलायन करते थे अब बहुत जल्द ऐसी स्थिति आने वाली है कि भाजपा के नेता कार्यकर्ता झारखंड से किसी अन्य राज्य में पलायन कर जाएंगे यहां एक साथ 10000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र देकर झारखंड की सरकार ने मिसाल कायम की है और यह साबित कर दिया है कि हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में अब तक की सबसे अच्छी सरकार है।आदिवासी मूलवासी गरीब गुरुओं की सरकार है और समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है।रोजगार से लेकर चिकित्सा शिक्षा आदि में गुणात्मक सुधार हो रही है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता पलामू चन्दन प्रकाश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। जारी किए गए प्रेस



विज्ञप्ति में चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर लगभग 10000 नौकरियां बांटी गई यह झारखंड के लिए एक मिसाल है। विगत 25 वर्षों में ऐसा कभी नहीं हुआ। पहले भी झारखंड में एक साथ अब-तक की सबसे अधिक चिकित्सकों की नियुक्ति की गई थी। झारखंड के हर वर्गों की सुख सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है और उनके अनुसार योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। एक ओर जहां सरकार झारखंड वासियों के हर मांग के अनुसार चुनाव में किए गए अपने वादों को पूरा करने में लगी है वही भाजपा के नेता कार्यकर्ता सरकार के पैर खींचने और सोशल मीडिया के द्वारा तरह-तरह के अफवाहें फैलाने में लगे हुए हैं। लेकिन झारखंड की जनता उनके झांसी में नहीं आने वाली है और वर्तमान सरकार के साथ मिलकर झारखंड के विकास के लिए अग्रसर है।अब भाजपा और उनके सहयोगियों का राजनीतिक बंद होने वाला है। पांच पूर्व मुख्यमंत्री के साथ 40 नेताओं का काफिला भी घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा को नहीं हरा सका जो बतलाता है कि लोगों के दिल में अभी भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति वही प्रेम और स्थान बना हुआ है। झारखंड की सरकार यहां की जनता के हर आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास कर रही है और बहुत जल्द झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा।

# अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कारवाई 4500 लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के चल रहे कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया की पुलिस ने गुप्त सूचना ाउके आधार पर थाना क्षेत्र मुरिला गांव के समीप छापेमारी अभियान चलाया जहां छुपा कर रखे गए 2000 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया। वहीं थाना क्षेत्र के



पिपरा बगही गांव के भुईयां टोली में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान में 2500 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया गया। साथ ही लावारिस हालत में रखे 100 लीटर देसी चुलाई महुआ शराब बरामद किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया की पुलिस को आने की भनक लगने से ही शराब तस्कर भाग निकले ।वही शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आदित्यपुर के कुणाल मेडिकल के संचालक अनिल वर्मा का निधन, कॉलोनी में शोक की लहर

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 नवम्बर 2025: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर के कुणाल मेडिकल के संचालक अनिल वर्मा का शनिवार को सुबह 3:00 बजे तड़के 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार थे और जमशेदपुर में उनका इलाज चल रहा था। अनिल वर्मा, जो सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय थे और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उनका अंतिम संस्कार पार्वती घाट पर किया गया।उनके निधन की खबर फैलते ही कॉलोनी में शोक की लहर दौड़ गई ।मृदुभाषी,मिलनसार स्वभाव और कुशल फार्मासिस्ट के रूप में पहचान रखने वाले अनिल वर्मा लोगो के



बीच अत्यंत प्रिय थे।

स्वर्गीय अनिल वर्मा अपने पीछे पत्नी तथा दो डॉक्टर पुत्र झडॉक्टर कुणाल वर्मा (डेंटिस्ट) और डॉक्टर केतन वर्मा (एमबीबीएस) सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे आदित्यपुर कॉलोनी रोड नंबर चार स्थित कुणाल मेडिकल रिलीफ सेंटर के संचालक थे. कॉलोनीवासियों की छोटी-मोटी बीमारियों में स्वयं दवा देकर तुरंत राहत प्रदान करने के लिए जाने जाते थे ।उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन दोनों बेटों के शिक्षा एवं बेहतर भविष्य का निर्माण में समर्पित कर दिया।

उनके निधन पर आदित्यपुर के सामाजिक संस्था जनकल्याण मोर्चा के अध्यक्ष ओमप्रकाश, प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष मनमोहन सिंह, डॉक्टर नकुल प्रसाद चौधरी, पदमा मेडिकल के संचालक बबलू राव,विजय मिश्रा,संजय,सहित कई का आम ओ खास लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। सभी ने कहा कि अनिल वर्मा का निधन कॉलोनी के लिए अपूर्णीय क्षति है। सभी ने कहा दिवगंत अनिल वर्मा के दोनों पुत्रों ने अपने बीमार पिता की देखभाल में कोई कसर नहीं छोड़ा मगर नियति के आगे उनकी एक न चली।

# मूलनिवासी एवं मुखी समाज की आवाज – संघर्ष का प्रतीक अरविंद मुखी

**संवाददाता परमबीर पात्रो समाज जागरण**

पूर्वी सिंहभूम: मूलनिवासी एवं मुखी समाज के हक, अधिकार और पहचान के लिए लगातार संघर्षरत युवा नेतृत्वकर्ता श्री अरविंद मुखी जी इन दिनों समाज के बीच प्रेरणा का केंद्र बने हुए हैं। समाज में बदलाव की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ह्नहमारे हक और सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा।ह्व यही बुलंद सोच आज पूरे समाज में एक नई ऊर्जा और जागरूकता पैदा कर रही है।

बचपन से संघर्षों का सामना करने के बावजूद श्री अरविंद मुखी ने समाज के सम्मान और अधिकार की लड़ाई को जीवन का उद्देश्य बनाया। लोगों के अनुसार उनकी ईमानदारी, जुझारूपन और कर्मठ कार्यशैली उन्हें अन्य नेतृत्वकताओं से अलग



पहचान देती है।

अरविंद मुखी जी का मानना है कि जब तक समाज अपनी आवाज मजबूत नहीं करेगा, बदलाव संभव नहीं। इसी विचार के साथ वे वर्षों से सामाजिक अन्याय, विस्थापन, शोषण और पहचान के मुद्दों पर मंच से लेकर सड़कों तक निरंतर आवाज उठाते रहे हैं।

एकता को शक्ति मानते हुए वे लगातार गाँव-गाँव पहुँच रहे हैं, युवाओं को जोड़ रहे हैं और बुजुर्गों से संवाद बनाकर समाज को संगठित कर रहे हैं। समाज के लोगों का कहना है कि अरविंद मुखी जी जैसे नेतृत्व ने समाज में जागरूकता और एकजुटता का नया अध्याय शुरू किया है।

उनका संघर्ष किसी पद या लाभ के लिए नहीं, बल्कि समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए है। परिस्थितियाँ कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, उनके आत्मविश्वास और निष्ठा में कभी कमी नहीं आती। यही कारण है कि आज समाज का हर वर्ग उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखता है।

युवा वर्ग के बीच अरविंद मुखी जी एक सशक्त नेतृत्व और प्रेरणा के रूप में उभरे हैं। समाज की संस्कृति, इतिहास और गरिमा की रक्षा के प्रति उनका संकल्प युवाओं को सही दिशा और उत्साह प्रदान कर रहा है।

# नगर निगम ने छापामारी कर आदित्यपुर बाजार से लगभग डेढ़ सौ किलो एकल उपयोग प्लास्टिक किया बरामद, अभियान अभी रहेगा जारी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हन झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 नवम्बर 2025 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में एकल उपयोग प्लास्टिक ( सिंगल यूज प्लास्टिक) पर पूर्णत : प्रतिबंध लगाया गया है इसकी जानकारी देते हुए प्रशासक रवि प्रकाश ने बताया कि सरकारी दिशा निदेशों के अनुसार किसी भी प्रकार के प्लास्टिक, कैरी बैग, प्लास्टिक का प्लेट, गिलास प्लास्टिक एस्ट्रो, थमाकौल आइटम, प्लास्टिक पैकिंग एवं डिस्पोजल सामग्री का उपयोग करना सख्त मना है।



आदित्यपुर नगर निगम के प्रशासक रवि प्रकाश के निदेशक अनुसार निगम क्षेत्र अंतर्गत प्लास्टिक प्रतिबंध का उपयोग करने वाले के विरोध महा अभियान चलाया गया। जिसमें आदित्यपुर थाना रोड,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आकाशवाणी, खरखाई ब्रिज। आदित्यपुर थाना रोड में एक दुकानदार से 16900 का जुमार्ना वसूला गया ।

प्लास्टिक का सामग्री बेचना और खरीदना दोनों ही कानूनी अपराध है। यदि क्षेत्र में कोई भी दुकानदार या व्यक्ति एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जुमार्ना एवं आवश्यक कानूनी करवाई की जाएगी।

# प्रखंड स्तरीय शिक्षा विभाग के उपलब्धियों एवं प्रगति की समीक्षा संपन्न

**समाज जागरण मनोज कुमार साह**

गोड्डा महागामा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोने राम हांसदा के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की विशेष बैठक संपन्न हुई ।बैठक में परसा ,नया नगर एवं सरभंगा संकुल के अंतर्गत पड़ने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अली उमर खान ने आए हुए सभी प्रधानाध्यापकों को कार्य योजना के अनुरूप सभी प्रकार के रिपोर्ट की अध्यतन जानकारी प्राप्त की ।अली उमर खान ने उपस्थित प्रधानाध्यापक को नामांकन के अनुरूप बच्चों के उपस्थिति एवं ठहराव पर विशेष बल दिया ।उन्होंने जे-गुरुजी एप के माध्यम से स्प्लिट



सिलेबस पर भी विस्तार से चर्चा किया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापक को निदेश दिया कि समय-समय पर मिल रहे कार्य को त्वरित गति से संपादित करें ।सभी प्रतिवेदन को सूक्ष्मता से त्रुटि रहित तैयार करते हुए प्रस्तुत करने का प्रयास करें। डहर एप के माध्यम से शिशु गणना को यथाशीघ्र पूर्ण करने का भी निर्देश दिया ।आगामी परीक्षाओं को देखते हुए विद्यालय में छात्रों के शत- प्रतिशत उपस्थिति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिया ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आस्वस्त किया कि यथाशीघ्र प्राथमिकता के आधार पर जर्जर भवन ,विद्यालय चारदीवारी, अतिरिक्त वर्ग कक्ष के कार्यों को भी करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सीआरपी /बीआरपी महासंघ के पूर्व जिला महासचिव मो सुलैमान जहांगीर आजाद ने अल्पसंख्यक अनुदान प्राप्त मदरसा के मूलभूत समस्याओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। समीक्षा बैठक में बीआरपी मो शमीम इकबाल ,कनीय अभियंता योगेश रंजन, अब्दुल रशीद ,राकेश कुमार ठाकुर सेमेत सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# झारखंडी जनता बदहाल, हेमंत, सरकार मना रही जश्न : सुदेश महतो

**समाज जागरण**

रांची। डुमरी विधायक जयराम महतो को बड़ा झटका देते हुए उसके दो करीबी नेताओं ने आज पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो का नेतृत्व स्वीकार करते हुए आजसू पार्टी का दामन थाम लिया। जेएलकेएम की केंद्रीय महासचिव रजनी रवानी और केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो ने आज धनबाद जिले के कतरास में आयोजित मिलन समारोह में आजसू में शामिल होने की घोषणा की। सुदेश महतो एवं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने इस मौके पर कहा कि श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में विजन और रोडमैप का अभाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक विकसित भारत बनायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोलते हैं कि 2050 तक विकसित झारखंड बनाएंगे। देश से तीन वर्ष पीछे क्यों चलना चाहते हैं मुख्यमंत्री। युवा शक्ति को एकजुट



होकर झारखंड में बदलाव के लिए एक बड़ी लड़ाई की तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड को 25 वर्ष पीछे कर दिया है। उन्होंने कहा कि जब वह पथ निर्माण मंत्री थे तो झारखंड की पहचान सड़कों से बनी थी। आज जनता बदहाल है और सरकार जश्न मना रही है।

सुदेश महतो ने कहा कि सरकारी संरक्षण में कोयला और बालू की तस्करी हो रही है। विस्थापितों को हक नहीं मिल रहा। युवाओं को 10 लाख नौकरी कही नजर नहीं आ रही। अभी जिन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटा गया उनका वेतनमान 25,000 रुपए कम कर दिया गया है। एससी, एसटी, ओबीसी छात्रों को दो वर्ष से छात्रवृत्ति नहीं मिल रही। वे सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं।

***ये थे मंच पर उपस्थित***

इस मौके पर मंच पर मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, महासचिव संजय मेहता, सुभाष रवानी, अजय सिंह ल, बबीता देवी, यशोदा देवी, विभा सिंह, संतोष महतो, स्वीन महतो, टिकैत महतो, नवीन महतो, प्रमोद चौरसिया समेत कई नेता उपस्थित रहे। धनबाद जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने मंच का संचालन किया।

# रोज दाल में घी मिलाकर खाने से सेहत में होंगे चौंकाने वाले बदलाव

## सभी पूछेंगे क्या है सेहत का राज

दाल भारतीय खाने का एक अहम हिस्सा है। चावल हो या रोटी किसी के साथ भी दाल को आसानी से खाया जा सकता है और काफी टेस्टी भी लगता है। दाल प्रोटीन का भी बेहतरीन स्त्रोत होता है, जिसके कारण यह भारतीय खान-पान में इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दाल में बस एक चम्मच घी मिलाने से क्या हो सकता है। दाल में घी डालकर खाने की प्रथा काफी पुरानी है और ऐसा करना काफी फायदेमंद भी होता है।



### दाल में घी मिलाकर खाने के फायदे

पाचन में सुधार- घी खतरनाक माइक्रोब्स को मारने में मदद करता है और पाचन शक्ति को बढ़ावा मिलता है। दाल में घी डालकर खाने से कब्ज और अपच जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

वजन घटाने में सहायक- यह सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन घी वजन घटाने में मदद कर सकता है। घी में मौजूद फैटी एसिड भूख को कम करने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में मदद करते हैं।

हड्डियों को मजबूत बनाता है- घी में कैल्शियम और विटामिन-के भरपूर मात्रा होते हैं जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करते हैं।

त्वचा के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ये त्वचा को मॉइस्श्चराइज्ड रखते हैं और झुर्रियों को कम करते हैं।

दिल के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

इम्युनिटी बढ़ाता है- घी में विटामिन-ए और ई भरपूर मात्रा में होते हैं जो इम्युनिटी को बढ़ाते हैं और शरीर को इन्फेक्शन से बचाते हैं।

दिमाग के लिए फायदेमंद- घी में मौजूद फैटी एसिड दिमाग के काम करने की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ये याददाश्त को बढ़ाते हैं और फोकस को बेहतर बनाते हैं।

शरीर को एनर्जी देता है- घी में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है जो शरीर को एनर्जी देते हैं। यह थकान और कमजोरी को दूर करने में मदद करते हैं।

इन बातों का रखें ध्यान

कैलोरी की मात्रा अधिक- घी में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है, इसलिए इसे सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए।

मोटापा- ज्यादा मात्रा में घी खाने से मोटापे का खतरा बढ़ जाता है।

हार्ट डिजीज- हालांकि घी में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होते हैं, लेकिन ज्यादा मात्रा में घी खाने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

# तनाव और नींद न आने की समस्या से राहत दिलाएगा मून मिल्क, बस नोट कर लें इसकी रेसिपी

अपनी सेहत को लेकर सतर्क रहने वाले लोगों के बीच मून मिल्क का नया ट्रेंड शुरू हुआ है, जो कि कई तरह से लाभदायक है। ये एक खास प्रकार का गर्म दूध है, जिसमें आमतौर पर हल्दी, दालचीनी, अदरक, लौंग और शहद जैसे पौष्टिक तत्व मिलाए जाते हैं। वैसे तो इसका उपयोग प्राचीन समय से ही आयुर्वेदिक चिकित्सा शास्त्र में होता आ रहा है, जहां इसे सोने से पहले पीने की सलाह दी जाती थी। लेकिन आजकल हेल्थ एंथूजियास्ट्स के बीच ये काफी चलन में है। यह ड्रिंक न केवल नींद को सुधारता है, बल्कि शरीर को आराम भी देता है। मून मिल्क में कैल्शियम,एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण, प्रोटीन सहित कई जरूरी विटामिन और मिनरल्स होते हैं, जो पूरे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।



### नींद को बेहतर बनाने में सहायक

ट्रिप्टोफैन जैसे पोषक गुणों से भरपूर मून मिल्क नींद को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे रात में गहरी नींद आती है।

### तनाव में कमी

इंफ्लेमेटरी गुण तनाव और चिंता को कम करने में सहायक होते हैं, जिससे मानसिक शांति मिलती है।

### इम्यून सिस्टम को मजबूती

मून मिल्क में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं, जिससे शरीर में रोगों से इन्फेक्शन से बचा रहता है।

### पाचन में सुधार

मून मिल्क में मौजूद अदरक और हल्दी जैसे पोषक तत्व पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं और पेट की समस्याओं से राहत देते हैं।

### त्वचा की चमक

इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन हेल्थ को बेहतर बनाते होते हैं और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करते हैं।

### पोषण की कमी दूर होती है

यह दूध, प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम और अन्य जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने और शरीर को ऊर्जा देने में मदद करता है।

### मून मिल्क बनाने की विधि

मून मिल्क बनाने के लिए, एक कप दूध को मध्यम आंच पर गर्म करें। अब इसमें 1/2 चम्मच पिसी हुई हल्दी, 1/2 चम्मच दालचीनी,द छोटा चम्मच अश्वगंधा, दो चुटकी इलायची पाउडर, एक चुटकी जायफल पाउडर , एक चुटकी काली मिर्च पाउडर, एक छोटा चम्मच नारियल तेल और 1/2 इंच अदरक (कद्दूकस किया हुआ) डालें। इसे 5-7 मिनट तक उबालें, जिससे सभी स्वाद और गुण अच्छे से मिक्स हो जाएं। आखिर में स्वाद के अनुसार 1 चम्मच शहद मिलाएं। सोने से पहले गर्मागर्म ही इसे पिएं।